अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर बिन ख़त़्त़ाब رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने कुछ लोगों को मस्जिद में कारोबार की बातें करते सुना तो फ़रमाया : येह मस्जिदें **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के ज़िक्र के लिये बनाई गई हैं, अगर तुम्हें अपनी तिजारत की या दुन्या की बातें करनी हों तो बक़ीअ़ की त़रफ़ निकल जाओ ।[3]

आठवीं निय्यत

मस्जिद जाने वाला दुन्या से आख़िरत, ख़्वाहिश की तिजारत से तक़्वा की तिजारत, ख़सारे वाले बाज़ार से रह़मतो रिज़्वान के बाज़ार और दुन्यवी दोस्तों से उख़रवी दोस्तों की त़रफ़ जल्द जाने की निय्यत करे । **अल्लाह** तआ़ला इरशाद फ़रमाता है :

فَفِرُّوْٓا اِلَى اللّٰهِ ؕ (پ۲۷، الذّٰریٰت:۵۰)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *तो* ***अल्लाह*** *की त़रफ़ भागो ।*

नीज़ इरशादे बारी तआ़ला है :

---

❶...علم القلوب، باب نية الاختلاف فی المسجد، ص ۱۹۲

❷...مستدرک، کتاب الرقاق، باب من استحيى من اللّٰہ حق...الخ، ۵/ ۴۲۱، حدیث: ۷۹۸۶، بتغیر قلیل

❸...تاریخ مدینة لابن شبة، باب ما کرہ من رفع الصوت...الخ، ۱/ ۳۴

وَمَنۡ دَخَلَهٗ كَانَ اٰمِنًا ؕ (پ۴، اٰلِ عمرٰن:۹۷)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और जो इस में आए अमान में हो ।*

ख़त़रात और हलाकतों से मह़फ़ूज़ कौन ?

बा'ज़ मुफ़स्सिरीन ने इस की तफ़्सीर में फ़रमाया : यहां मुराद मस्जिदें हैं । एक क़ौल के मुत़ाबिक़ इस से मुराद मक्का और ह़रम शरीफ़ है । एक क़ौल येह है कि इस से मुराद जन्नत है और बन्दा ख़त़रात और हलाकतों से उस वक़्त तक नजात नहीं पा सकेगा जब तक जन्नत में न पहुंच जाए ।(1)

बेहतरीन जगहें और बेहतरीन लोग

हु़ज़ूर नबिय्ये रह़मत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने आ़लीशान है : सब से बेहतरीन जगहें मस्जिदें हैं और सब से बेहतरीन लोग इन्हें आबाद करने वाले वोह बन्दे हैं जो मस्जिदों में दाख़िल सब से पहले होते हैं और निकलते सब से आख़िर में हैं ।(2)

इब्लीस के फ़ितने से मह़फ़ूज़

बा'ज़ उ़लमाए किराम ने इस फ़रमाने बारी तआ़ला :

وَمَنۡ دَخَلَهٗ كَانَ اٰمِنًا ؕ (پ۴، اٰلِ عمرٰن:۹۷)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और जो इस में आए अमान में हो ।*

की तफ़्सीर में फ़रमाया : एक क़ौल के मुत़ाबिक़ यहां मुराद मस्जिदें हैं कि जो इन में दाख़िल हो जाता है वोह इब्लीस और उस के लश्कर के

❶...علم القلوب، باب نیۃ الاختلاف فی المسجد، ص ۱۹۳

❷...العظمۃ، ذکر حجب ربنا تبارک وتعالٰی، ص ۱۰۴، حدیث: ۲۶۹

फ़ितने से मह़फ़ूज़ हो जाता है और वोह अब उस बन्दे को गुनाह में मुब्तला कर के हलाकत में नहीं डाल सकते और बन्दे के मस्जिद में दाख़िले के बा'द ला'नती शैत़ान वस्वसा डालने के इ़लावा कुछ नहीं कर पाता।(1)

लिहाज़ा बन्दा अगर इन सब को दूर कर के जल्द मस्जिद पहुंच जाए तो उसे बड़ी कामयाबी ह़ासिल हो जाएगी।

मोमिन को शैत़ान से बचाने वाले क़ल्ए

मन्क़ूल है कि मोमिन को शैत़ान से बचाने वाले चार क़ल्ए हैं : (1) मस्जिदें (2) ग़ौरो फ़िक्र के साथ तिलावते क़ुरआने करीम (3) नमाज़ (4) दुन्या से बे रग़बत आ़लिम के चेहरे की ज़ियारत। ब वक़्ते वस्वसा सब से बेहतर इ़लाज ग़ौरो फ़िक्र के साथ तिलावत करना है क्यूंकि ग़ौरो फ़िक्र के बिग़ैर कुछ पढ़ना ज़ियादा मुफ़ीद नहीं होता।

किसी दाना (अ़क़्ल मन्द) का क़ौल है कि जब बन्दा मस्जिद से निकल कर अपना पाउं बाहर की ज़मीन पर रखता है तो दुन्या की ह़लावत उस के जिस्म में मौजूद 360 रगों में फैल जाती है जैसा कि सांप के डसने पर जिस्म में ज़हर फैल जाता है। येह बात कोई मा'रिफ़ते इलाही रखने वाला ही तुम पर वाज़ेह़ कर सकता है।(2)

मस्जिद जाने की निय्यतों का ख़ुलासा

(1).....मैं रब्बे जलील से उस के घर में मुलाक़ात करूंगा। (2)....वोह अ़ह्द ह़ासिल करूंगा जिस की बदौलत बारगाहे इलाही में बुज़ुर्गी और

❶...علم القلوب، باب نیۃ الاختلاف فی المسجد، ص ۱۹۳

❷...علم القلوب، باب نیۃ الاختلاف فی المسجد، ص ۱۹۳

शफ़ाअ़त करने वाला हो जाऊं। (3)....जिस इज़ाफ़ी इन्आ़म पर आख़िरत में अहले जन्नत ह़सरत करेंगे उसे ह़ासिल करूंगा। (4)....अपने मौला तआ़ला के घर जल्दी जाने, अज़ान के जवाब में तेज़ी और ह़क़्क़े ग़ुलामी की अदाएगी के लिये सबक़त ले जाने की कोशिश करूंगा। (5)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने ह़ज़रते आदम عَلَيْهِ السَّلَام की पुश्त से निकालते वक़्त जो अमानत लाज़िम की थी वोह उस तक पहुंचाऊंगा। (6)....अपनी नमाज़ से मस्जिद आबाद करूंगा (ताकि उन लोगों में से हो जाऊं जिन के ईमान की **अल्लाह** तआ़ला ने गवाही दी और जिन इन्आ़मात का **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने वा'दा फ़रमाया है उन के ह़ुसूल की निय्यत करे, यूं वोह अल्लाह वालों और उस के ख़ास बन्दों में से हो जाएगा।) (7)....नेकी की दा'वत दूंगा और बुराई से मन्अ़ करूंगा (ताकि **अल्लाह** तआ़ला के उन ख़ास बन्दों में से हो जाऊं जिन्हों ने रिज़ाए इलाही की त़लब में अपनी जानें बेच दीं।) (8)....दुन्या से आख़िरत और नफ़्सानी तिजारत से तक़्वा वाली तिजारत की त़रफ़ जल्द जाने की कोशिश करूंगा।

मस्जिद जाने की दुआ़

(9)....(मस्जिद की त़रफ़ जाने की दुआ़ पढ़ूंगा :)

اَللّٰهُمَّ اجْعَلْ فِیْ قَلْبِیْ نُوْرًا وَّفِیْ لِسَانِیْ

نُوْرًا وَّفِیْ سَمْعِیْ نُوْرًا وَّفِیْ بَصَرِیْ نُوْرًا وَّمِنْ فَوْقِیْ نُوْرًا وَّمِنْ تَحْتِیْ نُوْرًا وَّعَنْ یَّمِیْنِیْ نُوْرًا وَّ عَنْ شِمَالِیْ نُوْرًا وَّمِنْ اَمَامِیْ نُوْرًا وَّمِنْ خَلْفِیْ نُوْرًا وَّاجْعَلْ فِیْ نَفْسِیْ نُوْرًا وَّاَعْظِمْ لِیْ نُوْرًا وَّ اجْعَلْ لِّیْ نُوْرًا وَّاجْعَلْنِیْ نُوْرًا، اَللّٰهُمَّ اَعْطِنِیْ نُوْرًا وَّاجْعَلْ فِیْ عَصَبِیْ نُوْرًا وَّفِیْ لَحْمِیْ نُوْرًا وَّ فِیْ دَمِیْ نُوْرًا وَّفِیْ شَعْرِیْ نُوْرًا وَّفِیْ بَشَرِیْ نُوْرًا، اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْاَلُكَ بِحَقِّ السَّائِلِیْنَ عَلَیْكَ وَ بِحَقِّ مَمْشَایَ هٰذَا اِلَیْكَ وَبِحَقِّ الرَّاغِبِیْنَ اِلَیْكَ فَاِنِّیْ لَمْ اَخْرُجْ اَشَرًّا وَّلَا بَطَرًا وَّلَا رِیَاءً وَّلَا سُمْعَةً وَّلٰكِنْ خَرَجْتُ اِتِّقَاءَ سُخْطِكَ وَابْتِغَاءَ مَرْضَاتِكَ اَنْ تُدْخِلَنِیَ الْجَنَّةَ وَتُبْعِدَنِیْ عَنِ النَّارِ

या'नी : ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मेरे दिल में नूर, मेरी ज़बान में नूर, मेरी समाअ़त में नूर, मेरी बसारत में नूर, मेरे ऊपर नूर, मेरे नीचे नूर, मेरे दाएं, नूर, मेरे बाएं नूर, मेरे आगे नूर और मेरे पीछे नूर कर दे। मेरी जान में नूर कर, मेरे नूर को बढ़ा, मेरे लिये नूर कर दे और मुझे नूर बना दे। ऐ मेरे परवर दगार عَزَّوَجَلَّ ! मुझे नूर अ़ता फ़रमा, मेरे पट्ठों में नूर, मेरे गोश्त में नूर, मेरे ख़ून में नूर, मेरे बालों में नूर और मेरी खाल में नूर कर दे।[1] ऐ मेरे मा'बूद عَزَّوَجَلَّ ! मैं तुझ से उस ह़क़ के तुफ़ैल सुवाल करता हूं जो मांगने वालों का तेरे ज़िम्मए करम पर है और तेरी त़रफ़ अपने इस चलने के ह़क़ और तेरी त़रफ़ रग़बत करने वालों के ह़क़ के तुफ़ैल तुझ से सुवाल करता हूं, मैं फ़साद व तकब्बुर और रियाकारी के लिये नहीं निकला और न ही इस लिये कि लोग सुन कर अच्छा जानें, बल्कि मैं तो तेरी नाराज़ी से बचने और तेरी ख़ुश्नूदी के ह़ुसूल के लिये निकला हूं कि तू मुझे जन्नत में दाख़िल फ़रमाना और जहन्नम से दूर रखना।[2]

मस्जिद में दाख़िले की दुआ़

(10)....(मस्जिद में दाख़िल होने की दुआ़ पढ़ूंगा :)

اَعُوْذُبِاللّٰهِ الْعَظِيْمِ وَبِوَجْهِهِ الْكَرِيْمِ وَسُلْطَانِهِ الْقَدِيْمِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ، بِسْمِ اللّٰهِ وَبِاللّٰهِ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى رَسُوْلِ اللّٰهِ، اَللّٰهُمَّ افْتَحْ لِيْ اَبْوَابَ رَحْمَتِكَ

या'नी : मैं अ़ज़मत वाले अल्लाह عَزَّوَجَلَّ उस की करीम ज़ात और उस की

1...مسلم، کتاب صلاۃ المسافرین، باب الدعاء فی صلاۃ اللیل وقیامہ، ص ۳۰۰ تا ۳۰۲، حدیث: ۱۷۸۸، ۱۷۹۴، ۱۷۹۷، ۱۷۹۹

مشکاۃ المصابیح، کتاب الصلاۃ، باب صلاۃ اللیل، ۱/ ۲۳۵، حدیث: ۱۱۹۵

2...ابن ماجہ، کتاب المساجد، باب المشی الی الصلاۃ، ۱/ ۴۲۸، حدیث: ۷۷۸

हमेशा वाली सल्तनत की पनाह में आता हूं शैतान मर्दूद से ।[1] अल्लाह के नाम से शुरूअ और अल्लाह के नाम के साथ और दुरूदो सलाम नाज़िल हो अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के रसूल صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم पर । ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मेरे लिये अपनी रह़मत के दरवाज़े खोल दे ।[2]

मस्जिद में बैठने की 12 निय्यतें

मस्जिद में बैठना दीन के अफ़्ज़ल तरीन कामों, परहेज़गारों के आ'माल और नेकूकारों के बुलन्द दरजात में से है और इस पर मुख़्लिस मोमिन ही कारबन्द रहते हैं । जैसा कि

मोमिनीन के बाग़ात

मरवी है कि "मसाजिद मोमिनों के बाग़ात हैं और मुनाफ़िक़ मस्जिद में ऐसे होता है जैसे पिन्जरे में परिन्दा क़ैद होता है ।"[3]

और जैसा कि किसी अ़क़्ल मन्द ने फ़रमाया : ख़ल्वत नशीनी में सब्र करना इख़्लास वालों की ख़ूबियों में से है और येह राहे रास्त पर क़ाइम रहने की निशानी है ।[4]

बन्दए मोमिन को चाहिये कि जब वोह मस्जिद में बैठे तो इस बैठने में 12 मुस्तह़ब निय्यतें कर ले ताकि उस के लिये हर निय्यत के इ़वज़ भरपूर अज्र लिखा जाए और उसे अ़ज़ीम सवाब अ़ता किया जाए और वोह इस के ज़रीए़ बड़ी कामयाबी ह़ासिल कर ले क्यूंकि आ'माल का मदार निय्यतों पर है और हर शख़्स को वोही मिलेगा जिस की उस ने निय्यत की होगी ।

---

1 ...ابو داود، کتاب الصلاۃ، باب فیما یقولہ الرجل عند دخولہ المسجد، ۱/ ۱۹۹، حدیث: ۴۶۶

2 ...ابن ماجہ، کتاب المساجد، باب الدعاء عند دخول المسجد، ۱/ ۴۲۵، حدیث: ۷۷۱، بتغیر قلیل

3 ...علم القلوب، باب النیۃ فی جلوس العبد فی المساجد والقعود فیھا، ص ۱۹۴

4 ...علم القلوب، باب النیۃ فی جلوس العبد فی المساجد والقعود فیھا، ص ۱۹۴

पहली निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला निय्यत करे कि वोह जमाअ़त के साथ नमाज़ पढ़ेगा और जमाअ़त की हिफ़ाज़त करेगा यूं उसे अज्रो सवाब बढ़ कर मिलेगा जैसा कि

बा जमाअ़त नमाज़ पढ़ने की फ़ज़ीलत

हुज़ूर नबिय्ये रह़मत, शफ़ीए़ उम्मत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "आदमी का जमाअ़त के साथ नमाज़ पढ़ना अकेले नमाज़ पढ़ने से 27 दरजे ज़ियादा अज्र रखता है।"(1)

लिहाज़ा बन्दा मस्जिद में बैठने की बदौलत इस ज़ाइद सवाब के हुसूल की निय्यत कर ले।

ह़ज़रते सय्यिदुना अबू हुरैरा رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْه बयान करते हैं कि हुज़ूर नबिय्ये करीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने मिम्बरे अत़हर पर ख़ुत्बा दिया और येह आप का आख़िरी ख़ुत्बा था, इरशाद फ़रमाया : ऐ लोगो ! जिस ने पांचों नमाज़ों को उन के वक़्त में बा जमाअ़त अदा किया वोह साबिक़ीन के साथ पहले गुरौह में पुल सिरात़ से चमकती बिजली की त़रह़ गुज़र जाएगा और वोह क़ियामत में आएगा तो उस का चेहरा चौदहवीं के चांद की त़रह़ चमकता होगा और उसे हर दिन के इ़वज़ जिस में उस ने जमाअ़त की हिफ़ाज़त की होगी राहे ख़ुदा में शहीद होने वाले का अज्र दिया जाएगा।(2)

ह़ज़रते सय्यिदुना का'बुल अह़बार عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْغَفَّار फ़रमाते हैं : हम तौरैत शरीफ़ में येह लिखा हुवा पाते हैं कि जमाअ़त में बन्दे की नमाज़ का सवाब ह़ाज़िरीन की ता'दाद के बराबर बढ़ जाता है, अगर वोह एक हज़ार हों तो एक हज़ार दरजे अज्र ज़ियादा हो जाता है।(3)

1...بخاری، کتاب الاذان، باب فضل صلاۃ جماعۃ، ۱/ ۲۳۲، حدیث: ۶۴۵، مفہوماً

2...مسند حارث، کتاب الصلاۃ، باب فی خطبۃ قد کذبہا... الخ، ۱/ ۳۱۹، حدیث: ۲۰۵، مفہوماً

3...فتح الباری لابن رجب، کتاب الاذان، باب فضل صلاۃ الجماعۃ، ۶/ ۱۹، تحت الحدیث: ۶۴۷، بتغیر قلیل

बा जमाअ़त नमाज़ में चार ख़ूबियां हैं

हज़रते सय्यिदुना इमाम शा'बी عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْوَلِی फ़रमाते हैं : जमाअ़त से नमाज़ पढ़ने में चार ख़ूबियां हैं : (1)....सुन्नत का इत्तिबाअ़ (2)....सवाब की ज़ियादती (3).....सह्व (भूल) से बचाव और (4)....रियाकारी से छुटकारा।[1]

दूसरी निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला रसूले करीम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की मुवाफ़क़त की निय्यत करे जैसा कि मरवी है : "बेशक **अल्लाह** तआ़ला ने तुम्हारे नबी के लिये सुनने हुदा मुक़र्रर फ़रमाई हैं और सुनने हुदा पर इक्तिफ़ा फ़रमाया है, अगर तुम अपने घरों में नमाज़ पढ़ोगे जैसा कि येह पीछे रह जाने वाला पढ़ता है तो तुम ज़रूर अपने नबी की सुन्नत छोड़ने वाले होगे और लाज़िमी गुमराह हो जाओगे।"[2]

सुन्नत पर अ़मल का सवाब

हुज़ूर ताजदारे रिसालत صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : जिस ने मेरी सुन्नतों में से एक सुन्नत को ज़िन्दा किया मैं बरोज़े क़ियामत उस की शफ़ाअ़त करूंगा।[3]

तर्के सुन्नत का वबाल

हुज़ूर रह़मते आ़लम, नूरे मुजस्सम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم इरशाद फ़रमाते हैं कि मदीनए मुनव्वरा का एक फ़िरिश्ता रोज़ाना यूं पुकारता है : जिस ने

---

1 ...علم القلوب، باب النية فی جلوس العبد فی المساجد و القعود فیها، ص ۱۹۴

2 ...مسلم، کتاب المساجد، باب صلاة الجماعة من سنن الھدی، ص ۲۵۷، حدیث: ۱۴۸۸، قول: ابن مسعود

3 ...ترمذی، کتاب العلم، باب ماجاء فی الاخذ بالسنة... الخ، ۴/ ۳۰۹، حدیث: ۲۶۸۷، دون قوله شفیعه یوم القیامة

रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की सुन्नत छोड़ी वोह क़ियामत के दिन उन की शफ़ाअ़त से महरूम रहेगा।[1]

तीसरी निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला मुसलमानों के मजमअ़ में इज़ाफ़े की निय्यत करे ताकि उसे बड़ा फ़ज़्ल हासिल हो और वोह भी उन्ही में से एक फ़र्द शुमार हो और येह कि वोह मुन्तख़ब बन्दों में से हो जाए। जैसा कि रसूले मुकर्रम, नबिय्ये मोहतरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : مَنْ كَثَّرَ سَوَادَ قَوْمٍ فَهُوَ مِنْهُمْ या'नी जो किसी क़ौम का मजमअ़ बढ़ाए वोह उन्ही में से है।[2]

यूं ही हुज़ूर इमामुल अम्बियाए वल मुर्सलीन صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : तुम पर मुसलमानों के बड़े गुरौह के साथ रहना लाज़िम है क्यूंकि भेड़िया रेवड़ से अलग और भागी हुई भेड़ को ही पकड़ता है।[3]

ख़ुशबख़्तों की मजलिस

एक रिवायत में है : मसाजिद में ज़िक्र की मजालिस वालों के लिये **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है : ऐ मेरे फ़िरिश्तो ! هُمُ الْقَوْمُ لَا يَشْقٰى بِهِمْ جَلِيْسُهُمْ या'नी येह वोह लोग हैं जिन के साथ बैठने वाला भी बद बख़्त नहीं रहता।[4]

---

1 ...فضائل بیت المقدس، باب فی قول الملائکۃ الموکلین بالمساجد الثلاثۃ، ص۴۶، بتغیر قلیل

2 ...الزھد لابن مبارک، نعیم بن حماد فی نسختہ زائدا، باب استماع اللھو، ص۱۲، حدیث: ۴۲

3 ...ابن ماجہ، کتاب الفتن، باب السواد الاعظم، ۴/ ۳۲۷، حدیث: ۳۹۵۰، دون قولہ فان الذئب... الخ

نسائی، کتاب الامامۃ، باب التشدید فی ترک الجماعۃ، ص۱۴۷، حدیث: ۸۴۴، بتغیر قلیل

4 ...مسلم، کتاب الذکر والدعاء، باب فضل مجالس الذکر، ص۱۱۰۸، حدیث: ۶۸۳۹، بتغیر قلیل

चौथी निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला एक नमाज़ के बा'द दूसरी नमाज़ के इन्तिज़ार के लिये वहां जमे रहने की निय्यत करे जैसा कि दर्जे ज़ैल फ़रमाने बारी तआ़ला की तफ़्सीर में मन्क़ूल है। चुनान्चे,

अल्लाह तआ़ला इरशाद फ़रमाता है :

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اصْبِرُوْا وَصَابِرُوْا وَرَابِطُوْا ۟ وَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ۝۲۰۰

(پ۴، اٰلِ عمرٰن: ۲۰۰)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *ऐ ईमान वालो सब्र करो और सब्र में दुश्मनों से आगे रहो और सरहद पर इस्लामी मुल्क की निगहबानी करो और* **अल्लाह** *से डरते रहो इस उम्मीद पर कि कामयाब हो।*

एक क़ौल के मुताबिक़ इस आयत में मज़कूर लफ़्ज़ "رَابِطُوْا" से मुराद मस्जिदों में एक नमाज़ के बा'द दूसरी नमाज़ के इन्तिज़ार के लिये जमे रहना है।[1]

ख़ताएं मुआ़फ़ और दरजात बुलन्द हों

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के महबूब, दानाए ग़ुयूब صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : क्या मैं तुम्हें उस चीज़ के बारे में न बताऊं जिस के सबब **अल्लाह** करीम ख़ताओं को मुआ़फ़ फ़रमाता और दरजात को बुलन्द फ़रमाता है। हज़राते सहाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان ने अ़र्ज़ की : क्यूं नहीं ! ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के रसूल صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم। इरशाद फ़रमाया : मसाजिद की त़रफ़ कसरत से जाना, मशक़्क़त के वक़्त वुज़ू करना और एक नमाज़ के बा'द दूसरी नमाज़ का इन्तिज़ार करना पस येही निगहबानी है, येही निगहबानी है।[2]

---

1 ...علم القلوب، باب النية فى جلوس العبد فى المساجد والقعود فيها، ص ۱۹۵

2 ...مسلم، كتاب الطهارة، باب فضل اسباغ الوضوء على المكاره، ص ۱۲۳، حديث: ۵۸۷، بتغير قليل

बड़ी निगहबानी

हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रहीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : एक नमाज़ के बा'द दूसरी नमाज़ का इन्तिज़ार करने वाला उस शहसुवार की त़रह़ है जिस ने राहे खुदा में अपने क़रीब घोड़ा बांध रखा हो, वोह जब तक कोई बात न करे या खड़ा न हो जाए आस्मानों के फ़िरिश्ते उस पर दुरूद (रह़मत) भेजते रहते हैं और येह बड़ी निगहबानी में मश्ग़ूल है।[1]

पांचवीं निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला अपने कान, आंखों, ज़बान और दीगर आ'ज़ा को ममनूआ़ चीज़ों से बचाने की निय्यत करे और मस्जिद में बैठने से रुहबानिय्यत (इबादत व रियाज़त में मुबालग़ा करने और लोगों से दूर रहने) की निय्यत करे। जैसा कि

इस उम्मत की रुहबानिय्यत

ह़दीस शरीफ़ में आया है कि ह़ज़रते सय्यिदुना उ़स्मान बिन मज़ऊ़न رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْه ने बारगाहे रिसालत में ह़ाज़िर हो कर अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ! मेरा नफ़्स मुझे जिस चीज़ की त़रफ़ बुलाता है और जिस बात का हुक्म देता है उस की वज्ह से ज़मीन मेरे लिये तंग हो गई है। आप صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इस्तिफ़्सार फ़रमाया : तुम्हारा नफ़्स तुम्हें किस बात का हुक्म देता है ? अ़र्ज़ की : येह मुझे रुहबानिय्यत (सब से अलग थलग रहने) का हुक्म देता है। तो अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के प्यारे ह़बीब, ह़बीबे लबीब صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : ऐ उ़स्मान ! इस बात को

[1] ...مسند احمد، مسند ابی ھریرۃ، ۳/ ۲۶۷، حدیث: ۸۶۳۳

रहने दो क्यूंकि मेरी उम्मत की रुहबानिय्यत एक नमाज़ के बा'द दूसरी नमाज़ का इन्तिज़ार करना है।[1]

एक रिवायत में यूं है कि हज़रते सय्यिदुना उ़स्मान बिन मज़ऊ़न رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ के बेटे का इन्तिक़ाल हो गया तो वोह घर में बैठ रहे और अपने लिये एक कमरा मख़्सूस कर लिया और मस्जिद की ह़ाज़िरी तर्क कर दी। हुज़ूर नबिय्ये रह़मत, शफ़ीए़ उम्मत صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने उन्हें ग़ाइब पाया तो बुलवा कर इरशाद फ़रमाया : ऐ उ़स्मान ! क्या तुम जानते हो कि बेशक अल्लाह तआ़ला ने मेरी उम्मत पर रुहबानिय्यत को ह़राम कर दिया है और मेरी उम्मत की रुहबानिय्यत मस्जिदों में बैठना है।[2]

हज़ार रक्अ़त नफ़्ल पढ़ने से अफ़्ज़ल

ह़ज़रते सय्यिदुना अनस رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से मरवी है कि बारगाहे रिसालत में अ़र्ज़ की गई : ग़ीबत का तर्क ज़ियादा पसन्दीदा है या हज़ार रक्अ़त (नफ़्ल) नमाज़ पढ़ना ? इरशाद फ़रमाया : ग़ीबत का छोड़ना हज़ार रक्अ़त नमाज़ पढ़ने से अफ़्ज़ल है।[3]

छटी निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला बाहर निकलने तक मस्जिद में ए'तिकाफ़ की निय्यत करे।

बे शुमार सवाब

ह़ज़रते सय्यिदुना अनस बिन मालिक رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ फ़रमाते हैं : एक अ़मल ऐसा भी है जिस का सवाब शुमार से बाहर है और वोह ए'तिकाफ़

1...امالی ابن بشران، مجلس فی صفر من السنة المذکورة، ۲/ ۳۳۵، حدیث: ۱۶۳۶، بتغیر قلیل

2...معرفة الصحابة، رقم ۲۰۱۵، عثمان بن مظعون، ۳/ ۳۶۶، حدیث: ۴۹۴۱، بتغیر قلیل

3...تنبیہ الغافلین، باب النفقة علی العیال، ص۱۸۸، حدیث: ۴۸۴، الف رکعة بدلہ عشرة آلاف

है और रसूले मुकर्रम, नबिय्ये मोहतरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم रमज़ान शरीफ़ के आख़िरी 10 दिनों का ए'तिकाफ़ फ़रमाया करते थे।[1]

हिकायत : मग़्फ़िरत करवा कर ही उठूंगा

मन्क़ूल है कि एक शख़्स किसी मस्जिद में दाख़िल हुवा, वहां एक दुरवेश व नेक आदमी को ए'तिकाफ़ की हालत में देखा तो पूछा : आप इस वक़्त यहां क्यूं बैठे हैं ? उन्हों ने फ़रमाया : मुझ से घरवाले की ना फ़रमानी हो गई तो मैं ने उस के घर में बैठने को लाज़िम कर लिया और येह अ़ह्द कर लिया है कि वोह जब तक मेरी मग़्फ़िरत नहीं फ़रमा देगा मैं यहां से नहीं निकलूंगा।[2]

यूं ही एक शख़्स किसी मस्जिद में गया तो वहां एक दुरवेश को ए'तिकाफ़ में देख कर पूछा : आप यहां क्यूं बैठे हैं ? तो उन्हों ने फ़रमाया : उस ने मुझे अपने दरवाज़े पर बुलवाया तो मैं आ गया, अब मैं हुज़ूरी की इजाज़त का इन्तिज़ार कर रहा हूं।[3]

सातवीं निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला निय्यत करे कि "अगर मुयस्सर आया तो इल्म हासिल करूंगा और ज़िक्र के हल्क़े में शिर्कत करूंगा।" ताकि उसे बड़ा सवाब हासिल हो। जैसा कि

राहे ख़ुदा में जिहाद करने वाले की मिस्ल

हदीसे पाक में आया है कि रसूले अकरम, शफ़ीए आ'ज़म صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : जो शख़्स अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के

1 ...ابن ماجہ، کتاب الصیام، باب فی المعتکف یزورہ اھلہ فی المسجد، ۲/ ۳۶۳، حدیث: ۱۷۷۹

2 ...علم القلوب، باب النیۃ فی جلوس العبد فی المساجد والقعود فیھا، ص ۱۹۶

3 ...علم القلوب، باب النیۃ فی جلوس العبد فی المساجد والقعود فیھا، ص ۱۹۶

जि़क्र के लिये सुब्ह़ को मस्जिद गया वोह राहे ख़ुदा में जिहाद करने वाले की त़रह़ है।[1]

पांचवें न बनना

मुअ़ल्लिमे काएनात صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : आ़लिम बनो या त़ालिबे इ़ल्म या आ़लिम की बात सुनने वाले बनो या इन से मह़ब्बत करने वाले और पांचवें न बनना कि हलाक हो जाओगे।[2]

साल भर की इ़बादत से ज़ियादा पसन्दीदा

सरवरे कौनैन, शहनशाहे दारैन صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم इरशाद फ़रमाते हैं : आ़लिम के पास घड़ी भर बैठना **अल्लाह** तआ़ला को एक साल की इ़बादत से ज़ियादा पसन्द है जिस में वोह पलक झपकने की मिक़्दार भी **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ना फ़रमानी न करे।[3]

इ़ल्म की मह़फ़िल गोया रसूलुल्लाह की मह़फ़िल है

मरवी है कि "जिस ने इ़ल्म की मजलिस को पाया गोया उस ने मेरी मजलिस को पाया और जिस ने मेरी मजलिस को पाया बरोज़े क़ियामत उस के लिये किसी अ़ज़ाब की सख़्ती नहीं होगी।"[4]

सायए अ़र्श में रहने वाले

ह़ज़रते सय्यिदुना अबू हुरैरा رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ से मरवी है कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ क़ियामत के दिन इरशाद फ़रमाएगा :

---

1 ...حلیۃ الاولیاء، کعب الاحبار، ٦/ ١٢، حدیث: ٧٦٥٥، بتغیر قلیل

2 ...حلیۃ الاولیاء، مسعر بن کدام، ٧/ ٢٧٧، حدیث: ١٠٥١٣، بتغیر قلیل

3 ...مسند فردوس، ١/ ٣٢٨، حدیث: ٢٣٩٧، بتغیر

منهاج العابدین، الباب الاول، العقبۃ الاولی وھی عقبۃ العلم، ص ١١، بتغیر

4 ...علم القلوب، باب النیۃ فی جلوس العبد فی المساجد و القعود فیها، ص ١٩٦

اَیْنَ الْمُتَحَابُّوْنَ بِجَلَالِیْ اَلْیَوْمَ اُظِلُّھُمْ فِیْ ظِلِّیْ لَاظِلَّ اِلَّاظِلِّیْ

या'नी कहां हैं मेरी इज़्ज़तो जलाल की वज्ह से बाहम महब्बत करने वाले, आज मैं उन्हें अपने अ़र्श के साए में रखूंगा कि मेरे अ़र्श के साए के इलावा कोई साया नहीं।[1]

सय्यिदुना अबू ताालिब मक्की عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللہِ الْوَلِی फ़रमाते हैं : ह़दीस शरीफ़ में "بِجَلَالِیْ" से मुराद है "मेरे एह़तिरामो इकराम और ता'ज़ीम की वज्ह से बाहम महब्बत करने वाले" मत़लब येह है कि वोह लोग मेरी इत़ाअ़त में एक दूसरे की मदद करते हैं, मेरी महब्बत में बाहम उल्फ़त रखते हैं और मेरी ही ख़ात़िर एक दूसरे से महब्बत करते हैं और ऐसा इस लिये है कि मैं इन चीज़ों को महबूब रखता हूं और मैं ने बन्दे के इस अ़मल को बड़ा और बुलन्द रुत्बा कर दिया।[2]

बुलन्द दरजा चाहते हो तो....!

हुज़ूर नबिय्ये रह़मत, शफ़ीए़ उम्मत صَلَّی اللہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم इरशाद फ़रमाते हैं : **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये बाहम महब्बत करो और **अल्लाह** तआ़ला के लिये भाई बनो क्यूंकि जो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये किसी का भाई बनता है **अल्लाह** तआ़ला उसे इतना बुलन्द दरजा अ़त़ा फ़रमाता है जिस तक उस का कोई अ़मल भी नहीं पहुंच सकता।[3]

नेक दोस्त से बेहतर कोई चीज़ नहीं

अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूके़ आ'ज़म

❶...مسلم، کتاب البر والصلۃ، باب فی فضل الحب فی اللہ، ص۱۰۶۵، حدیث: ۲۵۶۸

❷...علم القلوب، باب النیۃ فی جلوس العبد فی المساجد والقعود فیھا، ص۱۹۷

❸...قوت القلوب، الفصل الرابع والاربعون فی الاخوۃ فی اللہ...الخ، ۲/ ۳۶۰، بتغیر

رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ फ़रमाते हैं : दीने इस्लाम के बा'द बन्दे को नेक दोस्त से बेहतर कोई चीज़ नहीं दी गई ।(1)

रसूले पाक صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم का फ़रमाने ज़ीशान है : **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ जिस के साथ भलाई का इरादा फ़रमाता है उसे नेक व सालेह़ दोस्त अ़त़ा फ़रमा देता है, अगर वोह (इ़बादत वग़ैरा) भूल जाए तो येह उसे याद दिलाता है और अगर वोह याद रखे तो येह उस की मदद करता है ।(2)

ह़िकायत : क्या वोह हमें अ़ज़ाब देगा ?

ह़ज़रते सय्यिदुना साबित बुनानी قُدِّسَ سِرُّہُ النُّورانی फ़रमाते हैं : हम अ़रफ़ात के एक पहाड़ के पास ठहरे हुए थे कि दो नौजवान आए जिन्हों ने बिग़ैर आस्तीन वाले जुब्बे पहने हुए थे, उन में से एक ने दूसरे से कहा : ऐ मह़बूब । दूसरे ने जवाब दिया : ऐ मुह़िब ! मैं ह़ाज़िर हूं । पहले ने कहा : आप क्या कहते हैं कि हम जिस की ख़ातिर एक दूसरे से मह़ब्बत करते हैं क्या वोह हमें अ़ज़ाब देगा ? ह़ज़रते सय्यिदुना साबित बुनानी قُدِّسَ سِرُّہُ النُّورانی फ़रमाते हैं : उस वक़्त मैं ने हातिफ़े ग़ैबी से एक आवाज़ सुनी कि "हां ! वोह ऐसा नहीं करेगा ।"(3)

आठवीं निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला येह निय्यत करे कि शायद **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ख़ातिर किसी मुसलमान भाई से अचानक मुलाक़ात हो जाए और उस से फ़ाएदा उठाया जाए कि वोह दुन्या की ज़िन्दगी में उसे नफ़्अ़ दे और मरने के बा'द **अल्लाह** तआ़ला की बारगाह में उस की शफ़ाअ़त करे ।

1 ...شعب الایمان، باب فی حقوق الاولاد و الاھلین، ۶/ ۴۱۶، حدیث: ۸۷۲۴، اخ صالح یدلہ امراۃ حسناء

2 ...احیاء العلوم، کتاب اداب الالفۃ والاخوۃ... الخ، الباب الاول فی فضیلۃ الالفۃ... الخ، ۲/ ۱۹۷

3 ...علم القلوب، باب النیۃ فی جلوس العبد فی المساجد والقعود فیھا، ص ۱۹۷

नवीं निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला बारगाहे इलाही से नुज़ूले रह़मत के इन्तिज़ार की निय्यत करे ताकि वोह भी उन में से हो जाए जिन्हें रह़मत ढांप लेती है।

महफ़िले ज़िक्र की बरकतें

रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم इरशाद फ़रमाते हैं : जो लोग **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ का ज़िक्र करने के लिये कहीं बैठते हैं तो रह़मत उन्हें ढांप लेती है और फ़िरिश्ते उन्हें घेर लेते हैं, **अल्लाह** तआ़ला अपने पास नूरी मख़्लूक़ में उन का ज़िक्र फ़रमाता है और एक पुकारने वाला उन्हें पुकार कर फ़रमाता है : बख़्शे हुए उठो, मैं ने तुम्हारे गुनाहों को नेकियों में तब्दील कर दिया है।[1]

मस्जिदें दारुल अमान हैं

हुज़ूर ताजदारे रिसालत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : मस्जिदें दारुल अमान हैं जहां उन्हें आबाद करने वाले अम्न में हैं, मस्जिदें मह़फ़ूज़ जगहें हैं जहां उन्हें आबाद करने वाले ह़िफ़ाज़त में हैं और मस्जिदें आराइश गाहें हैं जहां उन्हें आबाद करने वाले संवरते हैं और जब तक वोह मस्जिदों में होते हैं **अल्लाह** तआ़ला उन की ह़ाजतों को पूरा फ़रमाता और उन की ह़िफ़ाज़त फ़रमाता है।[2]

फ़िरिश्तों की दुआ़ का मुस्तह़िक़ कौन ?

सरवरे कौनैन, शहनशाहे दारैन صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم इरशाद फ़रमाते हैं : तुम में से कोई नमाज़ पढ़ कर जब तक उसी जगह बैठा रहता है तो

1 ...معجم کبیر، ۶/ ۲۱۲، حدیث: ۶۰۳۹، بتغیر قلیل

2 ...تفسیر قرطبی، پ۱۸، النور، تحت الآیۃ: ۳۶، ۱۲/ ۲۰۳

फ़िरिश्ते उस पर दुरूद भेजते रहते हैं और उस पर रह़मत नाज़िल होती है और जब तक उस का वुज़ू क़ाइम रहता है फ़िरिश्ते दुआ करते हैं : ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! इस पर रह़म फ़रमा। फिर अगर उस का वुज़ू टूट जाए तो अब नमाज़ क़बूल नहीं होगी यहां तक कि वुज़ू कर ले।[1]

दसवीं निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला निय्यत करे कि शायद वोह मुसलमान भाइयों से ह़या और उन की नफ़रत व बेज़ारी के ख़ौफ़ से गुनाहों को छोड़ दे। जैसा कि हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रह़ीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : अल्लाह عَزَّوَجَلَّ से ह़या कर जैसा कि तू अपनी क़ौम के नेक आदमी से ह़या करता है।[2]

किस की सोह़बत इख़्तियार की जाए ?

ह़ज़रते सय्यिदुना ईसा रूहुल्लाह عَلٰى نَبِيِّنَا وَعَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام ने इरशाद फ़रमाया : ऐसे बन्दे के पास बैठो जिस की ज़ियारत तुम्हें अल्लाह तआ़ला की याद दिलाए, जिस की गुफ़्तगू तुम्हारे अ़मल में इज़ाफ़ा करे और जिस का अ़मल तुम्हें आख़िरत की रग़बत दे।[3]

ह़ज़रते सय्यिदुना ह़ातिम असम عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْاَكْرَم फ़रमाते हैं : तुम पर ऐसे शख़्स की सोह़बत लाज़िम है कि जब तुम उसे देखो तो तुम्हारे दिल

1...بخاری، کتاب الصلاۃ، باب الصلاۃ فی مسجد السوق، ۱/ ۱۸۰، حدیث: ۴۷۷، بتغیر قلیل
المغنی، کتاب الطہارۃ، باب ماینقض الطہارۃ، مسالۃ والارتداد عن الاسلام، ۱/ ۲۳۸
2...معجم الصحابۃ، سعید بن یزید الازدی، ۳/ ۸۱، حدیث: ۹۸۰
3...العقد الفرید، کتاب الزمردۃ فی المواعظ والزھد، مواعظ الانبیاء علیھم السلام، ۳/ ۸۵، بتغیر قلیل

पर उस की हैबत त़ारी हो जाए, उस की ज़ियारत तुम्हें बीवी बच्चे भुला दे और जब तक तुम उस के कुर्ब में रहो तो अपने मौला तआ़ला की ना फ़रमानी न करो।[1]

एक साहि़बे मा'रिफ़त बुजुर्ग फ़रमाते हैं : मैं नेक बन्दे से उसी त़रह़ ह़या करता हूं जैसे अल्लाह عَزَّوَجَلَّ से ह़या करता हूं।[2]

जिस से फ़िरिश्ते भी ह़या करें

(एक त़वील ह़दीसे पाक में) मरवी है कि जब ह़ज़रते सय्यिदुना उ़स्मान बिन अ़फ़्फ़ान رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ बारगाहे रिसालत में ह़ाज़िर हुए तो हु़ज़ूर ताजदारे मदीना صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने अपनी पिन्डली मुबारक छुपा ली जब कि उस वक़्त बारगाहे आ़ली में ह़ज़रते सय्यिदुना अबू बक्र सिद्दीक़, ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़ (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا) ह़ाज़िर थे और पिन्डली शरीफ़ खुली हुई थी। जब आप से इस अ़मल के बारे में अ़र्ज़ की गई तो इरशाद फ़रमाया : क्या मैं उस शख़्स से ह़या न करूं जिस से फ़िरिश्ते भी ह़या करते हैं।[3]

ग्यारहवीं निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला अ़ज़ाबे इलाही से छुटकारे की निय्यत करे, यूं वोह अपनी उम्मीदों में कमी करने वाला और अपनी दुन्यावी ज़िन्दगी की ता'मीर व तरक़्क़ी से बे रग़बत होगा और इस ह़ालत में वोह साहि़बे फ़ज़ीलत होगा।

❶... علم القلوب، باب النیۃ فی جلوس العبد فی المساجد و القعود فیھا، ص ۱۹۸

❷... علم القلوب، باب النیۃ فی جلوس العبد فی المساجد و القعود فیھا، ص ۱۹۸

❸... مسلم، کتاب فضائل الصحابۃ، باب من فضائل عثمان بن عفان، ص ۱۰۰۴، حدیث: ۲۴۰۹

मसाजिद में बैठने की बरकात

हज़रते सय्यिदुना मालिक बिन दीनार عَلَيۡهِ رَحۡمَةُ اللّٰهِ الۡغَفَّار फ़रमाते हैं : "अगर आस्मान से कोई अ़ज़ाब नाज़िल हो तो मस्जिदों वाले उस से मह़फ़ूज़ रहेंगे।"(1)

मन्क़ूल है कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ का ज़िक्र करने वालों को मोहलिक अ़ज़ाब नहीं पहुंचते।(2)

बारहवीं निय्यत

मस्जिद में बैठने वाला **अल्लाह** तआ़ला के लिये बनाए गए दोस्तों से मुलाक़ात की निय्यत करे पस उस की मुलाक़ात **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये होगी और **अल्लाह** तआ़ला के घर में उसे देखना होगा तो यूं उसे **अल्लाह** करीम की बारगाह से सवाब मिलेगा। चुनान्चे,

70 हज़ार फ़िरिश्तों का साथ और दुआ़

मरवी है कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के प्यारे ह़बीब, ह़बीबे लबीब صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيۡهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने ह़ज़रते सय्यिदुना अबू रज़ीन उ़क़ैली رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنۡهُ से इरशाद फ़रमाया : क्या तुम जानते हो कि जब बन्दा अपने घर से **अल्लाह** तआ़ला की रिज़ा के लिये अपने मुसलमान भाई से मुलाक़ात करने जाता है तो 70 हज़ार फ़िरिश्ते उस के साथ चलते हैं और उस पर दुरूद (रह़मत) भेजते हुए दुआ़ करते हैं कि ऐ हमारे रब عَزَّوَجَلَّ ! इस ने तेरे लिये हुस्ने सुलूक किया तू भी इस के साथ अच्छा सुलूक फ़रमा।(3) तो अगर तुम अपने जिस्म को इस में लगा सकते हो तो ज़रूर लगाओ।

---

1 ...علم القلوب، باب النية فی جلوس العبد فی المساجد و القعود فیھا، ص ۱۹۸

2 ...علم القلوب، باب النية فی جلوس العبد فی المساجد و القعود فیھا، ص ۱۹۸

3 ...حلیة الاولیاء، ابو رزین، ۱/ ۴۴۹، حدیث: ۱۲۷۲، بتغیر قلیل

यहां हुज़ूर नबिय्ये करीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की रिज़ा के लिये मुसलमान भाई से मुलाक़ात का हुक्म दिया है।

महब्बते इलाही के मुस्तहिक़

हुज़ूर सरवरे कौनैन صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : **अल्लाह** तआ़ला इरशाद फ़रमाता है कि मेरी महब्बत उन बन्दों के लिये लाज़िम हो गई जो मेरे लिये एक दूसरे से मिलते, मेरी ख़ातिर बाहम महब्बत करते और मेरी वज्ह से ही एक दूसरे को कुछ देते हैं।[1]

नेकी करो अगर्चे मीलों सफ़र करना पड़े

एक रिवायत में है कि एक मील चल कर जाओ और किसी मुत्तक़ी इमाम के पीछे नमाज़ पढ़ो, दो मील चल कर जाओ और किसी मरीज़ की इयादत करो, तीन मील चल कर जाओ और किसी जनाज़े में शिर्कत करो, जहां ज़िक्रे इलाही हो उस इल्म की मजलिस में हाज़िरी के लिये चार मील तक चल कर जाओ, पांच मील चल कर जाओ और दो नाराज़ अफ़राद के माबैन सुल्ह़ कराओ और छ मील तक चल कर जाओ और रिज़ाए रब्बुल अनाम के लिये किसी मुसलमान भाई की ज़ियारत करो।[2][3]

अगर कोई आ़लिम हो और पहचान रखता हो तो उस के लिये बयान कर्दा तमाम निय्यतें एक ही अ़मल में जम्अ़ हो सकती हैं और उसे हर निय्यत के बदले अ़ज़ीम अज्र और बड़ा सवाब अ़ता होगा लिहाज़ा

1 ...مسند احمد، مسند انصار، ۸/ ۲۳۲، حدیث: ۲۲۰۶۳

2 ....या'नी मुस्तह़ब है कि त़वील सफ़र तै़ कर के भी इन आ'माल को बजा लाने की कोशिश करो कि मरीज़ की इयादत के लिये त़वील मसाफ़त तै़ करो और सुल्ह़ करवाने के लिये इस से दुगनी और मुसलमान भाई की ज़ियारत के लिये इस से भी दुगनी मसाफ़त तै़ करो।

(فیض القدیر، ۲/ ۲۴۶، تحت الحدیث: ۱۶۴۷)

3 ...حلیۃ الاولیاء، عطاء بن میسرۃ، ۵/ ۲۲۵، رقم: ۶۹۱۲، بتغیر

تاریخ بغداد، رقم ۵۸۵۶، عیسی بن الفیروزان، ۱۱/ ۱۶۳، بتغیر

ऐसा बन्दा जिसे अच्छी निय्यतों की बदौलत एक ही अ़मल में बहुत सारे अज्र ह़ासिल हो जाएं उस में और ऐसे बन्दे में बड़ा फ़र्क़ है जो निय्यत की दुरुस्ती भूल जाने के सबब कसीर आ'माल में एक भी अज्र ह़ासिल न कर पाए। तो ऐसे शख़्स की कोशिश राएगां जाती है और अ़मल ज़ाएअ़ हो जाता सिवाए येह कि **अल्लाह** करीम उसे अपनी रह़मत से नवाज़ दे। لَاحَوْلَ وَلَاقُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰه[1]

मस्जिद में बैठने की निय्यतों का ख़ुलासा

मस्जिद में बैठने वाला यूं निय्यतें करे : (1)....जमाअ़त के साथ नमाज़ पढूंगा और उस की मुह़ाफ़ज़त करूंगा। (2)....रसूले करीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की मुवाफ़क़त व इत्तिबाअ़ करूंगा। (3)....मुसलमानों के मजमअ़ में इज़ाफ़ा करूंगा। (4)....एक नमाज़ के बा'द दूसरी नमाज़ के इन्तिज़ार के लिये जमा रहूंगा। (5)....मस्जिद में बैठ कर अपने कान, आंख, ज़बान और दीगर आ'ज़ा को ममनूआ़त से बचाऊंगा और रुहबानिय्यत इख़्तियार करूंगा (या'नी इ़बादतो रियाज़त में मुबालग़ा करूंगा और लोगों से दूर रहूंगा)। (6)....मस्जिद से निकलने तक मस्जिद में ए'तिकाफ़ की निय्यत से रहूंगा। (7)....इ़ल्म ह़ासिल करूंगा ज़िक्र के ह़ल्क़ों में शरीक रहूंगा। (8)....येह निय्यत करता हूं कि शायद **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ख़ातिर किसी मुसलमान भाई से अचानक मुलाक़ात हो गई तो उस से फ़ाएदा उठाऊंगा ताकि वोह दुन्यावी ज़िन्दगी में नफ़्अ़ का सबब बने और बा'दे वफ़ात बारगाहे इलाही में मेरी शफ़ाअ़त करे। (9)....बारगाहे इलाही से नुज़ूले रह़मत का मुन्तज़िर रहूंगा। (10)....मुसलमान भाइयों से ह़या करते हुए और उन की नफ़रत व बेज़ारी के ख़ौफ़ से गुनाहों को तर्क करूंगा।

[1]...علم القلوب، باب النية فی جلوس العبد فی المساجد و القعود فیھا، ص۱۹۹

(11)....अ़ज़ाबे इलाही से छुटकारा ह़ासिल करूंगा ताकि उम्मीदों में कमी करने वाला बन जाऊं और दुन्यावी ज़िन्दगी की ता'मीर व तरक़्क़ी से बे रग़बत हो जाऊं। (12)....**अल्लाह** तआ़ला के लिये बनाए गए दोस्तों से मुलाक़ात करूंगा।

मस्जिद से निकलते वक़्त की दुआ़

(13)....मस्जिद से निकलते वक़्त येह दुआ़ पढ़ूंगा :

بِسْمِ اللّٰهِ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى رَسُوْلِ اللّٰهِ، اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُكَ مِنْ فَضْلِكَ، اَللّٰهُمَّ اعْصِمْنِیْ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ

या'नी **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के नाम से शुरूअ़ और **अल्लाह** तआ़ला के रसूल पर दुरूदो सलाम नाज़िल हो। ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मैं तुझ से तेरे फ़ज़्ल का सुवाल करता हूं। ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मुझे शैत़ान मरदूद से महफ़ूज़ रखना।[1]

मुसलमान भाइयों से मुलाक़ात की निय्यतें

रिज़ाए इलाही के लिये मुसलमान भाइयों से मुलाक़ात करना भी मोमिनों के लिये बाइ़से फ़ज़ीलत आ'माल में से है, लिहाज़ा बन्दे को चाहिये अपनी निय्यत को साफ़ सुथरा करे और यहां सात अच्छी और फ़ज़ीलत वाली निय्यतें जब कि पांच बुरी व मज़मूम निय्यतें हैं और पहचान रखने वाले पर लाज़िम है कि वोह अच्छी और बुरी निय्यतों को पहचाने ताकि बुरी से बच कर अच्छी की पैरवी करे। وَلَاحَوْلَ وَلَاقُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰه

मन्क़ूल है कि एक सूफ़ी बुज़ुर्ग ने अपने एक शागिर्द से पूछा : तुम कहां जाने का इरादा रखते हो ? अ़र्ज़ की : फ़ुलां शख़्स से मिलने का इरादा है। फ़रमाया : क्या तुम मुलाक़ात की आफ़त को जानते हो ? अ़र्ज़

1...تفسیر قرطبی، پ۱۸، النور، تحت الآیۃ: ۳۶، ۱۲/ ۲۱۰، بتغیر قلیل

مسلم، کتاب صلاۃ المسافرین وقصرھا، باب مایقول اذا دخل المسجد، ص ۲۸۱، حدیث: ۱۶۵۲

की : नहीं। फ़रमाया : जान लो कि जो अपने मुसलमान भाई से दर्जे ज़ैल पांच निय्यतों से मुलाक़ात करता है तो ऐसी मुलाक़ात अल्लाह عَزَّوَجَلَّ को पसन्द नहीं।(1)

मुलाक़ात की पांच आफ़तें और बुरी निय्यतें

पहली आफ़त

मुलाक़ात की पहली आफ़त व बुरी निय्यत येह है कि बन्दा खाने और ख़्वाहिश पूरी करने के लिये मुलाक़ात करे।

बुरा बन्दा

हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रहीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : वोह बन्दा बुरा है जिसे लालच चलाए और वोह बन्दा भी बुरा है जिसे ख़्वाहिश गुमराह कर दे।(2)

आख़िरी ज़माने में लोगों का ख़ुदा, दीन और ज़ेवर

हज़रते सय्यिदुना सहल رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं : आख़िरी ज़माने में कुछ ऐसे लोग निकलेंगे जिन के मा'बूद उन के पेट होंगे, जिन का दीन उन का लिबास होगा और जिन का ज़ेवर उन का कलाम होगा।(3)

हिकायत : रूह की ख़्वाहिश

एक दुरवेश ने रिज़ाए इलाही के लिये एक दोस्त से मुलाक़ात की, जब वोह बैठ गया तो दोस्त ने खाना पेश किया और खाने के लिये इसरार

---

❶...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص۲۰۵

❷...ترمذی، کتاب صفة القيامة، باب۱۷، ۴/ ۲۰۳، حديث: ۲۴۵۶

❸...قوت القلوب، الفصل الحادی والثلاثون، باب ذکر الفرق بين علماء الدنيا... الخ، ۱/ ۲۷۷، بتغير قليل

करने लगा, दुरवेश ने खाने से इन्कार करते हुए कहा : मैं रूह की ख़्वाहिश के सबब तुम से मुलाक़ात करने आया हूं, हवाए नफ़्स और पेट की ख़्वाहिश के सबब नहीं। चुनान्चे, उस ने खाना नहीं खाया।(1)

हिकायत : नफ़्स की गिज़ा पर रूह की गिज़ा को तरजीह

एक मुरीद ने अपने शैख़ से मुलाक़ात की ताकि उन से मा'रिफ़त के मुतअ़ल्लिक़ कुछ पूछे, मुरीद जब बैठ गया तो उसे खाना पेश किया गया, उस ने अ़र्ज़ की : शैख़ ! मैं इस खाने से ज़ियादा किसी और शै का मोह़ताज हूं और आप पर इस के इलावा कोई और चीज़ ज़ियादा लाज़िम है, हम ने आप से (तसव्वुफ़ के) किसी नुक्ते के लिये मुलाक़ात की है (खाने के) लुक़्मे के लिये आप की ज़ियारत नहीं की, अगर हमारी निय्यत खाने की होती तो येह तो हमें आप के इलावा किसी और से भी मिल जाता, हम तो आप के पास वोह शै लेने आए हैं जो हमें आप के इलावा किसी और से नहीं मिलती, नफ़्स की गिज़ा तो हम ने रात को ही खाई है मगर रूह की गिज़ा हमें 40 दिन से नहीं मिली ह़ालांकि रूह की गिज़ा हमें नफ़्स की गिज़ा से ज़ियादा मह़बूब व पसन्द है लिहाज़ा आप ज़ियादा पसन्दीदा शै से आग़ाज़ फ़रमाइये **अल्लाह** तआ़ला आप को इ़ज़्ज़त व बुज़ुर्गी से नवाज़े। क्यूंकि मैं ने आप को अपने मशाइख़ से येह फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم बयान करते सुना है कि "मोमिन वोही है जो अपने दीन को अपनी ख़्वाहिश पर तरजीह़ दे।"(2) शैख़ ने जवाब देते हुए फ़रमाया : तुम खाना खाओ, मैं

❶...علم القلوب، باب النية فی زیارۃ الاخوان، ص ۲۰۵

❷...السنة لعبد اللّٰہ بن احمد، سل عن الایمان والرد علی المرجئة...الخ، ۱/ ۳۷۴

तुम्हें खाने की फ़ज़ीलत और मुसलमान भाई की दा'वत क़बूल करने पर 14 ह़दीसें सुनाता हूं। मुरीद ने अ़र्ज़ की : या शैख़ ! जब खाने की फ़ज़ीलत पर 14 ह़दीसें हैं तो खाना न खाने की फ़ज़ीलत पर तो 24 ह़दीसें होंगी। चुनान्चे, उस ने खाना नहीं खाया।(1)

हिकायत : पेट को दीन का रास्ता न बनाओ

दुरवेशों के एक गुरौह ने किसी आ़लिम के घर का क़स्द किया, जब वोह उन के घर पहुंचे तो उन्हों ने उन के साथ बैठने से पहले ही खाना लाने का इशारा कर दिया, खाना पेश किया गया तो उन में से एक दुरवेश खड़ा हो गया। अ़र्ज़ की गई : कहां जाते हैं ? कहा : मेरी ह़ाजत तो खाने वाले से वाबस्ता है। दूसरों ने कहा : आप तशरीफ़ रखिये, हम फ़ारिग़ हो कर आप को और इन को मिला देते हैं। दुरवेश ने कहा : ऐसा हरगिज़ नहीं हो सकता कि मैं अपने पेट को अपने दीन का रास्ता बनाऊं।(2)

दूसरी आफ़त

मुलाक़ात की दूसरी आफ़त व बुरी निय्यत येह है कि बन्दा इ़ज़्ज़त के ह़ुसूल, दिखावे और फ़ख़्र व मुबाहात के लिये मुलाक़ात करे।

मन्क़ूल है कि ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ुज़ैल बिन इ़याज़ और ह़ज़रते सय्यिदुना सुफ़्यान सौरी (رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْهِمَا) की मुलाक़ात हुई, एक ने दूसरे को नसीह़त की तो दोनों रोने लगे, ह़ज़रते सय्यिदुना सुफ़्यान सौरी ने कहा : "मुझे उम्मीद है कि आज की इस मजलिस से ज़ियादा पसन्दीदा मजलिस

(1)...علم القلوب،باب النية فی زیارۃ الاخوان،ص ۲۰۵

(2)...علم القلوب،باب النية فی زیارۃ الاخوان،ص ۲۰۶

में हम पहले कभी नहीं बैठे।" ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ुज़ैल बिन इयाज़ رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه ने कहा : क्या आप अपने पास से अच्छे अच्छे अल्फ़ाज़ मुन्तख़ब कर के मुझ से बातें नहीं कर रहे और मैं भी अपने पास से अच्छी अच्छी बातें चुन कर आप से गुफ़्त्गू नहीं कर रहा था ? यूं हम दिखावा करने वाले हो गए।[1]

तीसरी आफ़त

मुलाक़ात की तीसरी आफ़त व बुरी निय्यत येह है कि बन्दा पहचान और मक़ाम व मर्तबे की ख़ातिर अपने भाई से मुलाक़ात को जाए ताकि वोह इस का इकराम व ता'ज़ीम करे।

ह़िकायत : कहीं मेरा सवाब ज़ाएअ़ न हो जाए

मन्क़ूल है कि सूफ़िया का एक गुरौह ह़ज़रते सय्यिदुना अबू अ़ली रूज़बारी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْبَارِى की ख़िदमत में ह़ाज़िर हुवा, उन में एक नौजवान भी था जिसे ह़ज़रत नहीं जानते थे तो आप ने लोगों से पूछा : येह नौजवान कहां से आया है, मैं इसे पहचानता नहीं हूं ? नौजवान ने अ़र्ज़ की : मैं ने आप को पहचान करवाने के लिये आप की ज़ियारत नहीं की बल्कि मैं ने आप से मुलाक़ात एक ऐसी हस्ती के इकराम व एह़तिराम के लिये की है जिस के साथ मेरी पिछले 30 साल से पहचान है। ह़ज़रते सय्यिदुना अबू अ़ली عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْوَلِى ने पूछा : तुम्हारा नाम क्या है ? अ़र्ज़ की : आप की पहचान ही मेरा नाम है, मुझे डर है कि कहीं मेरा येह सवाब ज़ाएअ़ न हो जाए। फिर आप ने अपने पास मौजूद खाना उसे पेश किया तो वोह नौजवान

[1]...علم القلوب،باب النية فی زيارة الاخوان،ص٢٠٦

खड़ा हो गया और कहने लगा : हमें तय्यिब के साथ ख़बीस को (या'नी आ'माल को बुरी निय्यतों के साथ) मिलाने से मन्अ़ किया गया है। इरशादे बारी तआ़ला है :

وَلَا تَتَبَدَّلُوا الْخَبِيْثَ بِالطَّيِّبِ ۪ (پ۴، النسآء:۲)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : और सुथरे के बदले गन्दा न लो। (1)

चौथी आफ़त

मुलाक़ात की चौथी आफ़त व बुरी निय्यत येह है कि बन्दा लोगों से ता'रीफ़ करवाने की ग़रज़ से अपने भाई से मुलाक़ात करे।

सच्चा इन्सान अपनी नेकियां छुपाता है

कहते हैं कि सच्चा इन्सान अपनी नेकियां छुपाता है जैसे दूसरा अपनी बुराइयां छुपाता है और उस को अपनी नेकियां क़बूल न होने का ख़ौफ़ इस दूसरे के बुराइयों की बख़्शिश न होने के ख़ौफ़ से ज़ियादा होता है।(2)

पांचवीं आफ़त

मुलाक़ात की पांचवीं आफ़त व बुरी निय्यत येह है कि बन्दा माल के हुसूल के लिये अपने मुसलमान भाई से मुलाक़ात करे।

हिकायत : मुरीदों की इस्लाह़ व तरबियत

मन्क़ूल है कि ह़ज़रते सय्यिदुना शैख़ शिब्ली عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْوَلِي के मुरीदीन में से बा'ज़ दुरवेशों की ह़ालत येह थी कि जब आप के पास वुस्अ़त व गुन्जाइश होती तो आप के साथ रहते और अगर तंगी होती तो छोड़ कर चले जाते। एक दिन आप ने इरशाद फ़रमाया : इन बे वुक़ूफ़ों को देखो, मैं

1 ...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص۲۰۶

2 ...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص۲۰۶

इन्हें **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये चाहता हूं और येह मुझे दुन्या और नफ़्स की ख़ातिर चाहते हैं। एक दिन आप तशरीफ़ फ़रमा थे कि एक मिस्री शख़्स हाज़िरे ख़िदमत हुवा जिस के पास 200 दीनार थे, उस ने वोह दीनार आप के सामने डाल दिये। दुरवेशों को पता चला तो वोह जल्दी से आप के पास पहुंच गए, जैसे ही वोह आप के घर में दाख़िल हुए तो आप समझ गए कि येह क्यूं आए हैं? पस आप खड़े हो गए और वोह दीनार उठा लिये और एक हमवार व तंग रास्ते दरियाए दिजला तक पहुंच गए और उस के कनारे खड़े हो कर दीनारों को अपनी हथेली पर रख कर बुलन्द किया और (दीनार दरिया में फेंकते हुए) येह आयते मुबारका तिलावत की :

وَانْظُرْ اِلٰۤى اِلٰهِكَ الَّذِیْ ظَلْتَ عَلَیْهِ عَاكِفًا ؕ لَنُحَرِّقَنَّهٗ ثُمَّ لَنَنْسِفَنَّهٗ فِی الْیَمِّ نَسْفًا ﴿۹۷﴾

(پ۱۶، طٰہٰ:۹۷)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और अपने उस मा'बूद को देख जिस के सामने तू दिन भर आसन मारे (पूजा के लिये बैठा) रहा क़सम है हम ज़रूर उसे जलाएंगे फिर रेज़ा रेज़ा कर के दरिया में बहाएंगे।*

फिर फ़रमाया : जो मुझे चाहता है मेरे पीछे चला आए और जो दीनारों को चाहता है वोह उन के पीछे चला जाए।(1)

हज़रते सय्यिदुना उ़मर बिन अ़ब्दुल अ़ज़ीज़ عَلَيْهِ رحمةُ اللّٰهِ الْعَزِيز फ़रमाते हैं : किसी की ऐसी मह़ब्बत से बच जो वोह तुझ से अपनी ह़ाजत के मुत़ाबिक़ करे क्यूंकि जब वोह अपनी ह़ाजत को कम करेगा तो मह़ब्बत ख़त्म हो जाएगी।(2)

---

1 ...علم القلوب، باب النية فی زیارة الاخوان، ص۲۰۶

2 ...قوت القلوب، الفصل الرابع والاربعون، فی الاخوة فی اللّٰہ والصحبة...الخ، ۲/ ۳۷۳

मुलाक़ात की सात अच्छी निय्यतें

बन्दए मोमिन को चाहिये कि अपने मुसलमान भाई से दर्जे ज़ैल सात निय्यतों से मुलाक़ात करे ताकि उसे ढेरों अज्रो सवाब ह़ासिल हो।

पहली निय्यत

मुलाक़ात करने वाला अपने मुसलमान भाई की ह़ुरमत, इ़ज़्ज़त और मक़ामो मर्तबे की ख़ातिर उस से मुलाक़ात करे। जैसा कि ह़दीस शरीफ़ में है :

बन्दए मोमिन की ह़ुरमत

ह़ुज़ूर ताजदारे दो जहां, रह़मते आ़लमिय्यां صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने ख़ानए का'बा को देख कर इरशाद फ़रमाया : बेशक अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ने तुझे शरफ़ व अ़ज़मत से नवाज़ा है मगर बन्दए मोमिन ह़ुरमत में तुझ से बढ़ कर है।[1]

आ़लिम, त़ालिबे इ़ल्म और मोमिन की शान

मरवी है कि जिस ने किसी आ़लिम की ता'ज़ीम की उस ने 70 नबियों की ता'ज़ीम की और जिस ने किसी त़ालिबे इ़ल्म को इ़ज़्ज़त दी उस ने 70 शहीदों को इ़ज़्ज़त दी[2] और जिस ने किसी मोमिन को अज़िय्यत दी उस ने अम्बियाए किराम عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام को अज़िय्यत पहुंचाई और जिस ने अम्बियाए उ़ज़्ज़ाम عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام को अज़िय्यत पहुंचाई उस ने अल्लाह तआ़ला को अज़िय्यत दी और जिस ने अल्लाह عَزَّوَجَلَّ को अज़िय्यत दी उस पर तौरैत शरीफ़, इन्जीले मुक़द्दस और क़ुरआने करीम में ला'नत आई है।

1...معجم اوسط، ۴/ ۲۰۳، حدیث: ۵۷۱۹

2...مسند فردوس، ۳/ ۵۷۶، حدیث: ۵۸۰۵

मुसलमान की ता'ज़ीम अल्लाह की ता'ज़ीम है

हुज़ूर ताजदारे रिसालत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने ज़ीशान है : जो अपने मुसलमान भाई की ता'ज़ीम करता है बेशक वोह अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की ता'ज़ीम करता है।(1)

ह़ज़रते सय्यिदुना इमामे जा'फ़रे सादिक़ رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं : एक मील तक चल कर जाओ और किसी नेक शख़्स के जनाज़े में शिर्कत करो और छ मील तक चल कर जाओ और अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की ख़ातिर अपने मुसलमान भाई से मुलाक़ात करो।(2)

पांच चीज़ें मक़बूल ही मक़बूल हैं

ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन मुबारक رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं : पांच चीज़ें ज़मीन से आस्मान की त़रफ़ मुकम्मल बुलन्द होती हैं : (1)....मोमिन की इ़ज़्ज़त व ह़ुरमत (2)....ने'मते इलाही का शुक्र (3)....वालिदैन का ह़क़ (4)....दुन्या से बे रग़बत आ़लिम की ता'ज़ीम और (5)....अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की इबादत।(3)

ह़िकायत : 100 ह़ज से अफ़ज़ल अ़मल

रिज़ाए इलाही के लिये दोस्ती रखने वाले दो अफ़राद की बाहम मुलाक़ात हुई तो एक ने दूसरे से पूछा : आप कहां से आ रहे हैं ? दूसरे ने कहा : मैं अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के ह़ुरमत वाले घर (का'बतुल्लाहिल मुशर्रफ़ा) का ह़ज और रसूले करीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के रौज़ए अक़्दस की ज़ियारत कर के आ रहा हूं और आप कहां से आ रहे हैं ? पहले ने बताया : अपने एक

1...مسند حارث، کتاب الصلاۃ، باب فی خطبۃ قد کذبھا...الخ، ۱/ ۳۱۶، حدیث: ۲۰۵

2...تاریخ بغداد، رقم ۵۸۵۶، عیسی بن الفیروزان، ۱۱/ ۱۶۳، بتغیر، عن معروف الکرخی

3...علم القلوب، باب النیۃ فی زیارۃ الاخوان، ص ۲۰۸

भाई से मुलाक़ात कर के आ रहा हूं जिस से मैं अल्लाह तआ़ला के लिये महब्बत करता हूं। दूसरा कहने लगा : क्या आप मुझे अपनी मुलाक़ात की फ़ज़ीलत (अज्रो सवाब) तोहफ़े में देते हैं ताकि मैं अपने ह़ज का सवाब आप को तोहफ़े में दे दूं? येह सुन कर पहला शख़्स कुछ देर के लिये सोच में पड़ गया। इतने में किसी ने ग़ैब से आवाज़ दी, पुकारने वाला नज़र नहीं आ रहा था मगर उस की आवाज़ सुनाई दे रही थी, वोह कह रहा था : अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के लिये मुसलमान भाई से मुलाक़ात करना बारगाहे इलाही में 100 ह़ज से अफ़्ज़ल है सिवाए ह़िज्जतुल इस्लाम (फ़र्ज़ ह़ज) के।[1]

दूसरी निय्यत

मुलाक़ात से अपने मुसलमान भाई को मानूस करने और उस के दिल को अपने लिये बदलने की निय्यत करे ताकि दोनों के दरमियान (मज़ीद) महब्बत पैदा हो। अल्लाह तआ़ला इरशाद फ़रमाता है :

لَوْ اَنْفَقْتَ مَا فِی الْاَرْضِ جَمِیْعًا مَّاۤ اَلَّفْتَ بَیْنَ قُلُوْبِهِمْ وَ لٰكِنَّ اللّٰهَ اَلَّفَ بَیْنَهُمْ (پ۱۰، الانفال:۶۳)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : अगर तुम ज़मीन में जो कुछ है सब ख़र्च कर देते उन के दिल न मिला सकते लेकिन अल्लाह ने उन के दिल मिला दिये।

ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन मसऊ़द رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ ने फ़रमाया : येह आयते मुबारका अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के लिये बाहम महब्बत करने वालों के बारे में नाज़िल हुई है।[2]

बाहमी महब्बत को मज़बूत करने वाली चार ख़ूबियां

मन्क़ूल है कि चार ख़ूबियां भाई की भाई से महब्बत को मज़बूत

1 ...علم القلوب، باب النیۃ فی زیارۃ الاخوان، ص۲۰۸

2 ...مسند بزار، ابو اسحاق الھمدانی عن ابی الاحوص عن عبد اللّٰہ، ۵/ ۴۳۹، حدیث: ۲۰۷۷

करती हैं : (1)....मुलाक़ात व ज़ियारत (2)....सलाम (3)....मुसाफ़ह़ा और (4)....तोह़फ़ा।[1]

नीज़ इस मुलाक़ात से कुछ और ह़ासिल न भी हो कम अज़ कम बन्दा इस की बदौलत मुसलमान भाई के दिल में ख़ुशी तो दाख़िल कर सकता है।[2]

बा'ज़ बुज़ुर्गों ने फ़रमाया : भाई चारगी की फ़ज़ीलत उलफ़त, वाबस्तगी और दाइमी मह़ब्बत है।[3]

मुह़िब की निगाह मह़बूब को तलाश करती है

ख़लीफ़ा हारून रशीद ने अ़ली बिन जह्म से कहा : क़ुर्ब के मुतअ़ल्लिक़ मुझे अपना कोई शे'र सुनाओ। उस ने अ़र्ज़ की : जी। चुनान्चे, (उस ने येह अश्आ़र सुनाए) :

اَلَّفْتُ التَّوْحِيْدَ وَ الْقُرْبَةَ   وَ فِيْ كُلِّ يَوْمٍ اَرٰى تُرْبَةً

فَيَوْمٌ مُّطِيْلٌ عَلٰى نِعْمَةٍ   وَّ يَوْمٌ مُّقِيْمٌ عَلٰى نَكْبَةٍ

وَ مِمَّا يَطْلُبُ عَيْنُ الْحَبِيْبِ   حَبِيْبَ تَطَيَّبَ بِهِ الصُّحْبَةَ

तर्जमा : (1) मैं ने यक्ताई व क़ुरबत को यक्जा किया और मैं हर रोज़ कोई क़ब्र देखता हूं। (2) पस एक दिन किसी ने'मत में गुज़रता है और एक दिन किसी मुसीबत में कट जाता है। (3) और मह़ब्बत करने वाले की निगाह मह़बूब को तलाश करती है ताकि उस की बदौलत सोह़बत को पाकीज़ा बना सके।[4]

---

❶...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص٢٠٨

❷...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص٢٠٨

❸...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص٢٠٨

❹...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص٢٠٨

दीने इस्लाम के बा'द सब से बेहतर

अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ फ़रमाते हैं : दीने इस्लाम के बा'द बन्दे को नेक दोस्त से बेहतर कुछ नहीं दिया गया तो तुम में से जो अपने दोस्त की जानिब से महब्बत देखे तो उसे ज़रूर इख़्तियार करे।[1]

मोमिन दो हथेलियों की मिस्ल है

हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रहीम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : जब भी दो मोमिन मुलाक़ात करते हैं तो उन में से एक को ज़रूर भलाई नसीब होती है और बेशक मोमिन की मिसाल उन दो हथेलियों की त़रह़ है जिन में से एक दूसरी को धोती है तो उस के लिये इस का वुजूद ज़रूरी है।[2]

तीसरी निय्यत

मुलाक़ात से येह निय्यत करे कि येह अ़मल सुन्नते रसूल है और इस लिहाज़ से येह मुस्तह़ब है। जैसा कि

70 हज़ार फ़िरिश्तों की दुआ़

ह़ज़रते सय्यिदुना ह़सन رَحْمَۃُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ से मरवी है कि रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने (ह़ज़रते सय्यिदुना अबू रज़ीन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से) इरशाद फ़रमाया : ऐ अबू रज़ीन ! क्या तुम्हें ख़बर है कि जब कोई शख़्स अपने घर से रिज़ाए इलाही के लिये अपने मुसलमान भाई से मुलाक़ात के लिये निकलता है तो 70 हज़ार फ़िरिश्ते उस के साथ चलते हैं और उस पर दुरूद

1 ...شعب الایمان، باب فی حقوق الاولاد والاھلین، ۶/ ۴۱۶، حدیث: ۸۷۲۴، بتغیر

2 ...الجامع فی الحدیث، باب الاخاء فی اللّٰہ، ۱/ ۲۹۸، حدیث: ۲۰۱، بتغیر قلیل

भेजते हैं और यूं दुआ करते हैं : "ऐ हमारे रब عَزَّوَجَلَّ ! इस ने तेरे लिये तअ़ल्लुक़ क़ाइम किया तू भी इस से तअ़ल्लुक़ क़ाइम फ़रमा।" (ऐ अबू रज़ीन) अगर तुम अपने आप को इस काम में लगा सकते हो तो ऐसा ज़रूर करना।[1]

एक बहुत ही प्यारी सुन्नत

ह़ज़रते सय्यिदुना अबू त़ालिब मक्की عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْوَلِي फ़रमाते हैं : येह हुज़ूर नबिय्ये रह़मत, शफ़ीए़ उम्मत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की त़रफ़ से अपने भाइयों से मुलाक़ात को तरजीह़ देने का हुक्म है[2] और ह़ज़रते सय्यिदुना अनस رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْه फ़रमाते हैं कि रसूले अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का मा'मूल था कि अगर कोई शख़्स तीन दिन मस्जिद से ग़ाइब रहता तो आप उस के मुतअ़ल्लिक़ लोगों से पूछा करते पस अगर वोह बीमार होता तो उस की इ़यादत फ़रमाते, अगर सफ़र में होता तो उस के लिये दुआ फ़रमाते और अगर घर में होता तो उस से मुलाक़ात फ़रमाते।[3]

99 रह़मतों का मुस्तह़िक़

ह़दीस शरीफ़ में है : जब दो दोस्त आपस में मुसाफ़ह़ा करते (हाथ मिलाते) हैं तो उन के दरमियान 100 रह़मतें तक़्सीम की जाती हैं जिन में से 99 उस के लिये होती हैं जो अपने रफ़ीक़ से ज़ियादा उन्सिय्यत रखता है।[4]

---

1 ...حلیۃ الاولیاء، ابو رزین، ۱/ ۴۴۹، حدیث: ۱۲۷۲، بتغیر قلیل

2 ...علم القلوب، باب النیۃ فی زیارۃ الاخوان، ص ۲۰۹

3 ...مسند ابی یعلی، مسند انس بن مالک، ۳/ ۲۱۷، حدیث: ۳۴۱۶، بتغیر قلیل

4 ...مسند بزار، مسند عمر بن خطاب، ۱/ ۴۳۷، حدیث: ۳۰۸، بتغیر

मुलाक़ात के वक़्त मुस्कुराने की फ़ज़ीलत

एक रिवायत में है : मुलाक़ात करने वालों में से एक दूसरे को देख कर मुस्कुराता है तो उन दोनों के गुनाह झड़ जाते हैं।[1]

नूरी सुवारियों के सुवार

हज़रते सय्यिदुना इमाम मुजाहिद عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْوَاحِد फ़रमाते हैं : अल्लाह तआ़ला के लिये बाहम महब्बत करने वाले और अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ही के लिये एक दूसरे से मुलाक़ात करने वाले जब रोज़े महशर अपनी क़ब्रों से निकलेंगे तो अल्लाह रब्बुल इ़ज़्ज़त उन के लिये ऐसी सुवारियां भेजेगा जो नूर से बनी होंगी, नूर से सजाई गई होंगी, उन की लगामें नूर की होंगी और उन की ज़ीनें नूर की होंगी। ग़िलमाने जन्नत उन सुवारियों को चलाते होंगे, पस वोह अपनी क़ब्रों से इस ह़ाल में निकलेंगे कि रब्बे जलील عَزَّوَجَلَّ के लिये "मैं ह़ाज़िर हूं" की सदाएं लगा रहे होंगे। उन्हें सुर्ख़ व ज़र्द याक़ूत के महल्लात में ले जाया जाएगा जहां काफ़ूर, शराबे त़हूर और तस्नीम (जन्नत की आ'ला शराब) और मोहर लगी शराब होगी और उन सब पर रिज़ा व रह़मत का ग़लबा होगा, पस वोह क़ुर्बे ख़ास में सैराब किये जाएंगे। फिर वोह सुवारियों पर सुवार और ज़ेवरात से आरास्ता हो कर अपने लिये रखी गई कुरसियों की त़रफ़ जाएंगे जहां वोह बक़ा की सिफ़त से मुत्तसिफ़ आंखों से अपने रब्बे करीम عَزَّوَجَلَّ का दीदार करेंगे और ख़ुश होंगे।[2]

हज़रते सय्यिदुना अ़म्र बिन अ़ला رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه ने फ़रमाया : आदमी के लिये मुस्तह़ब है कि वोह अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की ख़ातिर बनाए गए दोस्त से दिन में दो बार मुलाक़ात करे।[3]

---

1 ...معجم اوسط، ۵/ ۳۶۶، حدیث: ۷۶۳۰، بتغیر قلیل

2 ...علم القلوب، باب النیۃ فی زیارۃ الاخوان، ص۲۰۹

3 ...علم القلوب، باب النیۃ فی زیارۃ الاخوان، ص۲۰۹

हज़रते सय्यिदुना शैख़ अबू तालिब मुहम्मद बिन अली मक्की عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْوَلِی फ़रमाते हैं : गोया कि हज़रते सय्यिदुना अम्र बिन अला رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه ने अहले जन्नत के मुतअ़ल्लिक़ इस फ़रमाने बारी तआ़ला की तावील की है :

وَلَهُمْ رِزْقُهُمْ فِيهَا بُكْرَةً وَّعَشِيًّا ﴿٦٢﴾ (پ١٦،مریم:٦٢)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : और उन्हें इस में उन का रिज़्क़ है सुब्हो शाम ।

तो इन्हों ने इस मुलाक़ात और दीगर बातों को दाख़िल फ़रमाया ।[1]

इस बारे में येह अश्आ़र भी कहे गए हैं :

اِذَا غِبْتُ يَوْمًا عَنْ صَدِيْقٍ وَّ لَيْلَةً ۔۔۔ وَّ لَمْ اٰتِهٖ اَهْلًا لَّبَعْثُ رَسُوْلٍ

فَقَدْ ضَلَّ عَقْلِيْ اِنْ طَلَبْتُ اِخَاءَهٗ ۔۔۔ وَ اَنْ كَانَ ذَا مَالٍ وَّ اَنْ كَانَ ذَا حَالٍ

तर्जमा : (1)....अगर मैं एक दिन या रात दोस्त से ग़ाइब रहूं और खुद उस के पास न जाऊं तो ज़रूर किसी को उस के पास भेजूंगा । (2)....अगर मैं उस से दोस्ती माल और अच्छी हालत की बिना पर रखूं तो मेरी अ़क्ल भटकी हुई है ।[2]

तू ख़ूब रहा और जन्नत भी ख़ूब है

ह़दीस शरीफ़ में है कि जब बन्दा मुश्ताक़ हो कर और मुलाक़ात की रग़बत रखते हुए अपने भाई से मुलाक़ात करता है तो उसे पीछे से एक फ़िरिश्ता यूं पुकारता है : तू ख़ूब रहा और जन्नत भी ख़ूब है ।[3]

1 ...علم القلوب،باب النیة فی زیارة الاخوان،ص٢٠٩

2 ...علم القلوب،باب النیة فی زیارة الاخوان،ص٢٠٩

3 ...الزهد لابن مبارک،باب ماجاء فی الشح،ص٢٤٦،حدیث:٧٠٩

सय्यिदुना इब्ने उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا को नसीहत

ह़ज़रते सय्यिदुना अबू त़ालिब मक्की عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْوَلِی फ़रमाते हैं कि हम ने एक ह़दीस रिवायत की है कि हुज़ूर ताजदारे मदीना صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने मुलाह़ज़ा फ़रमाया कि ह़ज़रते सय्यिदुना इब्ने उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا दाएं बाएं देख रहे हैं तो उन से इस बारे में इस्तिफ़्सार फ़रमाया, उन्हों ने अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ! मुझे एक शख़्स से मह़ब्बत है, मैं उसे तलाश कर रहा हूं मगर वोह नज़र नहीं आ रहा। आप صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : ऐ अ़ब्दुल्लाह ! जब तुम किसी से मह़ब्बत करो तो उस से उस का नाम और उस के वालिद का नाम पूछो और उस के घर का पता मा'लूम करो, फिर अगर वोह ग़ाइब हो तो उस से मुलाक़ात करो, अगर बीमार पड़ जाए तो उस की इ़यादत करो और अगर किसी काम में मश्ग़ूल हो तो उस की मदद करो।[1]

चौथी निय्यत

मुलाक़ात करने वाला अपने मुसलमान भाई की मुलाक़ात से गुनाहों के कफ़्फ़ारे और ख़त़ाओं के मिटने की निय्यत करे। जैसा कि

मुसाफ़ह़ा करते वक़्त मुस्कुराने की फ़ज़ीलत

ह़दीस शरीफ़ में है कि जब कोई अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की रिज़ा के लिये अपने मुसलमान भाई से मुलाक़ात करे फिर दोनों मुसाफ़ह़ा करें और एक दूसरे को देख कर मुस्कुराए तो दोनों के गुनाह झड़ते हैं।[2]

1...قوت القلوب، الفصل الرابع والاربعون فی الاخوۃ فی اللّٰہ...الخ، ۲/ ۳۶۸

2...معجم اوسط، ۵/ ۳۶۶، حدیث: ۷۶۳۰، بتغیر قلیل

हज़रते सय्यिदुना अबू उमामा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से मरवी है कि सरवरे अम्बिया, महबूबे किब्रिया صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم का फ़रमाने मग़फ़िरत निशान है : जब मोमिन मोमिन को देखता है और एक दूसरे से खुश हो तो अ़र्श के दरमियान से एक फ़िरिश्ता निदा देता है : "तुम दोनों अपने आ'माल नए सिरे से शुरूअ़ करो क्यूंकि **अल्लाह** तआ़ला ने तुम दोनों के गुनाह मुआ़फ़ फ़रमा दिये हैं।" फिर अगर वोह उसी दिन या रात में फ़ौत हो जाएं तो सिद्दीक़ीन की मौत मरते हैं।[1]

पांचवीं निय्यत

मुसलमान भाई से मुलाक़ात में येह निय्यत करे कि उसे देखने की बरकतें हासिल करूंगा और उस के क़ुर्ब का फ़ाएदा पाऊंगा ताकि इस के ज़रीए अपने दिल की दवा करूं। जैसा कि

औलिया से महब्बत की बरकतें

हदीसे पाक में आया है : बेशक **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ क़ियामत के दिन बन्दे का हिसाब लेगा तो उस पर हुज्जत क़ाइम हो जाएगी और उसे जहन्नम में ले जाने का हुक्म होगा, उस वक़्त बन्दा हैरानो परेशान होगा तो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाएगा : क्या तू ने दुन्या में मेरे किसी वली की ज़ियारत की और तुझे मेरी ख़ातिर उस से महब्बत थी या तू ने मेरे लिये उस से मुलाक़ात की हो या फिर मेरे औलिया में से किसी वली को मेरी ख़ातिर तुझ से महब्बत थी तो आज मैं उस की ख़ातिर तुझे छोड़ दूंगा।[2]

1...علم القلوب،باب النیۃ فی زیارۃ الاخوان،ص ۲۱۰

2...علم القلوب،باب النیۃ فی زیارۃ الاخوان،ص ۲۱۰

औलिया की औलिया से महब्बत

मन्क़ूल है कि जब ह़ज़रते सय्यिदुना ह़सन बसरी عَلَیْہِ رَحمَۃُ اللّٰہِ الْقَوِی के विसाल का वक़्त क़रीब आया तो उन से अ़र्ज़ की गई : क्या आप को कोई ख़्वाहिश है ? आप ने फ़रमाया : हां ! एक नज़र **''ह़ज़रते यूसुफ़ बिन अस्बात़''** को देखना चाहता हूं।(1)

ह़ज़रते सय्यिदुना जा'फ़र बिन सुलैमान رَحْمَۃُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं : मैं जब अपने अन्दर कुछ सुस्ती पाता हूं तो ह़ज़रते सय्यिदुना मुह़म्मद बिन वासेअ़ رَحْمَۃُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ को एक नज़र देख लेता हूं तो फिर अ़मल में लग जाता हूं।(2)

ह़ज़रते सय्यिदुना मूसा बिन उ़क़्बा رَحْمَۃُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं : मैं अपने किसी दोस्त से एक बार मिल लेता हूं तो कई दिन तक अ़मल पर कारबन्द रहता हूं।(3)

सात चीज़ों की त़रफ़ देखना इ़बादत है

ह़ज़रते सय्यिदुना इब्ने अ़ब्बास رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا फ़रमाते हैं : सात चीज़ों की त़रफ़ देखना इ़बादत है : (1)...दोस्त का (रिज़ाए इलाही के लिये बनाए गए) दोस्त को देखना इ़बादत है (2)....कुरआने करीम को देखना (3)....का'बतुल्लाहिल मुशर्रफ़ा को देखना (4-5)....मां और बाप के चेहरे को देखना (6)....आ़लिम को देखना और (7)....इ़ल्म की किताब में देखना इ़बादत है।(4)

1...المجالسة وجواهر العلم، ۳/ ۹۹، رقم: ۲۹۸۴، حسن البصری بدله الفضیل بن عیاض

2...قوت القلوب، الفصل الرابع والاربعون فی الاخوة فی اللّٰہ... الخ، ۲/ ۳۶۷

3...قوت القلوب، الفصل الرابع والاربعون فی الاخوة فی اللّٰہ... الخ، ۲/ ۳۶۷

4...شعب الایمان، باب فی بر الوالدین، ۶/ ۱۸۷، حدیث: ۷۸۶۰، دون قوله والی العالم... الخ

تنبیه الغافلین، باب فضل مجالس العلم، ص ۲۳۹، حدیث: ۶۵۴، دون قوله وفی کتب العلم

हज़रते सय्यिदुना फ़ुज़ैल बिन इयाज़ رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه ने फ़रमाया : **अल्लाह** तआ़ला की ख़ातिर महब्बत व शौक़ के साथ अपने मुसलमान भाई के चेहरे को देखना इबादत है।[1]

अहलो इयाल की मुलाक़ात से ज़ियादा पसन्दीदा

हज़रते सय्यिदुना हसन बसरी عَلَيْهِ رَحمَةُاللهِ الْقَوِی फ़रमाते हैं : **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये बनाए गए दोस्तों से मुलाक़ात करना हमें अपने बीवी बच्चों से मुलाक़ात करने से ज़ियादा पसन्द है क्यूंकि हमारे घरवाले हमें दुन्या की याद दिलाते हैं जब कि हमारे दोस्त हमें आख़िरत की याद दिलाते हैं।[2]

छटी निय्यत

इस निय्यत से मुलाक़ात करे कि अपने मुसलमान भाई को अपना हाल सुनाएगा और उस से अपने दीन के बारे में नसीहत हासिल करेगा।

नासेह दोस्त बेहतर है या माल देने वाला ?

हज़रते सय्यिदुना बिलाल बिन सा'द عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْاَحَد ने फ़रमाया : रिज़ाए इलाही के लिये बनाया गया दोस्त जो हर बार मिलने पर तुम्हें **अल्लाह** तआ़ला के बारे में नसीहत करे तुम्हारे लिये उस दोस्त से बेहतर है जो हर बार की मुलाक़ात में तुम्हारे हाथ में एक दीनार रख दे।[3]

आप के दिल का क्या हाल है ?

हज़रते सय्यिदुना अबू तालिब मक्की عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْوَلِی फ़रमाते हैं : अस्लाफ़ में से **अल्लाह** तआ़ला की ख़ातिर दोस्ती रखने वाले दो दोस्त

1 ...قوت القلوب، الفصل الرابع والاربعون فی الاخوۃ فی اللّٰہ...الخ، ۲/ ۳۶۵ بتغیر قلیل

2 ...قوت القلوب، الفصل الرابع والاربعون فی الاخوۃ فی اللّٰہ...الخ، ۲/ ۳۶۷

3 ...حلیۃ الاولیاء، بلال بن سعد، ۵/ ۲۵۷، رقم: ۷۰۳۵

जब मुलाक़ात करते थे तो एक दूसरे से कहता : आप कैसे हैं और आप का क्या ह़ाल है ? तो वोह कहता : आप अपने नफ़्स और ख़्वाहिश के साथ कैसे हैं ? आप के ख़ैर की त़रफ़ बुलाने पर नफ़्स ने आप की बात मानी या नहीं ? और **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की त़रफ़ बढ़ने या पीछे हटने में आप के दिल का क्या ह़ाल है ?[1]

बा'ज़ बुज़ुर्ग फ़रमाते हैं : हमारा ज़ियादा तर शौक़ दोस्तों से मुलाक़ात है, हम मिलते हैं तो एक दूसरे को अपने ह़ालात बताते हैं और मज़ीद के त़लबगार होते हैं ।[2]

अ़क़्ल मन्द के चार अवक़ात

आले दावूद की ह़िक्मत में है : अ़क़्ल मन्द को चाहिये कि उस के लिये चार अवक़ात हों : (1)....एक वोह वक़्त जिस में वोह अपने रब तआ़ला से मुनाजात करे (2)....एक वोह जिस में वोह अपना मुह़ासबा करे (3)....एक वोह जिस में वोह ऐसे दोस्तों के साथ बैठे जो उसे उस के नफ़्स के ऐबों से आगाह करें और आख़िरत की त़रफ़ राग़िब करें और (4)....एक वोह वक़्त हो जिस में वोह अपने नफ़्स को दुन्या की जाइज़ लज़्ज़तों के लिये छोड़ दे क्यूंकि येह वक़्त दूसरे अवक़ात के लिये मुआ़विन होता, नुफ़ूस को मानूस करता और उन्हें किसी न किसी फ़ज़ीलत तक पहुंचाता है ।[3]

दिल की तलाश

एक बुज़ुर्ग का बयान है कि मैं ने ह़ज़रते सय्यिदुना दारानी قُدِّسَ سِرُّہُ النُّورَانِی

1...علم القلوب، باب النیۃ فی زیارۃ الاخوان، ص۲۱۱

2...علم القلوب، باب النیۃ فی زیارۃ الاخوان، ص۲۱۱

3...شعب الایمان، باب فی تعدید نعم اللّٰہ...الخ، ۴/۱۶۴، حدیث:۴۶۷۷

को फ़रमाते सुना कि मैं अपने घर से तुम्हारे पास अपने दिल की तलाश में आता हूं, हमारे घर में ऐसा कोई नहीं जो मुझ से किसी शै का पूछे।[1]

एक अहले महब्बत का बयान है कि मुझ पर एक हालत ने ग़लबा किया तो मैं अपने घर से किसी ऐसे इन्सान की तलाश में निकला जिस से उन्सिय्यत हासिल करूं और उसे अपना हाल सुनाऊं। चुनान्चे, मेरी मुलाक़ात हज़रते सय्यिदुना सुफ़्यान सौरी عَلَيْهِ رَحمَةُ اللهِ القَوِی से हो गई, आप ने मुझे ग़ौर से देख कर पूछा : तुझे क्या हुवा ? मैं ने अ़र्ज़ की : मेरे पास कुछ सामान है, चाहता हूं कि कोई मेरे साथ सौदा कर ले। आप ने पूछा : दुन्या का सामान है या आख़िरत का ? मैं ने अ़र्ज़ की : आख़िरत का। पस आप ने मेरा हाथ पकड़ा और मुझे क़ब्रिस्तान ले गए, जब हम क़ब्रों के दरमियान पहुंचे तो फ़रमाया : अब हम उस जगह आ गए हैं जहां उख़रवी सामान का मुआ़मला हमेशा अच्छा रहता है। अगर सच्चाई तुम्हारे शामिले हाल है तो अपना सामान इन (क़ब्र वालों) पर पेश कर दो वरना रोज़े महशर के लिये अपने पास महफ़ूज़ कर लो।[2]

सातवीं निय्यत

मुलाक़ात से महब्बते इलाही की तलाश और उस वा'दए इलाहिय्या की तस्दीक़ की निय्यत करे जो **अल्लाह** तआ़ला ने ऐसे बन्दे से फ़रमाया है जो उस के किसी बन्दे से उस की ख़ातिर शदीद महब्बत के सबब मुलाक़ात करता है। जैसा कि

अल्लाह के लिये मुसलमान से महब्बत का इनआ़म

मरवी है : **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के प्यारे हबीब, हबीबे लबीब صَلَّى اللهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया कि एक शख़्स अपने मुसलमान भाई

---

1 ...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص٢١١

2 ...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص٢١١

से मुलाक़ात के लिये दूसरी बस्ती की जानिब चला तो **अल्लाह** तआ़ला ने उस के रास्ते में एक फ़िरिश्ता भेजा, फ़िरिश्ते ने उस से पूछा : कहां का इरादा है ? वोह बोला : मैं इस बस्ती में अपने एक भाई से मिलने जा रहा हूं। फ़िरिश्ते ने कहा : क्या तेरे और उस के दरमियान रिश्तेदारी है जिसे निभाना चाहते हो या उस का तुझ पर कोई एह़सान है जिसे पूरा करने का इरादा है। उस ने जवाब दिया : ऐसा कुछ नहीं है, मैं तो फ़क़त़ उस से **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये मह़ब्बत करता हूं। फ़िरिश्ते ने कहा : मैं तेरी त़रफ़ **अल्लाह** तआ़ला का क़ासिद हूं, जिस त़रह़ तू इस से **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये मह़ब्बत करता है वोह भी तुझ से मह़ब्बत फ़रमाता है।[1]

हुज़ूर नबिय्ये पाक صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने आ़लीशान है कि **अल्लाह** तआ़ला इरशाद फ़रमाता है : मेरी ख़ातिर बाहम मह़ब्बत रखने वालों के लिये मेरी मह़ब्बत लाज़िम हो गई।[2]

इस्तिग़फ़ार का ह़क़ीक़ी मा'ना

मन्क़ूल है कि ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल वाह़िद बिन ज़ैद رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه ने एक शख़्स को इस्तिग़फ़ार करते सुना तो फ़रमाया : ऐ शख़्स क्या तू इस्तिग़फ़ार का मा'ना जानता है ? उस ने अ़र्ज़ की : नहीं। फ़रमाया : जान ले कि इस्तिग़फ़ार एक क़िस्म की तौबा है और तौबा ऐसी चीज़ है जो छ मआ़नी से जुड़ी हुई है : (1)....गुज़श्ता गुनाहों पर नदामत (2)....आयिन्दा गुनाहों से बचना (3)....वोह तमाम फ़राइज़ अदा करना जो तू अपने और **अल्लाह** तआ़ला के माबैन ज़ाएअ़ कर चुका (4)....लोगों की इज़्ज़तों और मालों में जो ह़ुक़ूक़ तेरे ज़िम्मे हैं उन्हें अदा करना (5)....ह़राम से पैदा

1 ...مسلم، کتاب البر والصلة، باب فی فضل الحب فی اللّٰہ، ص ۱۰۶۵، حدیث: ۶۵۴۹

2 ...مسند احمد، مسند انصار، ۸/ ۲۳۹، حدیث: ۲۲۰۹۱، خلقت بدلہ وجبت

होने वाली चर्बी व गोश्त को पिघलाना हत्ता कि हड्डी और जिल्द अपनी जगह वापस आ जाए और (6)....बदन को ताआत की सख़्ती और तल्ख़ी चखाना जिस तरह उसे गुनाहों का मज़ा चखाया था। येह सुन कर उस शख़्स ने अर्ज़ की : ऐसा कौन कर सकता है ? फ़रमाया : अगर तुम्हारा कपड़ा बोसीदा हो जाए तो बोसीदा बोसीदा को फ़ाएदा नहीं पहुंचा सकता और इस्तिग़फ़ार एक पैवन्द ही है और इस्तिग़फ़ार के साथ यूं दुआ करो। اَللّٰهُمَّ اِنِّیْٓ اَسْتَقِيْلُكَ فَاَقِلْنِیْ या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मैं तुझ से ग़लती की मुआफ़ी चाहता हूं तू मेरी ग़लती मुआफ़ फ़रमा दे।[1]

मुलाक़ात की निय्यतों का ख़ुलासा

बुरी निय्यतें

मुसलमान भाई से मुलाक़ात की पांच बुरी निय्यतें जिन से बचना चाहिये : (1)....खाने, ख़्वाहिश पूरी करने, लिबास, ज़ेवरात और बातें करने की निय्यत से मुलाक़ात करना। (2)....हुसूले इ़ज़्ज़त, दिखावे और फ़ख़्र व मुबाहात के लिये मुलाक़ात करना। (3)....पहचान और मक़ामो मर्तबे की ख़ातिर मुलाक़ात करना ताकि उस की ता'ज़ीमो तकरीम की जाए। (4)....लोगों से ता'रीफ़ करवाने की ग़रज़ से मुलाक़ात करना। (5)....माल के हुसूल की निय्यत से मुलाक़ात करना।

अच्छी निय्यतें

मुसलमान से मुलाक़ात की आठ अच्छी निय्यतें जिन में अज्रो सवाब है : (1)....मुसलमान भाई की हुरमत, इ़ज़्ज़त और मक़ामो मर्तबे की ख़ातिर उस से मुलाक़ात करना। (2)....मुसलमान भाई को मानूस करने

1 ...علم القلوب، باب النية فی زيارة الاخوان، ص ۲۱۲

और उस के दिल को अपने लिये बदलने की निय्यत से मुलाक़ात करना ताकि दोनों के दरमियान (मज़ीद) महब्बत पैदा हो। (3)....मोमिन के दिल में ख़ुशी दाख़िल करने की निय्यत से मुलाक़ात करना। (4)....हुज़ूर नबिय्ये रहमत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के त़रीक़े की पैरवी के लिये मुलाक़ात करना। (5)....इस निय्यत से मुलाक़ात करना कि मुसलमान भाई से मुलाक़ात गुनाहों के कफ़्फ़ारे और ख़त़ाओं के मिटने का सबब है। (6)....इस निय्यत से मुलाक़ात करना कि मुसलमान भाई को देख कर बरकतें मिलेंगी और उस के कुर्ब का फ़ाएदा उठा कर अपने दिल की दवा करूंगा। (7)....मुसलमान भाई को अपना ह़ाल सुनाने और उस से अपने दीन के मुतअ़ल्लिक़ नसीह़त ह़ासिल करने के लिये मुलाक़ात करना। (8)....महब्बते इलाही की तलाश की निय्यत से मुलाक़ात करना।

मुलाक़ात की दुआएं

मुसलमान भाइयों से मुलाक़ात में दर्जे ज़ैल दुआएं की जाएं :

(1)....अगर मुसलमान भाई के हां खाओ तो येह दुआ करो : اَللّٰهُمَّ بَارِكْ لَهُمْ فِيْمَا رَزَقْتَهُمْ وَاغْفِرْ لَهُمْ وَارْحَمْهُمْ या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! तू ने जो उन्हें रिज़्क़ अ़त़ा फ़रमाया है इस में उन्हें बरकत दे और उन्हें बख़्श दे और उन पर रह़म फ़रमा।[1]

(2)....अगर वोह तुम्हें कुछ पिलाए तो येह दुआ करो : اَللّٰهُمَّ اَطْعِمْ مَنْ اَطْعَمَنِيْ وَاسْقِ مَنْ سَقَانِيْ या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! तू उसे खिला जिस ने मुझे खिलाया और उसे पिला जिस ने मुझे पिलाया ।[2]

(3)....अगर तुम उन के हां रोज़ा इफ़्त़ार करो तो येह दुआ दो : اَفْطَرَ عِنْدَكُمُ الصَّائِمُوْنَ وَاَكَلَ طَعَامَكُمُ الْاَبْرَارُ وَصَلَّتْ عَلَيْكُمُ الْمَلٰٓئِكَةُ या'नी तुम्हारे हां

1 ...مسلم، کتاب الاطعمة، باب استحباب وضع النوی... الخ، ص ۸۷۰، حدیث: ۵۳۲۸

2 ...مسلم، کتاب الاطعمة، باب اکرام الضیف وفضل ایثارہ، ص ۸۷۵، حدیث: ۵۳۶۲

रोज़ादार रोज़ा खोलें और तुम्हारा खाना नेक लोग खाएं और फ़िरिश्ते तुम पर रह़मत भेजें।[1]

दुरूद शरीफ़ पढ़ने की निय्यतें

ऐ मेरे परवर दगार عَزَّوَجَلَّ ! मैं हुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم पर दुरूद शरीफ़ पढ़ने से निय्यत करता हूं तेरे हुक्म की बजा आवरी की, तेरी किताब की तस्दीक़ की, तेरे नबी ह़ज़रते मुह़म्मद मुस्त़फ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की सुन्नत (फ़रामीने मुबारका) के इत्तिबाअ़ की, उन से मह़ब्बत की, उन के ह़क़ के शौक़ व ता'ज़ीम की, उन के शरफ़ की और इस लिये उन पर दुरूद पढ़ता हूं कि वोह इस के अहल हैं। ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! तू अपने फ़ज़्लो एह़सान से इस दुरूद शरीफ़ को क़बूल फ़रमा, मेरे दिल से ग़फ़्लत के पर्दे हटा दे और मुझे अपने नेक बन्दों में शामिल फ़रमा।

ऐ रब्बे करीम ! अपने मह़बूब صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के उस शरफ़ में इज़ाफ़ा फ़रमा जिस से तू ने उन्हें नवाज़ा है और उस इ़ज़्ज़त को बढ़ा जो तू ने उन्हें अ़त़ा फ़रमाई है, ह़ज़राते मुर्सलीन عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام के मक़ामात में उन के मक़ाम को और ह़ज़राते अम्बिया عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام के दरजात में उन के दर्जे को मज़ीद ऊंचा फ़रमा।

ऐ तमाम जहानों के मालिक ! मैं दुन्या व आख़िरत में आ़फ़िय्यत के साथ साथ तुझ से तेरी रिज़ा और जन्नत का सुवाल करता हूं और क़ुरआनो सुन्नत और जमाअ़त (अहले सुन्नत व जमाअ़त) नीज़ बिग़ैर किसी तबद्दुल व तग़य्युर के कलिमए शहादत पर मौत का सुवाली हूं। अपने फ़ज़्लो एह़सान से मेरे गुनाहों को

[1] ...ابن ماجہ، کتاب الصیام، باب فی ثواب من فطر صائما، ۲/ ۳۴۷، حدیث: ۱۷۴۷

मुआ़फ़ फ़रमा दे बेशक तू बहुत ज़ियादा तौबा क़बूल फ़रमाने वाला मेहरबान है وَصَلَّى اللّٰهُ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّاٰلِهٖ وَصَحْبِهٖ وَسَلَّم या'नी अल्लाह तआ़ला हमारे सरदार ह़ज़रते मुह़म्मद और आप के आल व अस्ह़ाब पर दुरूद नाज़िल फ़रमाए। اٰمِين بِجَاهِ النَّبِيِّ الْاَمِين صَلَّى اللّٰه تعالٰى عليه واٰله وسلَّم

मसाजिद में तिलावते क़ुरआन की मजालिस और दौरए क़ुरआन में ह़ाज़िरी की 42 निय्यतें

बिलाशुबा ज़िक्र के ह़ल्क़े उन बड़ी चीज़ों में से हैं जिन पर अल्लाह तआ़ला फ़िरिश्तों के सामने मुबाहात (फ़ख़्र) फ़रमाता है और इस में भी शक नहीं कि क़ुरआने करीम की तिलावत और उस का दौरा करना उन अहम इबादतों में से है जिन के ज़रीए़ बन्दा अपने मौलाए करीम का क़ुर्ब ह़ासिल करता है। इसी वज्ह से इस उम्मत के गुज़श्ता व मौजूदा नेक लोगों ने तिलावते क़ुरआन की मजलिसों का इन्तिज़ाम किया और इस के ज़रीए़ मस्जिदों को आबाद किया।

हर मुसलमान को इन इजतिमाआ़त में अच्छी अच्छी निय्यतों के साथ शिर्कत करनी चाहिये ताकि इन की बदौलत अपने रब तआ़ला का क़ुर्ब ह़ासिल करे। जैसा कि हुज़ूर ताजदारे ख़त्मे नबुव्वत صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "आ'माल का मदार निय्यतों पर है और हर शख़्स को वोही मिलेगा जिस की उस ने निय्यत की।"(1)

बन्दए मोमिन को चाहिये कि तिलावते क़ुरआन के इजतिमाआ़त में दर्जे ज़ैल निय्यतें करे : (1)....सलफ़ सालिह़ीन का त़रीक़ा ज़िन्दा रखूंगा। (2)....मस्जिद को आबाद करूंगा। (3)....मस्जिद में ए'तिकाफ़ करूंगा। (4)....मुसलमानों की ता'दाद में इज़ाफ़ा करूंगा। (5)....मस्जिद की

1...بخاری، کتاب بدء الوحی، باب کیف کان بدء الوحی الی رسول اللّٰہ، ۱/۵، حدیث: ۱

आबादकारी और कुरआने करीम की तिलावत पर मुसलमानों की हौसला अफ़ज़ाई करूंगा। (6)....अपने वक़्त की हिफ़ाज़त कर के उसे नेक अमल से मा'मूर करूंगा। (7)....हिफ़्ज़े कुरआन में दूसरे की मदद करूंगा। (8)....अल्लाह तआला के कलाम से नसीहत हासिल करूंगा। (9)....कुरआन सुनने का फ़ाएदा उठाऊंगा। (10)....मुसलमानों के बाहमी रवाबित को मज़बूत करूंगा। (11)....रात में तिलावत हुई तो शब बेदारी करूंगा। (12)....जिसे अल्लाह तआला ने अज़मत अता की उस की ता'ज़ीम करूंगा। (13)....ग़ैर हाफ़िज़ के दिल में हिफ़्ज़ की अहम्मिय्यत बिठाऊंगा और उसे कुरआन सुनाऊंगा। (14)....जिस इजतिमाअ को फ़िरिश्ते घेरे हुए होते हैं उस में शिर्कत करूंगा। (15)....तिलावत सुन कर अपने ईमान को मज़ीद मज़बूत करूंगा। (16)....मुसलमान भाइयों के दिलों में ख़ुशी दाख़िल करूंगा। (17)....कुरआने करीम सुन कर अपने दिल को मुनव्वर करूंगा। (18)....तिलावत की बरकत से अपने सीने को कुशादा करूंगा। (19)....तिलावत कर के अज्रो सवाब पाऊंगा। (20)....कुरआने मजीद को ध्यान से सुनूंगा। (21)....कुरआने पाक की तरफ़ बुलाने वाले और इस पर मुआवनत करने वाले की बात तवज्जोह से सुनूंगा। (22)....ज़िक्रुल्लाह के वक़्त नाज़िल होने वाली बरकात और रहमत हासिल करूंगा। (23)....नेक अमल का जज़्बा पाने के लिये आख़िरत याद दिलाने वाली आयतें ग़ौर से सुनूंगा। (24)....ने'मतों से तअल्लुक़ रखने वाली आयाते मुक़द्दसा सुन कर ख़ुद पर अल्लाह तआला की ने'मतों की मा'रिफ़त हासिल करूंगा। (25)....कुरआने करीम के मो'जिज़ा होने और उस की अज़मतो शान में ग़ौरो फ़िक्र करूंगा। (26)....कुरआन वाले अल्लाह वाले हैं लिहाज़ा ख़ुद को उन में शामिल करूंगा। (27)....कलामे इलाही के ज़रीए रिफ़्अत व बुलन्दी हासिल करूंगा। (28)....कुरआने हकीम को तरतील और तजवीद के साथ पढ़ूंगा। (29)....तिलावत के इजतिमाअ में जा कर दुन्यावी मसरूफ़िय्यात से फ़रागत हासिल करूंगा।

(30)....अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के ज़िक्र से दिल को सुकून पहुंचाऊंगा। (31)....ऐसी जगह पहुंच कर आ़म और सरकश शयाती़न से अपनी हि़फ़ाज़त करूंगा। (32)....दौरए कु़रआने करीम में हु़ज़ूर नबिय्ये करीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की इत्तिबाअ़ करूंगा जैसा कि आप ह़ज़रते सय्यिदुना जिब्राईल عَلَيْهِ السَّلَام के साथ किया करते थे। (33)....कु़रआने पाक के ज़रीए़ खु़द को नसीह़त करूंगा। (34)....अपना हि़फ़्ज़ और कु़रआने पाक की कि़राअत को पुख़्ता करूंगा। (35)....कु़रआने मजीद (के अह़कामात) को दूसरों तक पहुंचाऊंगा क्यूंकि हु़ज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : तुम में से हाज़िर व मौजूद गा़इब तक पहुंचा दे।[1] (36)....ऐसी तिजारत करूंगा जो बरबाद नहीं होती। (37)....तिलावते कु़रआन के इजतिमाअ़ में जा कर सवाब ह़ासिल करूंगा। (38)....अल्लाह करीम के मुझ पर होने वाले फ़ज़्ल में इज़ाफ़ा चाहूंगा। (39)....अपने गुनाहों की बख़्शिश करवाने की कोशिश करूंगा। (40)....इत़ाअ़त बजा ला कर अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की बारगाह से क़बूलिय्यत की उम्मीद रखूंगा।

अल्लाह रब्बुल इ़ज़्ज़त इरशाद फ़रमाता है :

اِنَّ الَّذِیْنَ یَتْلُوْنَ كِتٰبَ اللّٰهِ وَ اَقَامُوا الصَّلٰوةَ وَ اَنْفَقُوْا مِمَّا رَزَقْنٰهُمْ سِرًّا وَّ عَلَانِیَةً یَّرْجُوْنَ تِجَارَةً لَّنْ تَبُوْرَ ﴿۲۹﴾

(پ۲۲، فاطر: ۲۹)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *बेशक वोह जो अल्लाह की किताब पढ़ते हैं और नमाज़ क़ाइम रखते और हमारे दिये से कुछ हमारी राह में ख़र्च करते हैं पोशीदा और ज़ाहिर वोह ऐसी तिजारत के उम्मीदवार हैं जिस में हरगिज़ टोटा (नुक़्सान) नहीं।*

1 ...بخاری، کتاب العلم، باب لیبلغ العلم الشاهد الغائب، ۱/ ۵۷، حدیث: ۱۰۵

(41)....अपने और ह़ाज़िरीन के लिये हिदायत व रहनुमाई ह़ासिल करूंगा।

अल्लाह तआ़ला इरशाद फ़रमाता है :

هُدًى لِّلْمُتَّقِيْنَ ۙ﴿۲﴾

(پ۱، البقرۃ:۲)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : (कुरआन में) हिदायत है डर वालों को।

(42)....कुरआने करीम से दूरी ख़त्म करूंगा।

रात की इ़बादत की 15 निय्यतें

क़ियामुल्लैल या'नी रात की इ़बादत में दर्जे ज़ैल निय्यतें की जा सकती हैं :

(1)....बारगाहे इलाही से विलायते ख़ास्सा अ़ता होने की उम्मीद रखूंगा।

(2)....**अल्लाह** तआ़ला और उस के प्यारे रसूले करीम صَلَّی اللہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم के हुक्म की ता'मील करूंगा।

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

وَمِنَ الَّيْلِ فَتَهَجَّدْ بِهٖ نَافِلَةً لَّكَ ۖ

(پ۱۵، بنی اسراءیل:۷۹)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : और रात के कुछ ह़िस्से में तहज्जुद करो येह ख़ास तुम्हारे लिये ज़ियादा है।

हुज़ूर ताजदारे मदीना صَلَّی اللہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : ऐ अ़ब्दुल्लाह ! फुलां की त़रह़ न होना कि वोह रात को क़ियाम किया करता था फिर छोड़ दिया।[1]

(3)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ मेरे क़ियाम के सबब ज़मीन वालों से अ़ज़ाब उठा ले। (4)....शब बेदारी कर के अपने नफ़्स से जिहाद करूंगा। (5)....रात में इ़बादत कर के अस्लाफ़ की पैरवी करूंगा। (6)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ मुझे

[1]...بخاری، کتاب التھجد، باب ما یکرہ من ترک...الخ، ۱/ ۳۹۰، حدیث:۱۱۵۲

अहले मा'रिफ़त वाली अ़ताओं से नवाज़ दे। (7)....रात में इबादत कर के नींद में कमी करूंगा। (8)....मुसलमान मर्दों और औ़रतों के लिये दुआ करूंगा। (9)....कुरआने करीम की तिलावत करूंगा। (10)....खुशूअ़ व खुज़ूअ़ के साथ दुआ करूंगा। (11)....क़बूलिय्यत की घड़ी को पहुंचूंगा। (12)....इख़्लास से क़रीब तर इबादत बजा लाऊंगा। (13)....शब बेदारी की अ़ज़ीम सुन्नत को ज़िन्दा करूंगा। (14)....सह़र के वक़्त तौबा व इस्तिग़फ़ार करूंगा और (15)....ह़क़ तआ़ला से अहले मा'रिफ़त को मिलने वाला फ़ैज़ ह़ासिल करूंगा।

नेकी की दा'वत की 19 निय्यतें

अल्लाह तआ़ला की त़रफ़ बुलाने वाला दर्जे ज़ैल निय्यतें कर सकता है: (1)....**अल्लाह** तआ़ला का क़ुर्ब ह़ासिल करूंगा। (2)....हुक्मे इलाही की पैरवी करूंगा। (3)....हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रह़ीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का इत्तिबाअ़ करूंगा। (4)....सलफ़ सालिह़ीन की इत्तिबाअ़ और उन के हुक्म की पैरवी करूंगा। (5)....फ़र्ज़े किफ़ाया को अदा करूंगा। (6)....जितना इ़ल्म और हुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की जो सुन्नत जानता हूं उसे फैलाऊंगा। (7)....तक्लीफ़ व मशक़्क़त पर सब्र करूंगा। (8)....लोगों की बे रुख़ी और ए'राज़ करने पर बरदाश्त से काम लूंगा। (9)....बारगाहे ख़ुदा व बारगाहे मुस्त़फ़ा में मह़बूब बनूंगा। (10)....लोगों के बा'ज़ हुक़ूक़ अदा करूंगा। (11)....हुज़ूर ताजदारे ख़त्मे नबुव्वत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की शरीअ़त को आ़म करूंगा। (12)....उम्मते मर्ह़ूमा से आफ़तों को दूर करूंगा। (13)....हुस्ने अख़्लाक़ सीखूंगा। (14)....अ़वाम के साथ शफ़्क़त से पेश आऊंगा। (15)....मुआ़शरे की

इस्लाह़ करूंगा। (16)....ख़ुद को और सामने वाले को नफ़्अ़ पहुंचाऊंगा। (17)....अ़त़ाए इलाही से अपने ऐबों से आगाही ह़ासिल करूंगा। (18)....**अल्लाह** तआ़ला से फ़ाएदे की उम्मीद रखूंगा और (19)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ से हर त़रह़ की मदद चाहूंगा।

निकाह़ की 23 निय्यतें

ह़ज़रते सय्यिदुना शैख़ आ़रिफ़ बिल्लाह अ़ली बिन अबू बक्र सकरान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن से निकाह़ की दर्जे ज़ैल निय्यतें मन्क़ूल हैं :

(1)....मैं इस निकाह़ और बीवी से मह़ब्बते इलाही की निय्यत करता हूं। (2)....जिन्से इन्सानी की बक़ा के लिये बेटे के ह़ुसूल की कोशिश करूंगा। (3)....ह़ुज़ूर नबिय्ये करीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के फ़ख़्र व मुबाहात में इज़ाफ़े के लिहाज़ से उन की मह़ब्बत की निय्यत करता हूं। जैसा कि

ह़ुज़ूर नबिय्ये रह़मत, शफ़ीए़ उम्मत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : निकाह़ करो, ज़ियादा हो जाओ क्यूंकि मैं बरोज़े क़ियामत दीगर उम्मतों के सामने तुम पर फ़ख़्र करूंगा।[1]

(4)....इस निकाह़ और अपने क़ौलो फ़े'ल से निय्यत करता हूं कि नेक बेटे की दुआ़ से बरकत ह़ासिल करूंगा। (5)....अगर मेरा बेटा मुझ से पहले फ़ौत हो गया तो उस के बचपने की मौत से शफ़ाअ़त के ह़ुसूल की निय्यत करता हूं। (6)....मैं इस निकाह़ से निय्यत करता हूं कि शैत़ान से अपनी ह़िफ़ाज़त करूंगा। (7)....ख़्वाहिश को तोड़ूंगा। (8)....शर के फ़ितनों को ख़त्म करूंगा। (9)....आंखों की ह़िफ़ाज़त करूंगा और (10)....वस्वसों में

[1]...مصنف عبد الرزاق، کتاب النکاح، باب وجوب النکاح وفضلہ، ۶/ ۱۳۸، حدیث: ۱۰۴۳۲

कमी करूंगा। (11)....मैं बदकारियों से शर्मगाह की हिफ़ाज़त की निय्यत करता हूं। (12)....इस निकाह़ से निय्यत करता हूं कि ज़ौजा के साथ बैठ कर, उसे देख कर और उस के साथ खेल कर नफ़्स को राह़त व उन्सिय्यत पहुंचाऊंगा। (13)....दिल को सुकून पहुंचाऊंगा। (14)....दिल को इबादत के लिये तक्विय्यत दूंगा। (15)....निकाह़ के ज़रीए घरेलू इन्तिज़ामात, खाने पकाने, सफ़ाई सुथराई और बिस्तर बिछाने उठाने की मसरूफ़िय्यात नीज़ बरतन धोने और दीगर ज़रूरिय्याते ज़िन्दगी की फ़राहमी से दिल को फ़ारिग़ करूंगा। (16)....निकाह़ से निय्यत करता हूं कि बीवियों के हुक़ूक़ की अदाएगी और इन्तिज़ाम व निगरानी कर के अपने नफ़्स से जिहाद करूंगा और उसे रियाज़त में लगाऊंगा। (17)....बीवियों की बुरी आ़दतों पर सब्र करूंगा। (18)....बीवियों से पहुंचने वाली मुतवक़्क़ेअ़ अज़िय्यत बरदाश्त करूंगा। (19)....बीवियों की इस्लाह़ कर के उन्हें ख़ैर व भलाई के रास्ते पर गामज़न करूंगा। (20)....बीवियों के लिये त़लबे ह़लाल की कोशिश करूंगा। (21)....औलाद की तरबियत के मुआ़मले में काविशें करूंगा। (22)....मैं इन तमाम मुआ़मलात में **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ताईद व ह़िमायत और उस की तौफ़ीक़ त़लब करूंगा और उस के सामने गिड़ गिड़ाऊंगा और इन के ह़ुसूल के लिये मैं उसी का मोह़ताज हूं। (23)....मैं मज़कूरा तमाम बातों में **अल्लाह** तआ़ला की रिज़ा की निय्यत करता हूं।

बारगाहे इलाही में दुआ़एं

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! इस निकाह़ से वोही निय्यत करता हूं जो तेरे नेक बन्दे और बा अ़मल उ़लमा करते हैं। जिस त़रह़ तू ने उन्हें तौफ़ीक़ दी हमें भी तौफ़ीक़ अ़त़ा फ़रमा और जिस त़रह़ तू ने उन की मदद फ़रमाई

हमारी भी मदद फ़रमा, हमारी कमी को पूरा फ़रमा और हम से क़बूल फ़रमा ले, हमें पलक झपकने की मिक़्दार भी हमारे नफ़्स के सिपुर्द न फ़रमा और अपने एह़सान व करम से ख़ैरो आ़फ़िय्यत के साथ निकाह़ के तमाम मुआ़मलात को दुरुस्त फ़रमा।

ऐ रब्बे करीम عَزَّوَجَلَّ ! तू हमारी मग़्फ़िरत फ़रमा, हम पर रह़्म फ़रमा, हम से राज़ी हो जा, हम से क़बूल फ़रमा, हमें जन्नत में दाख़िला अ़त़ा फ़रमा, हमें दोज़ख़ से नजात अ़त़ा फ़रमा और हमारा हर काम ठीक फ़रमा दे।

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मेरे लिये इस निकाह़ और तमाम चीज़ों में मदद, बरकत और सलामती रख दे और इस बात से मेरी ह़िफ़ाज़त फ़रमा कि येह चीज़ें मुझे तुझ से दूर कर दें और मेरे और तेरी इत़ाअ़त के दरमियान रुकावट बन जाएं और मुझे बक़्दरे ज़रूरत रोज़ी अ़त़ा फ़रमा और मुझे ह़राम से बचने वाला बना।

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मेरी ज़ात और मेरा सुकून व ह़रकत अमानत हैं तो मैं जहां रहूं तू मेरी ह़िफ़ाज़त फ़रमा और मुझे अपनी विलायत की ख़ैरात अ़त़ा फ़रमा जो तू ने अपने नेक बन्दों को अ़त़ा फ़रमाई।

ऐ रब عَزَّوَجَلَّ ! हमारी, हमारे वालिदैन, हमारी औलाद, हमारी बीवियों, हमारे मशाइख़, हमारे भाइयों, हमारे तमाम क़राबत दारों, हमारे रिश्तेदारों और तमाम ह़ुक़ूक़ वालों और जिस का थोड़ा सा भी ह़क़ हो सब की मदद फ़रमा। ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! ऐ तमाम जहानों के परवर दगार ! तेरे ज़िक्र, तेरे शुक्र और तेरी अच्छी इबादत पर हमारी और इन सब की मदद फ़रमा।

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! ऐ सारे जहानों के पालने वाले ! हमें और इन सब को हिदायत व तौफ़ीक़ की दौलत से माला माल फ़रमा। ऐ रब्बे करीम ! ऐ ज़ुल जलाले वल इकराम ! हमें और इन्हें क़ुरआनो सुन्नत पर

ज़िन्दा रख । ऐ पाक परवर दगार عَزَّوَجَلَّ ! हम अपने और इन के लिये क़बूलिय्यत का सुवाल करते हैं और उस चीज़ का सुवाल करते हैं जो हमें तुझ से क़रीब कर दे । اٰمِین

وَصَلِّ بِجَلَالِكَ عَلٰى اَشْرَفِ الْمُرْسَلِيْنَ مُحَمَّدٍ خَاتَمِ النَّبِيِّيْنَ وَعَلٰى اٰلِهٖ وَصَحْبِهٖ وَسَلِّمْ وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ

या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! अपनी अ़ता से तमाम रसूलों से बरतर आख़िरी नबी ह़ज़रते मुह़म्मद और आप के आल व अस्ह़ाब पर दुरूदो सलाम नाज़िल फ़रमा और सब ख़ूबियां **अल्लाह** तआ़ला के लिये जो तमाम जहानों का पालने वाला है ।

निकाह़ की दुआ़एं

निकाह़ करने वाले को दुआ़

निकाह़ करने वाले के लिये यूं दुआ़ करो :

بَارَكَ اللّٰهُ لَكَ وَبَارَكَ عَلَيْكَ وَجَمَعَ بَيْنَكُمَا فِىْ خَيْرٍ

या'नी **अल्लाह** तआ़ला तुझे बरकत अ़ता फ़रमाए और बा बरकत बनाए और तुम दोनों को ख़ैरो भलाई में जम्अ़ फ़रमाए ।(1)

निकाह़ करने वाले की दुआ़

निकाह़ करने वाला येह दुआ़ करे :

اَللّٰهُمَّ اِنِّىْ اَسْئَلُكَ خَيْرَهَا وَخَيْرَ مَا جَبَلْتَهَا عَلَيْهِ وَاَعُوْذُبِكَ مِنْ شَرِّهَا وَشَرِّ مَا جَبَلْتَهَا عَلَيْهِ، بِسْمِ اللّٰهِ، اَللّٰهُمَّ جَنِّبْنَا الشَّيْطٰنَ وَجَنِّبِ الشَّيْطٰنَ مَا رَزَقْتَنَا

या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मैं तुझ से इस (औ़रत) की भलाई और इस की त़बीअ़त की भलाई का सुवाल करता हूं और मैं इस के शर से और इस की त़बीअ़त के शर से तेरी पनाह मांगता हूं, **अल्लाह** के नाम से

(1)...ابن ماجه، کتاب النکاح، باب تھنئة النکاح، ۲/ ۴۴۱، حدیث: ۱۹۰۵

शुरूअ, ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हमें शैत़ान से दूर रखना और जो तू हमें अ़त़ा फ़रमाए उस से शैत़ान को दूर रखना ।[1]

पढ़ने पढ़ाने की 13 निय्यतें

(1)....इ़ल्म ह़ासिल करूंगा और दूसरों को सिखाऊंगा । (2)....पढ़ कर अपनी इस्लाह़ करूंगा । (3)....दूसरों को समझाऊंगा । (4)....दूसरों को नफ़्अ़ पहुंचाऊंगा । (5)....अपनी ज़ात को नफ़्अ़ पहुंचाऊंगा । (6)....ख़ुद फ़ाएदा उठाऊंगा । (7)....दूसरों को फ़ाएदा दूंगा । (8)....लोगों को क़ुरआनो सुन्नत के मुत़ाबिक़ अ़मल पर उभारूंगा । (9)....लोगों को हिदायत की त़रफ़ बुलाऊंगा । (10)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये लोगों की भलाई पर रहनुमाई करूंगा । (11)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की रिज़ा ह़ासिल करूंगा । (12)....**अल्लाह** करीम का क़ुर्ब पाऊंगा । (13)....बारगाहे इलाही से सवाब ह़ासिल करूंगा ।

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّاٰلِهٖ وَصَحْبِهٖ وَسَلِّمْ

या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हमारे सरदार ह़ज़रते मुह़म्मद और आप के आल व अस्ह़ाब पर दुरूदो सलाम नाज़िल फ़रमा ।

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ से दुआ

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हमें ऐसा इ़ल्म इल्हाम फ़रमा जिस से हम तेरे अह़काम व नवाही को समझ सकें और ऐसा फ़ह्म दे जिस से तेरी बारगाह में मुनाजात का त़रीक़ा जान सकें, ऐ सब से बढ़ कर रह़्म फ़रमाने वाले ।

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हमें इ़ल्म से मालदार फ़रमा, ह़िल्म से आरास्ता फ़रमा, तक़्वा से इ़ज़्ज़त अ़त़ा फ़रमा और आ़फ़िय्यत से उ़म्दा व ख़ूब सूरत बना । ऐ सब से ज़ियादा रह़्म फ़रमाने वाले ।

1 ...بخاری، کتاب الوضوء، باب التسمیۃ علی کل حال... الخ، ۱/ ۷۳، حدیث: ۱۴۱

गोशा नशीनी की 21 निय्यतें

(1)....ज़बान और नज़र की आफ़तों से बचूंगा। (2)....दिल की हिफ़ाज़त और इस्लाह करूंगा। (3)....लोगों से कनाराकशी कर के यक्सूई हासिल करूंगा। (4)....अमल को **अल्लाह** तआला के लिये ख़ालिस करूंगा। (5)....अमल को रियाकारी से बचाऊंगा। (6)....अमल को बातिन के ख़िलाफ़ ज़ाहिर करने से बचाऊंगा। (7)....दिलों की ज़ाहिरी व बातिनी बीमारियों से अमल की हिफ़ाज़त करूंगा। (8)....दुन्या से बे रग़बती अपनाऊंगा। (9)....अपने पास मौजूद दुन्या पर क़नाअत करूंगा। (10)....शरीरों की सोहबत और कमीनों के साथ मेल जोल से बचूंगा। (11)....इबादत व ज़िक्र के लिये फ़राग़त हासिल करूंगा। (12)....गोशा नशीनी इख़्तियार करूंगा ताकि **अल्लाह** तआला की ख़ुशनूदी हासिल हो जाए। (13)....लोगों को अपने शर से बचाऊंगा। (14)....नेकी व तक़्वा के हुसूल की कोशिश करूंगा। (15)....इताअत व फ़रमां बरदारी की हलावत व मिठास महसूस करूंगा। (16)....दिल और बदन को राहत पहुंचाऊंगा। (17)....शरारतों और झगड़ों से दूर रह कर अपनी जान और दीन की हिफ़ाज़त करूंगा। (18)....ग़ौरो फ़िक्र वाली इबादत पर क़ुदरत हासिल करूंगा। (19)....राहे रास्त की रहनुमाई हासिल करूंगा। (20)....**अल्लाह** तआला का क़ुर्ब पाऊंगा। (21)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की रिज़ा तलाश करूंगा।

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के लिये भूका रहने की सात निय्यतें

मोमिन की ख़स्लतों में से भूक बड़ी शान रखती है और जब इस में निय्यत दुरुस्त हो तो येह सब से ज़ियादा पैरवी के लाइक़ है और

इस भूक में बहुत सी मुस्तह़ब निय्यतें हैं जो बन्दे को बुलन्द दरजात तक पहुंचा देती हैं।

पहली निय्यत

बन्दा भूका रहने से येह निय्यत करे कि नफ़्स को कमज़ोर करेगा, उस की ख़्वाहिशात को तोड़ेगा और उस की मुख़ालफ़त को तरजीह़ देगा ताकि वोह इत़ाअ़त वाले कामों में लग जाए और हुक्मे इलाही पर अ़मल के लिह़ाज़ से ऐसा करना मुस्तह़ब है बन्दा इस के ज़रीए़ **अल्लाह** तआ़ला की रिज़ा पा लेगा और बुलन्द दरजात पर फ़ाइज़ हो जाएगा।

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

وَ اَمَّا مَنْ خَافَ مَقَامَ رَبِّهٖ وَ نَهَى النَّفْسَ عَنِ الْهَوٰىۙ(۴۰) فَاِنَّ الْجَنَّةَ هِیَ الْمَاْوٰىؕ(۴۱) (پ۳۰،النّٰزعٰت:۴۰)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और वोह जो अपने रब के हुज़ूर खड़े होने से डरा और नफ़्स को ख़्वाहिश से रोका तो बेशक जन्नत ही ठिकाना है।*

नफ़्स को मग़्लूब करने का त़रीक़ा

ह़ज़रते सय्यिदुना यह़्या बिन मुआ़ज़ رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰی عَلَيْه फ़रमाते हैं : अगर तुम इस बात पर कि "नफ़्स दुन्या छोड़ दे और इत़ाअ़त में लग कर तुम से सुल्ह़ कर ले" सातों आस्मान के फ़िरिश्तों, कमो बेश एक लाख 24 हज़ार अम्बियाए किराम عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام हर आस्मानी किताब व ह़िक्मत और तमाम वलियों की सिफ़ारिश भी ले आओ तो नफ़्स तुम्हारी बात नहीं मानेगा और अगर तुम इस के सामने भूक की सिफ़ारिश ले आओ तो येह तुम्हारी बात मानेगा और तुम्हारे सामने झुक जाएगा।(1)

❶...علم القلوب،باب النیۃ فی التجوع للہ،ص۲۰۰

भूक की अहम्मिय्यत व फ़ज़ीलत

हज़रते सय्यिदुना सहल बिन अ़ब्दुल्लाह رَحْمَۃُ اللہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं : उस **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की क़सम जिस के सिवा कोई मा'बूद नहीं ! **अल्लाह** तआ़ला की ना पसन्दीदा चीज़ छोड़ कर उस की पसन्दीदा चीज़ की त़रफ़ आने वाले सिर्फ़ भूक से ही आ सकते हैं और सिद्दीक़ीन भूक ही के ज़रीए सिद्दीक़ बनते हैं।[1]

जन्नती सुवारियों के सुवार

हज़रते सय्यिदुना ह़ज्जाज बिन ग़ुराफ़िज़ा رَحْمَۃُ اللہِ تَعَالٰی عَلَیْہ बयान करते हैं कि मैं मक्कए मुकर्रमा में इबादतो रियाज़त में मसरूफ़ एक गुरौह के पास आया और उन से अ़र्ज़ की : मुझे बताइये कि **अल्लाह** तआ़ला ने अपने औलिया को अपने नफ़्सों को भूका रखने का हुक्म क्यूं दिया ? वोह बोले : क्या तुम ने नहीं देखा कि अगर सख़्त त़बीअ़त चोपाया या ऊंट बिदक जाए तो घरवाले उसे भूका रख कर ही उस पर क़ाबू पाते हैं। जब कि बन्दे का मुआ़मला येह है कि अगर वोह अपने नफ़्स को भूका प्यासा रखता है तो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ फ़िरिश्तों के सामने उस पर फ़ख़्र फ़रमाता है और जिस बन्दे पर **अल्लाह** तआ़ला ने एक बार भी फ़ख़्र फ़रमाया क़ियामत के दिन उस के सर पर नूर का ताज रखा जाएगा और **अल्लाह** तआ़ला नूरी फ़िरिश्तों को भेजेगा जिन के साथ ऐसी सुवारियां होंगी जो सुर्ख़ व पीले याक़ूत से आरास्ता होंगी, उन की लगामें पिरोए हुए मोतियों की और उन के कजावे सब्ज़ ज़बरजद के होंगे, उन सुवारियों को ख़ूब रू लड़के हांकते हुए

[1]...علم القلوب،باب النية في التجوع للہ،ص٢٠٠

लाएंगे और दुन्या में भूक प्यास बरदाश्त करने वालों की क़ब्रों के सामने खड़ा करेंगे तो वोह उन पर सुवार हो कर बारगाहे इलाही में ह़ाज़िर होंगे।(1)

शैत़ान का जासूस

ह़ज़रते सय्यिदुना इब्राहीम बिन अदहम عَلَيْهِ رَحمَةُ اللهِ الْاَكْرَم बयान करते हैं : मुझे येह बात पहुंची है कि एक दिन और एक रात शैत़ान ने ह़ज़रते सय्यिदुना ईसा रूहुल्लाह عَلَيْهِ السَّلَام को देखा कि आप बज़ाहिर कमज़ोर हैं तो शैत़ान ने कहा : क्या बात है कि मैं आप को कमज़ोर देख रहा हूं क्या मैं आप को खाना पेश करूं ? ह़ज़रते सय्यिदुना ईसा عَلَيْهِ السَّلَام ने इरशाद फ़रमाया : तू अच्छी त़रह़ जानता है कि अगर मैं इन पहाड़ों और वादियों से कह दूं : "**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के हुक्म से खाना बन जाओ" तो येह खाना बन जाएंगे मगर तू मेरा दुश्मन है और नफ़्स मेरे साथ तेरा जासूस है लिहाज़ा मैं तेरे जासूस को भूका रख कर कमज़ोर करता हूं ताकि इस में इतनी त़ाक़त न रहे कि येह मेरी ख़बर तुझ तक पहुंचा सके। बेशक मेरी भूक तुझे गुस्सा दिलाती और पिघलाती है और मैं दुन्या से इस के इलावा और कुछ नहीं चाहता।(2)

भूक के बारे में येह शे'र कहा गया है :

رَاَيْتُ الْجُوْعَ يُغْلَبُ مِنْ رَّغِيْفٍ   وَمِلْئِ الْقَعْبِ مِنْ مَّاءِ الْفُرَاتِ

رَاَيْتُ الْجُوْعَ عَوْنًا لِلْمُصَلِّيْ   رَاَيْتُ الشَّبْعَ عَوْنًا لِلسَّبْحَاتِ

तर्जमा : (1)....मेरा मुशाहदा है कि जव की एक रोटी और फ़ुरात के पानी से भरे एक प्याले से भूक पर ग़लबा पाया जा सकता है। (2)....मैं

1...علم القلوب، باب النية فى التجوع لله، ص ٢٠٠

2...علم القلوب، باب النية فى التجوع لله، ص ٢٠١

ने भूक को नमाज़ी के लिये और शिकम सैरी को ज़िन्दगी के चन्द लम्हों के लिये मददगार पाया है।(1)

दूसरी निय्यत

बन्दा भूका रह कर हुज़ूर नबिय्ये करीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم और आप के सहाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان के अह़वाल की मुवाफ़क़त की निय्यत करे ताकि बरोज़े क़ियामत इन नुफ़ूसे क़ुदसिय्या के ज़ुमरे में शामिल हो जाए।

रसूले मुकर्रम, शफ़ीए़ मुअ़ज़्ज़म صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : مَنْ تَشَبَّهَ بِقَوْمٍ فَهُوَ مِنْهُمْ या'नी जो जिस क़ौम की मुशाबहत इख़्तियार करता है वोह उन्हीं में से है।(2)

दुआ़ए मुस्त़फ़ा

अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना अ़लिय्युल मुर्तज़ा كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰی وَجْهَهُ الْكَرِيْم फ़रमाते हैं कि मैं हुज़ूर ताजदारे दो जहां صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की बारगाह में ह़ाज़िर हुवा, मैं ने देखा कि आप एक चटाई पर चेहरए अक़्दस झुकाए तशरीफ़ फ़रमा थे और ब ज़ाहिर भूक से कमज़ोर नज़र आ रहे थे और यूं दुआ़ फ़रमा रहे थे : इलाही ! मेरी भूक और प्यास के सदक़े मेरी उम्मत के गुनाह मुआ़फ़ फ़रमा दे।(3)

उम्मुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदतुना आ़इशा सिद्दीक़ा رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهَا फ़रमाती हैं : हुज़ूर नबिय्ये रह़मत, शफ़ीए़ उम्मत صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم और

1...علم القلوب، باب النية فى التجوع للّٰه، ص۲۰۱

2...ابو داود، كتاب اللباس، باب فى لبس الشهرة، ۴/ ۶۲، حديث: ۴۰۳۱

3...علم القلوب، باب النية فى التجوع للّٰه، ص۲۰۲

आप के सह़ाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان ज़ाहिरी गुरबत व इफ़्लास के सबब भूक इख़्तियार किया करते थे।[1]

सह़ाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان की भूक

ह़ज़रते सय्यिदुना अबू हुरैरा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ का बयान है कि बारहा ऐसा होता कि मैं हुजरए अक़्दस और मिम्बरे अत़हर के दरमियान (या'नी रियाज़ुल जन्नह में) भूक के सबब आवाज़ें निकाल रहा होता था और लोग कहते कि "येह दीवाना हो गया है" ह़ालांकि मुझे भूक के सिवा कोई दीवानगी न होती थी[2] और कई बार ऐसा भी होता कि हुज़ूर नबिय्ये पाक, साहिबे लौलाक صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم नमाज़ पढ़ा रहे होते तो भूक के सबब बा'ज़ सह़ाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان ज़मीन पर गिर जाते, आप صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم जब नमाज़ से फ़ारिग़ होते तो उन की त़रफ़ मुतवज्जेह हो कर इरशाद फ़रमाते : अगर तुम जानते कि अल्लाह तआ़ला के पास तुम्हारे लिये क्या (ख़ैर व भलाई) है तो तुम (भूक को) और ज़ियादा करते।[3]

जन्नत में रसूलुल्लाह की रफ़ाक़त

ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन अ़ब्बास رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا बयान फ़रमाते हैं कि हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रह़ीम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने एक अन्सारी शख़्स की इ़यादत की तो उस से इरशाद फ़रमाया : क्या तुम्हें किसी शै की ख़्वाहिश है? उस ने अ़र्ज़ की : जी हां। इरशाद फ़रमाया : जिस के पास भी (इस की मत़लूबा शै) हो वोह ले आए। एक शख़्स खड़ा हुवा और

1 ...جامع العلوم والحکم، الحدیث السابع والاربعون، ص۵۲۶، من عوز بدلہ کثیرا

2 ...ترمذی، کتاب الزھد، باب ماجاء فی معیشۃ... الخ، ۴/ ۱۶۲، حدیث: ۲۳۷۴

3 ...ترمذی، کتاب الزھد، باب ماجاء فی معیشۃ... الخ، ۴/ ۱۶۲، حدیث: ۲۳۷۵

रोटी का एक टुकड़ा ले आया और उस अन्सारी को खिला दिया।[1] फिर हुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने हज़रते सय्यिदुना अबू ज़र ग़िफ़ारी رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْه से इरशाद फ़रमाया : "कम खाने और कम बोलने वाला जन्नत में मेरे साथ इन दो उंगलियों की तरह होगा।" और आप صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने अपनी शहादत और दरमियान वाली उंगली से इशारा फ़रमाया।[2]

बरोज़े महशर क़ुर्बे रसूल पाने वाला

हुज़ूर ताजदारे ख़त्मे नबुव्वत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : बरोज़े क़ियामत तुम में से मेरे क़रीब तरीन वोह बैठेगा जिस की भूक, प्यास और ग़म तवील होगा।[3]

बिला हिसाब जन्नत में दाख़िला

हज़रते सय्यिदुना अबू हुरैरा और हज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन मसऊ़द رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا समेत भूक के सताए हुए पांच सहाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان ने बारगाहे रिसालत में हाज़िर हो कर अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ! हमें बहुत भूक लग रही है, क्या खाने को कुछ मिल सकता है ? तो उस वक़्त उन्हें जव के थोड़े से सत्तू मुयस्सर आए जो उन्हों ने खा लिये मगर वोह सेर न हो सके। उन्हों ने अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ! आख़िर हम कब तक भूक में मुब्तला रहेंगे ? हुज़ूर

1 ...ابن ماجہ، کتاب الطب، باب المریض یشتھی الشیء، ۴/ ۸۹، حدیث: ۳۴۴۰
الاحادیث المختارۃ، مسند عبداللہ بن عباس، ۱۲/ ۲۷۳، حدیث: ۲۹۹
2 ...مسند فردوس، ۵/ ۳۴۰، حدیث: ۸۳۶۹، دون قولہ کھاتین واشار... الخ
3 ...احیاء العلوم، کتاب کسر الشھوتین، بیان فضیلۃ الجوع وذم الشبع، ۳/ ۱۰۱، بتغیر قلیل
قوت القلوب، الفصل التاسع والثلاثون فی ترتیب الاقوات... الخ، ذکر ریاضۃ المریدین... الخ، ۲/ ۲۸۱

नबिय्ये रह़मत, शफ़ीए़ उम्मत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : तुम ज़ियादा अ़र्सा इस में मुब्तला नहीं रहोगे मगर येह कि तुम **अल्लाह** तआ़ला से डरो और शुक्र अदा करो क्यूंकि मैं सब्र वालों के इ़लावा किसी क़ौम को बिग़ैर हिसाब जन्नत में दाख़िल होने वाला नहीं पाता[1] ।[2]

तीसरी निय्यत

बन्दा इस निय्यत से भूका रहे कि "दुन्यावी सामान में कमी करेगा।" तो येह उस मा'ना के लिह़ाज़ से होगा जैसा इस रिवायत में है। चुनान्चे,

अफ़्ज़ल लिबास, अफ़्ज़ल इ़ल्म और अफ़्ज़ल इ़बादत

हुज़ूर नबिय्ये पाक, साहिबे लौलाक صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : लोगों पर एक ज़माना ऐसा आएगा कि उन की अफ़्ज़ल ज़िरह (लिबास) भूक होगी, अफ़्ज़ल इ़ल्म ख़ामोशी होगा और अफ़्ज़ल इ़बादत नींद होगी।[3]

और मज़कूरा निय्यत इस मा'ना में होगी जिस के मुतअ़ल्लिक़ मन्क़ूल है : مَنْ رَضِيَ مِنَ اللهِ بِالْقَلِيْلِ مِنَ الرِّزْقِ رَضِيَ عَنْهُ بِالْقَلِيْلِ مِنَ الْعَمَلِ या'नी जो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ से थोड़े रिज़्क़ पर राज़ी हो गया **अल्लाह** करीम उस से थोड़े अ़मल पर राज़ी हो जाएगा।[4]

---

1 ....इस रिवायत में साबिरीन की फ़ज़ीलत बयान करना मक़्सूद है, ऐसा नहीं है कि इन के इ़लावा कोई और जन्नत में दाख़िल नहीं होगा, ऐसी बहुत सी रिवायात हैं जिन में दीगर नेक आ'माल पर भी जन्नत की बिशारत दी गई है, मसलन तहज्जुद, सदक़ा व ख़ैरात वग़ैरा। (अज़ इ़ल्मिय्या)

2 ...علم القلوب، باب النية في التجوع لله، ص ۲۰۲

3 ...قوت القلوب، الفصل السابع في ذكر اوراد النهار، ۱/ ۳۳، دون قوله افضل درعهم الجوع

4 ...معجم كبير، ۸/ ۱۴۰، حديث: ۷۶۲۹

गुनाहों से बचने का नुस्ख़ा

हज़रते सय्यिदुना हातिमे असम عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْاَكْرَم फ़रमाते हैं : तुम ख़्वाहिशों को छोड़ दो तो दुन्यादारों की ख़िदमत से बच जाओगे, लज़्ज़तों को छोड़ दो तो गुनाहों से बच जाओगे और लालच को छोड़ दो तो ग़मों से बच जाओगे। बन्दा जिस क़दर मन पसन्द चीज़ें खाने के लिये अपने पेट को ढील देता है उसी क़दर तलबे दुन्या की कोशिश करता है लिहाज़ा वोह खाना छोड़ कर और ख़ुद को भूका रख कर दुन्यावी साज़ो सामान में कमी करने वाला शुमार होगा।[1]

दुन्या ! तेरा पेट है

एक बुज़ुर्ग से अ़र्ज़ की गई : दुन्या क्या है ? उन्हों ने फ़रमाया : दुन्या तेरा पेट है पस तू जितना अपने पेट से बे रग़बत होगा उसी क़दर दुन्या से बे रग़बत हो जाएगा।[2]

चौथी निय्यत

बन्दा येह निय्यत करे कि पेट को भूका रख कर कल मैदाने मह़शर में क़ियामत के उस दिन में राह़त ह़ासिल करूंगा जिस की मिक़्दार 50 हज़ार साल है, जिस में (नाफ़रमानों के लिये) खाना होगा न पानी और यूं ही राह़त होगी न सुकून।

दुन्या में भूका रहने की फ़ज़ीलत

हुज़ूर नबिय्ये अकरम, शफ़ीए आ'ज़म صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने

---

1 ...علم القلوب، باب النية فى التجوع للّٰه، ص ٢٠٣

2 ...علم القلوب، باب النية فى التجوع للّٰه، ص ٢٠٣

अ़ज़्मत निशान है : बरोज़े क़ियामत लोग प्यासे उठाए जाएंगे और दुन्या में भूके रहने वाले आख़िरत में पेट भरे होंगे।(1)

अम्बियाए किराम की रफ़ाक़त ह़ासिल हो

हु़ज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रह़ीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : अगर मुमकिन हो कि जब तुम्हें मौत आए तो तुम्हारा पेट भूका और जिगर प्यासा हो तो ऐसा ही करो कि इस के बदौलत तुम आ'ला मनाज़िल व मरातिब पर फ़ाइज़ हो जाओगे, तुम्हारा ठिकाना ह़ज़राते अम्बियाए किराम عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام के साथ होगा और फ़िरिश्ते तुम्हारी रूह़ की आमद पर खु़श होंगे।(2)

पेट और शर्मगाह की ख़्वाहिशात का ख़ौफ़

हु़ज़ूर ताजदारे दो जहां صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : मुझे तुम पर सब से ज़ियादा उन ख़्वाहिशात का ख़ौफ़ है जो तुम्हारे पेटों और शर्मगाहों में रखी गई हैं।(3)

पांचवीं निय्यत

बन्दा निय्यत करे कि "भूका रह कर बैतुल ख़ला में आना जाना कम करूंगा।" इस सूरत में वोह रोज़ादार भी हो तो इस की बदौलत वोह सच वालों और ह़या वालों के दरजे को पहुंच जाता है। जैसा कि

ह़या की ह़क़ीक़त तीन चीज़ें हैं

हु़ज़ूरे पुरनूर, शाफ़ेए यौमुन्नुशूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने अपने सह़ाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان से इरशाद फ़रमाया : अल्लाह रब्बुल इ़ज़्ज़त से

---

1 ... تذکرۃ الموضوعات، باب فضل الحلاوۃ واطعامها ... الخ، ص۱۵۱، دون قوله الناس یحشرون الی عطاشا

2 ... مسند حارث، کتاب الصیام، باب فضل الصوم، ۱/ ۴۳۰، حدیث: ۳۴۷

3 ... اعتلال القلوب للخرائطی، باب ذم الهوی واتباعه، ۱/ ۴۶، حدیث: ۸۸، بتغیر قلیل

कमाहक़्क़ुहू हया करो। इन्हों ने अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ! हम अल्लाह عَزَّوَجَلَّ से कैसे हया करें ? इरशाद फ़रमाया : जो अल्लाह तआ़ला से कमाहक़्क़ुहू हया करना चाहता है वोह अपने पेट और उस में जो कुछ है और अपने सर और उस में जो कुछ है उस की हिफ़ाज़त करे और मौत व मुसीबत को याद रखे।(1)

यहां हुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने ख़बर दी कि हया की हक़ीक़त येह तीन ख़स्लतें हैं और इन में से एक पेट की हिफ़ाज़त है और वोह रिज़ाए इलाही के लिये भूका रहना है ताकि पेट में चीज़ों के दाख़िल होने और निकलने का अ़मल कम रहे।

हज़रते सय्यिदुना मालिक बिन दीनार عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْغَفَّار फ़रमाते हैं : मुझे बैतुल ख़ला में बहुत ज़ियादा आने जाने में अपने रब عَزَّوَجَلَّ से हया आती है हत्ता कि मैं तमन्ना करता हूं कि अल्लाह तआ़ला मेरा रिज़्क़ ठीकरी में रख देता तो मैं उसे चूस लिया करता यहां तक कि मुझे मौत आ जाती।(2)

खाना खाते वक़्त सहाबा की तमन्ना

हुज़ूर इमामुल अम्बियाए वल मुर्सलीन صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के सहाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان की ता'रीफ़ करते हुए हज़रते सय्यिदुना हसन बसरी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْقَوِي फ़रमाते हैं : उन में से कोई एक वक़्त का खाना खाते तो तमन्ना करते कि काश ! येह उन के पेट में बाक़ी रहता जैसे पानी में ठीकरी बाक़ी रहती है पस येह उन का दुन्यावी ज़ादे राह हो जाता।(3)

1 ...ترمذی، کتاب صفة القیامة، باب ۲۴، ۴/ ۲۰۷، حدیث: ۲۴۶۶، بتغیر قلیل

2 ... المجالسة وجواهر العلم، ۱/ ۳۷۹، رقم: ۹۷۸، بتغیر قلیل

3 ...موسوعة ابن ابی دنیا، کتاب الجوع، ۴/ ۹۷، رقم: ۱۰۹

छटी निय्यत

बन्दा भूका रहने से निय्यत करे कि अल्लाह तआ़ला की पकड़ और नाराज़ी से बचूंगा। ह़ज़रते सय्यिदुना अबू त़ालिब मक्की عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْوَلِي ने फ़रमाया : जो दो बार की भूक के दरमियान एक बार सेर हुवा उस ने हुज़ूर नबिय्ये करीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के अस्ह़ाब की सीरत को अपना लिया और येह तब होगा जब बन्दा सौमे दह्र रखे तो रात में रोज़ा खोले और उस के बा'द एक दिन का रोज़ा रखे पस येह दो बार की भूक के दरमियान एक बार का सेर होना (पेट भरना) है तो येह भूक उस के सेर होने से ज़ियादा होगी।[1]

सातवीं निय्यत

बन्दा निय्यत करे कि भूका रह कर उन मसाइबो आलाम को याद रखूंगा जो भूक वालों को पहुंचते हैं।

ताकि भूकों को याद रखूं

मन्क़ूल है कि ह़ज़रते सय्यिदुना यूसुफ़ बिन या'क़ूब عَلَيْهِمَا السَّلَام जब मिस्र के ख़ज़ानों के मालिक बने तो आप ने कभी पेट भर कर खाना नहीं खाया। आप से इस बारे में अ़र्ज़ की गई तो इरशाद फ़रमाया : मुझे ख़ौफ़ है कि अगर मैं ने पेट भर कर खाया तो भूके को भूल जाऊंगा।[2]

1 ...قوت القلوب، الفصل التاسع والثلاثون فی ترتیب الاقوات...الخ، ذکر ریاضة المریدین...الخ، ۲/ ۲۸۲، مفهومًا

2 ...علم القلوب، باب النیة فی التجوع لله، ص ۲۰۴

पांच चीज़ें और पांच लोग

मन्क़ूल है कि पांच चीज़ें ऐसी हैं जिन की क़दर पांच त़रह़ के लोग ही जानते हैं : (1)....सिह़्ह़त व आफ़िय्यत की ने'मत को बीमार (2)....ज़िन्दगी की क़ीमत को मुर्दे (3)....पेट भरने की क़द्रो क़ीमत भूके (4)....नींद की लज़्ज़त दर्दो तक्लीफ़ वाले और (5)....रोशनी की ने'मत को अंधेरे में रहने वाले ही जानते हैं।[1]

भूका रहने की निय्यतों का खुलासा

(1)....भूका रह कर नफ़्स को कमज़ोर करूंगा, उस की ख़्वाहिशात को तोड़ूंगा और उस की मुख़ालफ़त को तरजीह़ दूंगा ताकि वोह इत़ाअ़त वाले कामों में लग जाए। (2)....भूका रह कर हुज़ूर नबिय्ये करीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم और आप के सह़ाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان के अह़्वाल की मुवाफ़क़त करूंगा ताकि उन के गुरौह में शामिल हो जाऊं। (3)....भूका रह कर दुन्या के ज़ादे राह में कमी करूंगा। (4)....भूका रह कर मैदाने मह़्शर के लिये राह़त का सामान करूंगा। (5)....भूका रह कर बैतुल ख़ला में आना जाना कम करूंगा। (6)....भूक के ज़रीए़ **अल्लाह** तआ़ला की पकड़ से नजात और उस की नाराज़ी से बचूंगा। (7)....भूका रह कर उन मसाइबो आलाम को याद रखूंगा जो भूक वालों को पहुंचते हैं।

किताबों के हुसूल और मुत़ालए की 48 निय्यतें

किताबें ह़ासिल करने और उन्हें पढ़ने के लिये दर्जे ज़ैल निय्यतें की जा सकती हैं : (1)....**अल्लाह** तआ़ला की रिज़ा, उस का क़ुर्ब और उस की मह़ब्बत ह़ासिल करूंगा। (2)....इ़ल्म की बक़ा और उसे मिटने से

1 ...علم القلوب،باب النية فی التجوع للّٰہ،ص۲۰۴

बचाने की कोशिश करूंगा। (3)....रसूले करीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की शरीअ़त की नश्रो इशाअ़त और इत्तिबाअ़ में इज़ाफ़ा कर के आप की महब्बत बढ़ाऊंगा। (4)....उ़लमा, औलिया, नेक बन्दों और तमाम मुसलमानों की दुआ़ओं की बरकतें पाऊंगा। (5)....बुज़ुर्गों के उ़लूम फैला कर उन की शफ़ाअ़त का त़लबगार बनूंगा। (6)....इन उ़लूम से महरूम लोगों तक येह उ़लूम पहुंचाऊंगा। (7)....मेरे बा'द इन उ़लूम पर क़ाइम रहने वालों तक येह उ़लूम पहुंचाऊंगा ताकि वोह मेरे लिये दुआ़ करें। (8)....इल्मे दीन वालों से मन्सूब हो कर और उन के गुरौह में दाख़िल हो कर ख़ुद को शैत़ान से बचाऊंगा। (9)....अपने नफ़्स को मश्ग़ूल रखूंगा। (10)....ख़ुद को नसीह़त करूंगा। (11)....किताबों को वसीला बनाते हुए इन के ज़रीए़ दूसरों को नसीह़त करूंगा। (12)....मुसन्निफ़ ने जो निय्यत व इरादा किया उस की तक्मील में कोशिश करूंगा। (13)....उस के मक़्सद को अपना मक़्सूद बनाऊंगा। (14)....उस की मुराद को ज़िन्दा करूंगा। (15)....जिस तक न पहुंची उस तक पहुंचाऊंगा। (16)....सुन कर नफ़्अ़ उठाने वालों तक पहुंचाऊंगा। (17)....इन के ज़रीए़ नफ़्अ़ उठाने वाले मुसलमानों को फ़ाएदा पहुंचाऊंगा। (18)....कुतुब और इन की हिफ़ाज़त कर के शिआ़रे इस्लाम का इज़हार करूंगा। (19)....इन के ज़रीए़ इल्म को फैलाऊंगा। (20)....नेकी व तक़्वा पर दूसरों की मदद करूंगा। (21)....नेकी का हुक्म दूंगा और बुराई से मन्अ़ करूंगा। (22)....दुरुस्त बात तक रसाई ह़ासिल करूंगा। (23)....ह़क़ बात कहूंगा। (24)....ह़क़ बात को क़बूल करूंगा। (25)....लोगों को ह़क़ सुनाऊंगा। (26)....इल्म को आ़म कर के उस की ख़िदमत करूंगा। (27)....ख़ुद से जहालत दूर करूंगा। (28)....नेक लोगों से मुशाबहत इख़्तियार करूंगा। (29)....नेकूकारों से निस्बत क़ाइम करूंगा।

(30)....सालिहीन के तौर तरीक़ों से ख़ुद को मुज़य्यन करूंगा । (31)....**अल्लाह** तआ़ला का शुक्र अदा करूंगा जैसा कि उस ने हमें ख़ैरो भलाई पर रखा । (32)....रिवायात व अक़्वाल को दिरायत की कसोटी पर परखूंगा । (33)....दोनों जहान के शर को दूर करूंगा । (34)....अपने लिये, दोस्त अह़बाब और तमाम मुसलमानों के लिये दारैन का फ़ाएदा ह़ासिल करूंगा । (35)....नेक लोगों का ज़िक्र कर के रह़मत का नुज़ूल त़लब करूंगा । (36)....शैत़ान को ज़लील करूंगा और उस से जंग करूंगा । (37)....नफ़्से अम्मारा या'नी गुनाह का हुक्म देने वाले नफ़्स से जिहाद करूंगा । (38)....ख़ुद को सिद्क़ो सफ़ा से आरास्ता करूंगा । (39)....नेक लोगों का ज़िक्र कर के गुनाहों की बख़्शिश का सामान करूंगा । (40)....सालिहीन की ह़िकायात से दिल को तक़्विय्यत पहुंचाऊंगा और इसे साबित क़दम रखूंगा । (41)....सूफ़ियाए किराम के त़रीक़े पर ईमान रखूंगा और इस की तस्दीक़ करूंगा । (42)....गुरौहे सूफ़िया में इज़ाफ़ा करूंगा । (43)....उन के अह़वाल व आ'माल को अपनाऊंगा । (44)....**अल्लाह** करीम के फ़ज़्लो रह़मत का उम्मीदवार बनूंगा । (45)....**अल्लाह** तआ़ला की मदद व तौफ़ीक़ ह़ासिल करूंगा । (46)....बारगाहे इलाही में ख़ुद को पेश रखूंगा । (47)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की त़रफ़ मोह़ताजी रखूंगा । (48)....ह़ुसूले कुतुब और मुत़ालए़ में सालिहीन, उ़लमा और बा अ़मल लोगों वाली निय्यत रखूंगा ।

बारगाहे इलाही में इल्तिजाएं

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हम से क़बूल फ़रमा, हम में जो कमी है उसे पूरा फ़रमा दे, हमें एक लम्ह़ा भी हमारे नफ़्सों के सिपुर्द न करना, अपने करम व एह़सान से ख़ैरो आ़फ़िय्यत में हमारे तमाम मुआ़मलात दुरुस्त फ़रमा ।

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हमारी, हमारे मां बाप, हमारे असातिज़ए किराम, हमारी औलाद, हमारे रिश्तेदारों, हमारी बीवियों और तमाम अहले हुक़ूक़ की मग़फ़िरत फ़रमा और उस की भी बख़्शिश फ़रमा जिस ने हमें पढ़ाया या जिस को हम ने पढ़ाया और जिस ने हमें दुआ का कहा या जिस को हम ने दुआ का कहा। हम पर रह़्म फ़रमा, हम से राज़ी हो जा, हमें जन्नत में दाख़िल फ़रमा, हमें जहन्नम से नजात अ़ता फ़रमा और हमारे हर काम को दुरुस्त फ़रमा दे।

ऐ परवर दगार عَزَّوَجَلَّ ! कुतुब के हुसूल, इन के मुत़ालए, मेरे तमाम अस्बाब और ह़रकातो सकनात नीज़ मेरे तमाम तसर्रुफ़ात में मेरी मदद फ़रमा और बरकत व सलामती अ़ता फ़रमा, दिल और बदन की राह़त के साथ तमाम कामों को आसान फ़रमा दे ताकि येह मुझे तुझ से ग़ाफ़िल न करें और मेरे और तेरी फ़रमां बरदारी के दरमियान रुकावट न बनें और मुझे पाक दामनी अ़ता फ़रमा और मेरा मुआ़मला बराबर बराबर कर दे (या'नी फ़ाएदा व नुक़्सान के बिग़ैर नजात मिल जाए)।

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मेरी ह़रकत व सुकून तेरे पास अमानत है, मैं जहां रहूं तू मेरी ह़िफ़ाज़त फ़रमा, मुझे अपनी विलायत से नवाज़ दे और हर जगह मुझे अम्न अ़ता फ़रमा, मुझे अपनी उस विलायत से मुशर्रफ़ फ़रमा जिस से तू अपने नेक बन्दों को मुशर्रफ़ करता है।

ऐ मालिको मौला ! न तेरी रह़मत से मायूसी है और न ही तेरी ख़ुफ़्या तदबीर से बे ख़ौफ़ी है। ऐ परवर दगार عَزَّوَجَلَّ ! हम तुझ से तेरे फ़ज़्ल का सुवाल करते हैं, तेरे अ़द्ल से तेरी ही पनाह में आते हैं, तेरी त़रफ़ ज़ियादा बेहतर की रग़बत रखते हैं और तेरे फ़रमान की त़रफ़ माइल हैं।

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हमारे पास उतना ही इ़ल्म है जो तू ने हमें सिखाया, उतना ही अ़मल है जिस की तू ने हमें तौफ़ीक़ दी और वोही ह़ाल है जो तू ने हमें नवाज़ा है। ऐ इ़ज़्ज़तो जलाल वाले ! तू पाक है, तेरे सिवा

कोई इबादत के लाइक़ नहीं, हम तुझ से ख़ैरो आफ़िय्यत के साथ अच्छे ख़ातिमे का सुवाल करते हैं और हमारी मक़्बूल इबादत से और तेरी बारगाह में हमारे नफ़्अ़ बख़्श आ'माल के तुफ़ैल हमें नफ़्अ़ अ़ता फ़रमा।

اٰمِیْن یَارَبَّ الْعٰلَمِیْنَ بِجَاہِ سَیِّدِ الْمُرْسَلِیْنَ، خَاتَمِ النَّبِیِّیْنَ صَلَّی اللّٰہُ عَلَیْہِ وَسَلَّمَ وَعَلٰی سَائِرِ الْاَنْبِیَاءِ وَالْمُرْسَلِیْنَ وَاٰلِ کُلٍّ وَّسَائِرِ الصَّالِحِیْن

या'नी ऐ तमाम जहानों के पालने वाले ! तमाम रसूलों के सरदार आख़िरी नबी صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की इ़ज़्ज़तो बुज़ुर्गी का वासिता येह सारी दुआएं क़बूल फ़रमा। अल्लाह عَزَّوَجَلَّ दुरूदो सलाम नाज़िल फ़रमाए हुज़ूर नबिय्ये करीम और तमाम अम्बिया व रुसुल पर और उन सब की आल और सारे नेक लोग पर भी रह़मत व सलामती नाज़िल फ़रमा।

दर्स सुनने और देने नीज़ इ़ल्मो ज़िक्र के ह़ल्क़ों और सालिह़ीन की जगहों पर ह़ाज़िरी की 40 निय्यतें

(1)....सालिह़ीन के मक़ामात की बरकतें लूटूंगा। (2)....अल्लाह तआ़ला की अ़त़ाओं का त़ालिब रहूंगा। (3)....खुद समझूंगा और दूसरों को समझाऊंगा। (4)....अल्लाह عَزَّوَجَلَّ का फ़ज़्ल तलाश करूंगा। (5)....सालिह़ीन जिस की बक़ा चाहते हैं उस के लिये कोशिश करूंगा। (6)....हुज़ूर नबिय्ये करीम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم पर दुरूद शरीफ़ पढ़ूंगा। (7)....इल्म ह़ासिल करूंगा। (8)....ए'तिकाफ़ की निय्यत करूंगा (येह उस वक़्त है जब येह काम मस्जिद में हों)। (9)....खुद को अपनी ज़ात के लिये सुवाल करने से बचाऊंगा। (10)....नमाज़ का इन्तिज़ार करूंगा। (11)....रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की अह़ादीसे करीमा सुनूंगा।

(12)....ह़दीस शरीफ़ सुन कर दूसरों तक पहुंचाऊंगा। (13)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ख़ातिर मुसलमान भाइयों से मुलाक़ात करूंगा। (14)....वहां दुआएं मांगूंगा। (15)....इस्तिग़फ़ार करूंगा या'नी अपने गुनाहों की बख़्शिश चाहूंगा। (16)....क़ुरआने करीम की तिलावत करूंगा। (17)....शआ़इरे इस्लाम का इज़हार करूंगा। (18)....इ़ल्म को फेलाऊंगा। (19)....वक़्फ़ करने वाले और जिस पर वक़्फ़ किया गया उस की निय्यत का लिहाज़ रखूंगा। (20)....नमाज़े जुमुआ़ में शिर्कत पर ह़ज के सवाब की उम्मीद रखूंगा। (21)....जामेअ़ मस्जिद में नमाज़े अ़स्र की ह़ाज़िरी में उ़मरह के सवाब की उम्मीद रखूंगा। (22)....एक नमाज़ के बा'द दूसरी के इन्तिज़ार में सरह़दे इस्लाम पर घोड़ा बांधने के सवाब की निय्यत करूंगा। (23)....नेकी और तक़्वा पर मदद करूंगा। (24)....नेकी का हुक्म दूंगा और बुराई से मन्अ़ करूंगा। (25)....इ़ल्म की ख़िदमत करूंगा और उसे आ़म करूंगा। (26)....अपने आप से जहालत को दूर करूंगा। (27)....ईमान को तरोताज़ा करूंगा। (28)....नेक व सालेह़ बन्दों की मुशाबहत इख़्तियार करूंगा। (29)....रिवायत को दिरायत से परखूंगा। (30)....नेकूकारों का ज़िक्र कर के रह़मते इलाही का त़लबगार बनूंगा। (31)....नफ़्स के साथ जिहाद कर के उसे मग़लूब करूंगा। (32)....नसीह़त क़बूल करूंगा। (33)....दूसरों को नसीह़त करूंगा। (34)....सालिह़ीन के तज़किरे और उन के वाक़िआ़त बयान कर के गुनाह बख़्शवाऊंगा। (35)....नीज़ इस अ़मल से दिल को तक़्विय्यत पहुंचाऊंगा। (36)....दिल को तम्बीह करूंगा, समझाऊंगा। (37)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की रिज़ा और जन्नत ह़ासिल करूंगा। (38)....**अल्लाह** तआ़ला की नाराज़ी और जहन्नम से **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की पनाह त़लब करूंगा। (39)....इन तमाम आ'माल में ईमान, तस्दीक़

और सवाब की उम्मीद रखूंगा। (40)....आ'माल, उ़लूम और अह़वाल के बजाए **अल्लाह** करीम के फ़ज़्लो रह़मत पर नज़र रखूंगा।

बारगाहे इलाही में इल्तिजा

ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! न तेरी रह़मत से मायूसी है और न ही तेरी ख़ुफ़्या तदबीर से बे ख़ौफ़ी है। ऐ परवर दगार عَزَّوَجَلَّ ! हम तुझ से तेरे फ़ज़्ल का सुवाल करते हैं, तेरे अ़द्ल से तेरी ही पनाह में आते हैं, तेरी त़रफ़ ज़ियादा बेहतर की रग़बत रखते हैं और तेरे फ़रमान की त़रफ़ माइल हैं। ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हमारे पास वोही इ़ल्म है जो तू ने हमें सिखाया, वोही अ़मल है जिस की तू ने हमें तौफ़ीक़ दी और वोही ह़ाल है जिस से तू ने हमें नवाज़ा है। तू पाक है, तेरे सिवा कोई मा'बूद नहीं, ऐ इ़ज़्ज़तो जलाल वाले।

मुसलमानों पर वक़्फ़ मफ़ादाते आ़म्मा की चीज़ें, ज़मीन और अमवाल में 46 निय्यतें

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَصَلَّى اللّٰهُ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّاٰلِهٖ وَصَحْبِهٖ وَسَلَّم

(1)....कुंआं खुदवा कर **अल्लाह** तआ़ला का क़ुर्ब ह़ासिल करूंगा। (2)....रिज़ाए इलाही तलाश करूंगा। (3)....मुसलमानों को नफ़्अ़ पहुंचाऊंगा। (4)....मुसलमानों की दुआ़एं लूंगा। (5)....चोपायों को फ़ाएदा पहुंचाऊंगा। (6)....अहले इस्लाम की मदद करूंगा। (7)....इस पर दुन्यवी व उख़रवी इन्आ़मात के वा'दों की तस्दीक़ करूंगा। (8)....नफ़्अ़ पाने और पहुंचाने के लिये जाए नमाज़ और मस्जिद बनाऊंगा। (9)....वहां नमाज़ पढ़ूंगा। (10)....दूसरे मुसलमान इस में नमाज़ पढ़ेंगे। (11)....मुसलमानों से दुआ़ओं का त़लबगार बनूंगा। (12)....उन्हें नफ़्अ़ पहुंचाऊंगा। (13)....उन

की मदद करूंगा। (14)....येह सब **अल्लाह** तआ़ला के लिये करूंगा। (15)....शआ़इरे इस्लाम में इज़ाफ़ा करूंगा। (16)....इस्लाम और मुसलमानों में शुमूलिय्यत का इज़हार करूंगा। (17)....इन चीज़ों से दुन्या व आख़िरत में फ़ाएदा उठाऊंगा। (18)....अपने आप से दुन्या व आख़िरत का शर दूर करूंगा। (19)....इन के ज़रीए नुज़ूले रह़मत त़लब करूंगा। (20)....इन कामों से **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की अ़त़ाओं का त़लबगार रहूंगा। (21)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की बारगाह में इन कामों को वसीला बनाऊंगा। (22)....**अल्लाह** व रसूल عَزَّوَجَلَّ وصَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की पसन्द में कोशिश करूंगा। (23)....मैं इस के ज़रीए **अल्लाह** तआ़ला का शुक्र अदा करूंगा जैसा कि उस ने मुझे हर ह़ाल में ख़ैर व भलाई में रखा है। (24)....मैं वोही निय्यत करता हूं जो इन कामों में औलिया व उ़लमा करते हैं। (25)....इन अफ़्आ़ल से शैत़ान को ज़लीलो रुस्वा करूंगा। (26)....बुराई का हुक्म देने वाले नफ़्स के साथ जिहाद करूंगा। (27)....येह काम कर के मुसलमानों के साथ मुशाबहत इख़्तियार करूंगा। (28)....सालिह़ीन के त़ौर त़रीक़ों से ख़ुद को मुज़य्यन व आरास्ता करूंगा। (29)....**अल्लाह** व रसूल عَزَّوَجَلَّ وصَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की रिज़ा व ख़ुशनूदी ह़ासिल करूंगा। (30)....उ़लमाए उ़ज़्ज़ाम और औलिया किराम को ख़ुश करने वाला काम करूंगा (31)....इस में माल सर्फ़ कर के **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ का क़ुर्ब ह़ासिल करूंगा। (32)....नीज़ हुज़ूर ताजदारे ख़त्मे नबुव्वत صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की मह़ब्बत ह़ासिल करूंगा। (33)....नेकी का हुक्म दूंगा और बुराई से मन्अ़ करूंगा। (34)....ईमान की तजदीद करूंगा या'नी इसे ताज़ा करूंगा। (35)....भलाई व तक़्वा पर मदद करूंगा। (36)....ह़क़ आ़म करूंगा, ह़क़ क़बूल करूंगा, ह़क़ वाला अ़मल करूंगा और ह़क़ को पसन्द रखूंगा। (37)....नफ़्स के जो काम ज़ियादा लाइक़ है

इसे वहां मसरूफ़ करूंगा। (38)....इस इमारत की मिट्टी, तर्ज़े ता'मीर, नक़्शा और इस से जुड़े तमाम आलात में जो भी तसर्रुफ़ और ख़र्च होगा उस से अल्लाह करीम को राज़ी करूंगा। (39)....इस के ज़रीए अपने ईमान व तस्दीक़ को ज़ाहिर करूंगा। (40)....दिल को तक़्विय्यत पहुंचाऊंगा और इसे नसीहत करूंगा। (41)....इस काम से बे तवज्जोगी बरतने वाले तमाम लोगों की तरफ़ से नियाबत करूंगा। (42)....और उन लोगों से हरज व तंगी को दूर करूंगा। (43)....इन सब बातों में सवाब की निय्यत रखूंगा। (44)....अपने अमल के बजाए अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के फ़ज़्ल और उस की रहमत पर नज़र रखूंगा। (45)....बारगाहे इलाही से मदद और तौफ़ीक़ तलब करूंगा। (46)....उस की बारगाह में खुद को झुकाऊंगा और अपनी मजबूरी और मोहताजी का इज़हार करूंगा।

दुआ

ऐ हमारे रब عَزَّوَجَلَّ ! तू हम से इस को क़बूल फ़रमा, हमारी कमी को पूरा फ़रमा और हमें पलक झपकने बल्कि इस से कम मिक़्दार भी हमारे नफ़्सों के सिपुर्द न फ़रमा।

येह निय्यतें हज़रते सय्यिदुना शैख़ अली बिन अबू बक्र सकरान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن के वसाया से मन्क़ूल हैं।

मशाइख़ व बुज़ुर्गाने दीन से मुलाक़ात की सात निय्यतें

(1)....दीनी व दुन्यावी मुआमलात में उन से फ़ाएदा उठाऊंगा। (2)....हुज़ूर नबिय्ये रहमत صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के इस हुक्म पर अमल करूंगा

कि جَالِسُوا الْكُبَرَاءَ या'नी बड़ों की बारगाह में बैठा करो।"[1] (3)....उन हस्तियों पर नाज़िल होने वाली रह़मत से हिस्सा पाऊंगा। (4)....उन की नज़रे करम का उम्मीदवार रहूंगा ताकि अल्लाह तआ़ला मेरी बिगड़ी ह़ालत को संवार दे। (5)....नेक लोगों की सोह़बत में बैठूंगा। (6)....येह उम्मीद रखूंगा कि अल्लाह عَزَّوَجَلَّ मेरे दिल को पाकीज़ा फ़रमा दे। (7)....येह निय्यत रखूंगा कि अल्लाह करीम ज़ाहिर की त़रह़ मेरे बात़िन को भी उन बुज़ुर्गों से जोड़ दे।

नेक इजतिमाआ़त में ह़ाज़िरी की 11 निय्यतें

(1)....अपने वक़्त की ह़िफ़ाज़त करूंगा। (2)....ह़ुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के ह़ुक्म पर अ़मल करूंगा। (3)....येह निय्यत करूंगा कि अल्लाह तआ़ला मुझे उस जगह से ग़ाइब न पाए जहां का उस ने मुझे ह़ुक्म फ़रमाया है। (4)....अल्लाह عَزَّوَجَلَّ का क़ुर्ब ह़ासिल करूंगा। (5)....वहां जा कर अपने बात़िन को साफ़ और सुथरा करूंगा। (6)....नेक इजतिमाअ़ के ह़ाज़िरीन की ता'दाद में इज़ाफ़ा करूंगा। (7)....अगर मुझे मौत आने वाली हुई तो मजलिसे ख़ैर में ह़ाज़िर हो कर अच्छी ह़ालत इख़्तियार करूंगा। (8)....ख़ुद को ख़ैरो भलाई वालों के साथ जोड़ूंगा। (9)....नफ़्सो शैत़ान और हवस व दुन्या पर ग़लबा ह़ासिल करूंगा। (10)....फ़िरिश्तों की मुशाबहत इख़्तियार करूंगा। (कि ऐसे इजतिमाआ़त में फ़िरिश्तों की आमद होती है) और (11)....बारगाहे इलाही में अपने दरजात बुलन्द करवाऊंगा।

इजतिमाए मीलाद में ह़ाज़िरी की 10 निय्यतें

(1)....ताजदारे अम्बिया صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم पर दुरूद शरीफ़ भेजने वाले इजतिमाअ़ में शिर्कत करूंगा। (2)....ऐसे इजतिमाअ़ में शिर्कत

[1] ...معجم کبیر، ۲۲/ ۱۲۵، حدیث: ۳۲۴

करूंगा जिस की रग़बत उ़लमाए किराम रखते हैं। (3)....हु़ज़ूर रह़मते आ़लम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की सीरते मुक़द्दसा का बयान सुनूंगा। (4)....नसीह़त व हिदायत वाली मजलिस में ह़ाज़िर होऊंगा। (5)....हु़ज़ूर नबिय्ये करीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की आ़दाते मुबारका का बयान सुन कर उन्हें अपनाऊंगा। (6)....अपने वक़्त को ख़ैरो भलाई में सर्फ़ करूंगा। (7)....अहले ह़क़ (मीलाद मनाने वालों) के गुरौह में इज़ाफ़ा करूंगा। (8)....येह निय्यत रखूंगा कि इजतिमाए़ मीलाद में हु़ज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के जो अख़्लाक़ व अवसाफ़ सुनूं, **अल्लाह** तआ़ला मुझे भी उन में से हि़स्सा अ़ता फ़रमा दे। (9)....प्यारे आक़ा, दो आ़लम के दाता صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के लिये जो करना वाजिब है मैं उस पर अ़मल करूंगा। (10)....इजतिमाए़ मीलाद में इस दुआ़ के साथ ह़ाज़िरी दूंगा कि **अल्लाह** तआ़ला मुझे अपने प्यारे ह़बीब صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की ज़ियारत से मुशर्रफ़ फ़रमाए।

ज़ियारते क़ुबूर की सात निय्यतें

(1)....हु़ज़ूर ताजदारे दो जहां صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की इत्तिबाअ़ व पैरवी करूंगा। (2)....आख़िरत, क़ब्र और मौत की ह़ालत को याद करूंगा। (3)....अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और दीगर मुसलमानों के लिये दुआ़ करूंगा। (4)....ज़ियारते क़ुबूर से ख़ुद को नसीह़त करूंगा। (5)....फ़ौतशुदगान के बा'ज़ हुक़ूक़ अदा करूंगा। (6)....फ़ौतशुदा लोगों से राबित़ा क़ाइम करूंगा। (7)....हु़ज़ूर नबिय्ये रह़मत صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के इस हुक्म पर अ़मल करूंगा कि "तुम क़ब्रों की ज़ियारत किया करो।"[1]

[1]...مسلم، کتاب الجنائز، باب استئذان النبی صلی اللہ علیہ وسلم ... الخ، ص ۳۷۷، حدیث

ज़ियारते क़ुबूर की दुआ

क़ब्रों की ज़ियारत के वक़्त ज़ियारत करने वाला जो चाहे दुआ करे और येह कहना मुस्तहब है :

اَلسَّلَامُ عَلَيْكُمْ اَهْلَ الدِّيَارِ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُسْلِمِيْنَ وَاِنَّا اِنْ شَآءَ اللّٰهُ بِكُمْ لَاحِقُوْنَ وَيَرْحَمُ اللّٰهُ الْمُسْتَقْدِمِيْنَ مِنَّا وَالْمُسْتَاْخِرِيْنَ، اَسْاَلُ اللّٰهَ لَنَا وَلَكُمُ الْعَافِيَةَ

या'नी ऐ घरवालो ! मोमिनो और मुसलमानो ! तुम पर सलाम हो, बेशक **अल्लाह** तआ़ला ने चाहा तो हम भी तुम से मिलने वाले हैं, **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ हम में से आगे जाने वालों और पीछे रह जाने वालों पर रह़्म फ़रमाए, मैं **अल्लाह** करीम से हमारे और तुम्हारे लिये आ़फ़िय्यत का सुवाल करता हूं।[1]

गाड़ी चलाने की चार निय्यतें

(1)....सुवारी की दुआ़ का हमेशा ख़याल रखूंगा। (2)....ह़ाजत मन्दों और कमज़ोरों के कामों में मददगार बनूंगा। (3)....पैदल चलने वालों और बैठे हुओं को सलाम करूंगा। (4)....ट्रेफ़िक क़वानीन की पासदारी करूंगा।

मस्जिद की सफ़ाई की 10 निय्यतें

(1)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये मस्जिदें आबाद करने वालों में शुमूलिय्यत इख़्तियार करूंगा। (2)....**अल्लाह** तआ़ला से बड़ा सवाब पाऊंगा। (3)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के नज़दीक पसन्दीदा लोगों में ख़ुद को शामिल करूंगा। (4)....मस्जिद की सफ़ाई के ज़रीए जन्नत में दाख़िले का मुस्तह़िक़ बनूंगा। (5)....सफ़ाई कर के नमाज़ियों को मस्जिद की जानिब राग़िब करूंगा। (6)....नमाज़ियों की ता'दाद में इज़ाफ़ा करूंगा। (7)....इस

[1]...مسلم، کتاب الجنائز، باب ما یقال عند دخول القبور...الخ، ص ۳۷۶، ۳۷۷، حدیث: ۲۲۵۶، ۲۲۵۷

निय्यत के साथ सफ़ाई करूंगा कि इस की बरकत से अल्लाह عَزَّوَجَلَّ मेरे ज़ाहिरो बातिन को साफ़ सुथरा फ़रमा दे। (8)....अपने गुनाहों को मिटाऊंगा। (9)....जन्नत में अपने लिये हूरे ऐन की ता'दाद बढ़ाऊंगा। (10)....इजतिमाई ज़रूरिय्यात में अपने मुसलमान भाइयों का मददगार बनूंगा।

घर में रहने की छ निय्यतें

(1)....लोगों से ख़ुद को दूर रखूंगा। (2)....घरवालों की उन्सिय्यत का सामान करूंगा। (3)....घर के काम काज में घरवालों का हाथ बटाऊंगा। (4)....ख़ुद को फ़ितनों से महफ़ूज़ रखूंगा। (5)....हुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने हज़रते सय्यिदुना हुज़ैफ़ा رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْه को जो हुक्म दिया उस की पैरवी करूंगा कि "तुम्हें तुम्हारा घर काफ़ी हो।"[1] (6)....घरवालों से बात चीत करूंगा।

हाथ मिलाने की आठ निय्यतें

(1)....अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के प्यारे हबीब صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की इत्तिबाअ़ करूंगा। (2)....मुसलमान भाइयों से महब्बत का इज़हार करूंगा। (3)....मुसलमानों से जान पहचान बनाऊंगा। (4)....मुसलमान भाइयों के लिये ख़ुशी ज़ाहिर करूंगा। (5)....मुसलमानों से उन का हाल चाल पूछूंगा। (6)....हाथ मिलाने की सुन्नत को ज़िन्दा रखूंगा। (7)....मुसलमान भाइयों का रंजो ग़म दूर करूंगा। (8)....मुसलमानों के सामने तवाज़ोअ़ व आजिज़ी का इज़हार करूंगा।

1...ترمذی، کتاب الزھد، باب ماجاء فی حفظ اللسان، ۴/ ۱۸۲، حدیث: ۲۴۱۴، عن عقبۃ بن عامر

रिश्तेदारों से मुलाक़ात की पांच निय्यतें

(1)....उन के साथ महब्बत व उलफ़त का इज़हार करूंगा। (2)....उन से क़ुर्बत को बढ़ाऊंगा। (3)....उन के हालात वग़ैरा के मुतअ़ल्लिक़ पूछूंगा। (4)....उन के दिलों में ख़ुशी दाख़िल करूंगा। (5)....उन से दुआ़ की दरख़्वास्त करूंगा।

लाइब्रेरी में दाख़िल होने की 21 निय्यतें

(1)....इल्म हासिल करूंगा। (2)....इल्म को सहीह़ मआख़िज़ों से लूंगा। (3)....ह़क़ की तलाश और दुरुस्त इल्म के लिये कोशिश करूंगा। (4)....उ़लमाए किराम के लिखे और मुदव्वन किये हुए इल्मी आसार से बिल ख़ुसूस मदद लूंगा। (5)....अपने ईमान को मज़बूत करूंगा। (6)....इल्म वालों और उन के आसार की क़द्र करूंगा। (7)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ता'ज़ीम बजा लाऊंगा। (8)....बारी तआ़ला के फ़ुयूज़ात और फ़ज़्लो करम का उम्मीदवार होऊंगा। (9)....इल्मी बातें क़बूल करूंगा। (10)....इल्म को दूसरों तक पहुंचाऊंगा। (11)....इल्म से फ़ाएदा उठाऊंगा। (12)....अपने आप को नसीह़त करूंगा। (13)....इल्म से जो भी मुदव्वन हुवा उस से आगाही हासिल करूंगा। (14)....जो सीखूंगा उस की इक़्तिदा व पैरवी करूंगा। (15)....लाइब्रेरी में आमदो रफ़्त रखने वाले अहले इल्म, नेक लोगों और दिरायत व रिवायत के माहिरीन से फ़ाएदा उठाऊंगा। (16)....बा बरकत और भलाई वाली जगहों का इरादा करूंगा। (17)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के फ़ज़्लो रह़मत से हिस्सा पाऊंगा। (18)....नसीह़त को क़बूल करूंगा। (19)....नफ़्स की तरबियत व इस्लाह़ करूंगा। (20)....नफ़्स को सलफ़े सालिह़ीन के अख़्लाक़ अपनाने पर उभारूंगा। (21)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ और मख़्लूक़ के ह़ुक़ूक़ की पहचान हासिल करूंगा।

सदक़ा करने की 11 निय्यतें

(1)....**अल्लाह** रब्बुल इ़ज़्ज़त का क़ुर्ब ह़ासिल करूंगा। (2)....अपने आप को रब तआ़ला की नाराज़ी से बचाऊंगा। (3)....ख़ुद को जहन्नम की आग से मह़फ़ूज़ करूंगा। (4)....मुसलमान भाइयों पर रह़्म करूंगा। (5)....अपने अ़ज़ीज़ो अक़ारिब के साथ सिलए रेह़्मी करूंगा। (6)....माली त़ौर पर कमज़ोर लोगों की मदद करूंगा। (7)....हुज़ूर साहिबे जूदो अ़त़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की मुताबअ़त व पैरवी करूंगा। (8)....अपने मुसलमान भाइयों के दिलों में ख़ुशी दाख़िल करूंगा। (9)....अपने आप से और तमाम मुसलमानों से बलाएं दूर करूंगा। (10)....**अल्लाह** तआ़ला के दिये हुए रिज़्क़ में से ख़र्च करूंगा। (11)....नफ़्सो शैत़ान को ज़ेर करूंगा।

किताब की ख़रीदो फ़रोख़्त की सात निय्यतें

(1)....इस अ़मल से ज़ाहिरी व बात़िनी फ़ाएदा उठाऊंगा। (2)....अपना वक़्त भलाई के काम में सर्फ़ करूंगा। (3)....दूसरों को ख़ैरो भलाई सीखाऊंगा। (4)....इ़ल्म की ह़िफ़ाज़त करूंगा। (5)....इ़ल्म को आ़म करूंगा। (6)....इस अ़मल में मश्ग़ूल हो कर फ़ुज़ूल बातों से कनारा कशी इख़्तियार करूंगा। (7)....अगर कोई रिआ़यत त़लब करेगा तो उस के साथ तआ़वुन करूंगा।

अपने पास तस्बीह़ रखने की छ निय्यतें

(1)....सालिह़ीन की पैरवी करूंगा। (2)....नेक काम में इस से मदद लूंगा। (3)....वक़्त की ह़िफ़ाज़त करते हुए **अल्लाह** तआ़ला का ब

कसरत ज़िक्र करने वाला बनूंगा। (4)....सलफ़ सालिहीन की मुताबअ़त करूंगा। (5)....इस के ज़रीए़ मुख़्तलिफ़ अज़्कार की ता'दाद याद रखूंगा। (6)....अपने आ'ज़ा को इत़ाअ़त में मश्ग़ूल रखूंगा।

चादर इस्ति'माल करने की 10 निय्यतें

(1)....हुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की इत्तिबाअ़ करूंगा। (2)....नमाज़ की सुन्नतों में से एक सुन्नत पर अ़मल करूंगा। (3)....नेक बन्दों की पैरवी करूंगा। (4)....सालिहीन से मुशाबहत इख़्तियार करूंगा। (5)....नेकूकारों के गुरौह में इज़ाफ़ा करूंगा। (6)....ख़ुद पर अल्लाह तआ़ला की ने'मत का इज़हार करूंगा। (7)....अपने लिबास की तक्मील करूंगा। (8)....नमाज़ की ता'ज़ीम के लिये ज़ीनत इख़्तियार करूंगा। (9)....अपने सत्र को छुपाऊंगा।

चादर ओढ़ने की दुआ़

(10)....येह दुआ़ पढ़ूंगा :

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِیْ كَسَانِیْ هٰذَا الثَّوْبَ وَرَزَقَنِیْهِ مِنْ غَیْرِ حَوْلٍ مِّنِّیْ وَلَا قُوَّةٍ

या'नी सब ख़ूबियां उस अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के लिये जिस ने मुझे येह कपड़ा पहनाया और मेरी ताक़त व कुव्वत के बिग़ैर (महज़ अपने फ़ज़्ल से) येह मुझे अ़त़ा फ़रमाया।[1]

घड़ी इस्ति'माल करने की चार निय्यतें

(1)....आ'माले ख़ैर के लिये अपने अवक़ात की हिफ़ाज़त करूंगा। (2)....नमाज़ के अवक़ात का ख़याल रखूंगा। (3)....वक़्त को तक़्सीम कारी के साथ चलाऊंगा। (4)....अपने अवक़ात का ध्यान रखूंगा।

[1]... ابو داود، کتاب اللباس، باب ما یقول اذا لبس ثوبا جدیدا، ۴/ ۵۹، حدیث: ۴۰۲۳

अ़जाइब घरों और तफ़रीह़ गाहों की पांच निय्यतें[1]

(1)....अपने रफ़ीक़ों के दिलों में ख़ुशी दाख़िल करूंगा । (2)....अपने दिल को राह़त व सुकून पहुंचाऊंगा । (3)....मुसलमान भाइयों की मदद करना सीखूंगा । (4)....दोस्तों से राबिते़ मज़बूत़ करूंगा । (5)....दोस्तों में इज़ाफ़ा करूंगा ।

अज़ान देने की 12 निय्यतें

(1)....एक अ़मले ख़ैर करूंगा । (2)....बा आवाज़े बुलन्द **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ का ज़िक्र करूंगा । (3)....लोगों को नमाज़ की ह़ाज़िरी पर उभारूंगा । (4)....इस निय्यत के साथ अज़ान दूंगा कि मेरी आवाज़ सुनने वाला हर कोई गवाही देगा कि येह **अल्लाह** तआ़ला का ज़िक्र करने वाला है । (5)....नमाज़ से पीछे रह जाने की बुराई को ख़त्म करूंगा । (6)....मेरी आवाज़ सुनने वाला हर कोई मेरे गवाही देने पर गवाह होगा । (7)....अम्र बिल मा'रूफ़ करूंगा या'नी नेकी का हुक्म दूंगा । (8)....ख़ुद को **अल्लाह** तआ़ला के ज़िक्र में मश्ग़ूल करूंगा । (9)....ग़ाफ़िलों के दरमियान ज़िक्रे इलाही करूंगा । (10)....शआ़इरे इस्लाम में से एक शिआ़र का इज़हार करूंगा । (11)....भलाई के कामों पर मुसलमानों की मदद करूंगा । (12)....हुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की सुन्नत का इत्तिबाअ़ करूंगा ।

1....याद रहे कि आज कल तफ़रीह़ गाहों और पार्कों में उ़मूमन बे ह़याई और बे शर्मी के काम होते हैं, बद निगाही आ़म है और वहां त़रह़ त़रह़ के गुनाह होते हैं लिहाज़ा ऐसी जगहों में जाना ख़ुद को ख़त़रे में डालना है । अलबत्ता अगर किसी तफ़रीह़ गाह या पार्क में ऐसा नहीं होता तो बयान कर्दा और दीगर अच्छी निय्यतों के साथ वहां जाना यक़ीनन अज्रो सवाब का ज़रीआ़ बन सकता है । (अज़ अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या)

अज़ान सुनते वक़्त की दुआएं

जब बन्दा अज़ान सुने तो जिस त़रह़ मुअज़्ज़िन कहे येह भी उसी त़रह़ कहता जाए । ह़ज़रते सय्यिदुना यह़या رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه फ़रमाते हैं : हमारे बा'ज़ अह़बाब ने बयान किया कि जब मुअज़्ज़िन "حَیَّ عَلَی الصَّلٰوۃ" कहे तो सुनने वाला जवाब में येह कहे । "لَاحَوْلَ وَلَاقُوَّۃَ اِلَّا بِاللّٰہ" और उन्हों ने फ़रमाया कि हम ने तुम्हारे नबी صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم को इसी त़रह़ जवाब देते सुना है[1] और जब इक़ामत में मुअज़्ज़िन "قَدْقَامَتِ الصَّلٰوۃ" कहे तो तुम जवाब में यूं कहो : اَقَامَهَااللّٰهُ وَاَدَامَهَامَادَامَتِ السَّمٰوٰتُ وَالْاَرْضُ (या'नी जब तक ज़मीनो आस्मान हैं **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इसे क़ाइमो दाइम रखे) और जब अज़ाने फ़ज्र में मुअज़्ज़िन "اَلصَّلٰوۃُ خَیْرٌمِّنَ النَّوْم" कहे तो तुम यूं कहो "صَدَقْتَ وَبَرَرْتَ وَنَصَحْتَ" (या'नी तू ने सच कहा, नेकी की और नसीह़त की)[2]।[3]

शफ़ाअ़ते मुस्त़फ़ा का ह़ुसूल

ह़ज़रते सय्यिदुना जाबिर बिन अ़ब्दुल्लाह رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से मरवी है कि रसूले करीम, रऊफ़ुर्रह़ीम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया कि जो शख़्स अज़ान सुन कर यूं कहे :

"اَللّٰهُمَّ رَبَّ هٰذِهِ الدَّعْوَةِ التَّامَّةِ وَالصَّلٰوةِ الْقَائِمَةِ اٰتِ مُحَمَّدَاِنِ الْوَسِيْلَةَ وَالْفَضِيْلَةَ وَابْعَثْهُ مَقَامًا مَّحْمُوْدَاِنِ الَّذِیْ وَعَدْتَّهٗ"

---

1 ...بخاری، کتاب الاذان، باب مایقول اذا سمع المنادی، ۱/ ۲۲۳، حدیث: ۶۱۳

2 ....अज़ान का जवाब देने का मुफ़स्सल व आसान त़रीक़ा नीज़ अज़ान के फ़ज़ाइलो बरकात जानने के लिये **दा'वते इस्लामी** के इशाअ़ती इदारे **मक्तबतुल मदीना** की मत़बूआ़ 499 **सफ़ह़ात** पर मुश्तमिल किताब "**नमाज़ के अह़काम**" सफ़ह़ा 138 ता 165 या 32 **सफ़ह़ात** पर मुश्तमिल मत़बूआ़ रिसाला "**फ़ैज़ाने अज़ान**" का मुत़ालआ़ कीजिये ।

3 ...ابو داود، کتاب الصلاۃ، باب مایقول اذا سمع الاقامۃ، ۱/ ۲۲۲، حدیث: ۵۲۸
احیاء العلوم، کتاب اسرار الصلاۃ، الباب الاول فی فضائل الصلاۃ... الخ، ۱/ ۲۰۰

या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! इस दा'वते ताम्मा और सलाते क़ाइमा के मालिक तू ह़ज़रते मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم को वसीला और फ़ज़ीलत अ़ता फ़रमा और उन को मक़ामे मह़मूद में खड़ा कर जिस का तू ने उन से वा'दा किया है) ।" तो उस के लिये क़ियामत के दिन मेरी शफ़ाअ़त ह़लाल है ।[1]

अज़ान सुन कर येह कलिमात भी कह लिये जाएं :

رَضِيْتُ بِاللّٰهِ رَبًّا وَّبِسَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ نَبِيًّا وَّ رَسُوْلًا وَّبِالْاِسْلَامِ دِيْنًا

(या'नी मैं **अल्लाह** तआ़ला के रब होने, हमारे सरदार ह़ज़रते मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के नबी व रसूल होने और इस्लाम के दीन होने पर राज़ी हूं) ।[2]

मशरूबात पीने की 23 निय्यतें

(1)....**अल्लाह** तआ़ला की इत़ाअ़त पर क़ुव्वत ह़ासिल करूंगा। (2)....इन मशरूबात से मिलते जुलते जन्नती मशरूबात को याद करूंगा। (3)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की अ़ज़ीम तख़्लीक़ और अ़जाइबाते क़ुदरत में ग़ौरो फ़िक्र करूंगा। (4)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के अ़त़ाकर्दा रिज़्क़ में से खाऊं और पियूंगा। (5)....**अल्लाह** तआ़ला की पाकीज़ा और सुथरी चीज़ें खाऊंगा। (6)....जो काम **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ को मह़बूब है उस के लिये नशात़ या'नी दिल जमई और फ़रह़त व ताज़गी ह़ासिल करूंगा। (7)....ख़ैरो भलाई के लिये अपनी हिम्मत व ह़ौसले को पुख़्ता करूंगा। (8)....अगर नफ़्स त़लबे इ़ल्म या ह़िफ़्ज़े क़ुरआन या अस्बाक़ के याद करने में सुस्ती करेगा तो मशरूबात पी कर अपनी हिम्मत बढ़ाऊंगा। (9)....जिस्म जो हमारे पास

1 ...بخاری، کتاب الاذان، باب الدعاء عند النداء، ۱/ ۲۲۴، حدیث: ۶۱۴

2 ...مسلم، کتاب الصلاۃ، باب القول مثل قول المؤذن... الخ، ص ۱۶۳، حدیث: ۸۵۱

अमानत है इस की हिफ़ाज़त करूंगा। (10)....जिहाद के लिये हमा वक़्त ख़ुद को मुस्तइद (तय्यार) रखूंगा और कुव्वत हासिल करूंगा। (11)....अल्लाह तआ़ला के नेक बन्दे इन से जो निय्यत करते हैं वोह निय्यत रखूंगा। (12)....मशरूबात से सितम रसीदा और शिकस्ता दिलों की मदद करूंगा। (13)....हाजतें पूरी करने में मदद करूंगा। (14)....मुसलमान जो मुश्किल कामों के मोहताज होते हैं उन में शरीक हो कर उन का हाथ बटाऊंगा। (15)....अपनी हिम्मत व कुव्वत को अपने मुसलमान भाइयों की मदद में सर्फ़ करूंगा। (16)....उन से ईज़ा व तक्लीफ़ को दूर करूंगा। (17)....दुश्मनाने दीन और कुफ़्फ़ार पर बड़ाई का इज़हार करूंगा। (18)....अल्लाह عَزَّوَجَلَّ का ज़िक्र और उस की ता'ज़ीम करूंगा। (19)....अल्लाह तआ़ला ने खाने पीने की जो चीज़ें बनाई हैं उन की अ़ज़मत व बुलन्दी में ग़ौरो फ़िक्र करूंगा। (20)....अल्लाह करीम ने जो चीज़ें मुझ पर फ़र्ज़ फ़रमाई हैं उन की अदाएगी पर कुव्वत हासिल करूंगा। (21)....मज़लूमों से ज़ुल्म और ज़ालिमों का क़हर दूर करने पर ताक़त हासिल करूंगा। (22)....अपने ख़ालिक़ व मालिक से अपना हिस्सा पाऊंगा। (23)....हम्दो शुक्र कर के अदाए हक़ की कोशिश करूंगा।

मिस्वाक की सात निय्यतें

(1)....सुन्नत पर अ़मल करूंगा। (2)....हुज़ूर नबिय्ये अकरम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के मिस्वाक से मुतअ़ल्लिक़ हुक्म की पैरवी करूंगा। (3)....कुरआने करीम की तिलावत के लिये अपने मुंह को साफ़ सुथरा करूंगा। (4)....नमाज़ में ज़िक्रे इलाही के लिये मुंह की सफ़ाई करूंगा। (5)....अपने मुंह की बू को पाकीज़ा रखूंगा। (6)....अपने दांतों को चमकदार बनाऊंगा। (7)....तहारत व नज़ाफ़त का एहतिमाम करूंगा।

मिस्वाक करने की दुआ

मिस्वाक करते वक़्त येह दुआ करना मुस्तहब है :

اَللّٰهُمَّ بَيِّضْ بِهٖ اَسْنَانِيْ وَشَدِّبِهٖ لَثَاتِيْ وَبَارِكْ لِيْ فِيْهِ يَااَرْحَمَ الرَّاحِمِيْن

या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! इस के ज़रीए मेरे दांतों को सफ़ेद और मसूढ़ों को मज़बूत फ़रमा दे और मेरे लिये इस में बरकत अ़ता फ़रमा, ऐ सब मेहरबानों से बढ़ कर मेहरबान।(1)

बुलन्द आवाज़ से तिलावत वग़ैरा की छ निय्यतें

जब रियाकारी का ख़ौफ़ न हो तो बुलन्द आवाज़ से तिलावत वग़ैरा की येह निय्यतें हो सकती हैं : (1)....अपने दिल को बेदार रखूंगा। (2)....ग़ौरो फ़िक्र के लिये अपने ख़याल व ध्यान को मुज्तमअ़ (इकठ्ठा) रखूंगा। (3)....अपनी समाअ़त को इस की जानिब लगाए रखूंगा। (4)....नींद को खुद से भगाऊंगा। (5)....जोशो नशात़ में इज़ाफ़ा करूंगा। (6)....ऊंगने वाले की नींद भगाऊंगा, ग़ाफ़िल को बेदार रखूंगा और उन्हें पुर जोश बनाऊंगा।

आख़िरी सफ़ों में नमाज़ पढ़ने की निय्यत

हज़रते सय्यिदुना सईद बिन आ़मिर عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْغَافِر का बयान है कि मैं ने हज़रते सय्यिदुना अबू दरदा رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْه के साथ नमाज़ पढ़ी, उन्हों ने सफ़ों से पीछे हटना शुरूअ़ किया यहां तक कि आख़िरी सफ़ में जा पहुंचे। नमाज़ के बा'द मैं ने उन से अ़र्ज़ की : "क्या येह नहीं कहा गया कि सब से बेहतर सफ़ पहली सफ़ है ?" तो आप رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْه ने फ़रमाया : "जी हां !

(1)...اسنی المطالب، کتاب الطهارة، باب صفة الوضوء، فصل فی سنن الوضوء، ۱/ ۱۹۴

मगर येह उम्मत तमाम उम्मतों में से ज़ियादा रह़्म की गई है । बेशक अल्लाह عَزَّوَجَلَّ जब अपने किसी बन्दे को नमाज़ में देखता है तो उसे भी और उस के पीछे जितने लोग हों सब को बख़्श देता है, मैं इस उम्मीद पर पीछे हो गया कि इन लोगों में से किसी की त़रफ़ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ नज़रे रह़मत फ़रमाए तो मेरी भी बख़्शिश हो जाए ।"[1]

एक रिवायत के मुत़ाबिक़ उन्हों ने फ़रमाया कि मैं ने येह बात रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم से सुनी है ।

लिहाज़ा आख़िरी सफ़ों में नमाज़ पढ़ने वाला ह़दीसे पाक में बयान कर्दा मग़्फ़िरत की उम्मीद की निय्यत करे और अगली सफ़ों में अपने आगे नमाज़ पढ़ने वाले के तुफ़ैल अपनी नमाज़ के क़बूल होने की भी निय्यत करे ।

तालाब वग़ैरा पर जाने की पांच निय्यतें[2]

(1)....ज़ाहिरो बात़िन को ग़ुस्ल दूंगा । (2)....ह़बीबे ख़ुदा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की सुन्नत का इत्तिबाअ़ करूंगा । (3)....अल्लाह عَزَّوَجَلَّ

---

[1]...احیاء العلوم، کتاب اسرار الصلاۃ، الباب الخامس فضل الجمعۃ...الخ، بیان آداب الجمعۃ...الخ، ۱/۲۴۸

[2]....मौजूदा दौर में तालाब वग़ैरा तो उ़मूमन नहीं पाए जाते अलबत्ता स्विमिंग पुल्ज़ वग़ैरा बनाए जाते हैं जहां आ़म त़ौर पर सत्रपोशी का एहतिमाम बहुत कम होता है, लोग ! مَعَاذَاللہ नीकरें और छोटी छोटी चड्डियां पहन कर नहा रहे होते हैं जिस से उन के घुटने और रानें खुली हुई होती हैं जब कि मर्द के लिये नाफ़ के नीचे से ले कर दोनों घुटनों समेत जिस्म का हिस्सा सत्र में दाख़िल है लिहाज़ा मर्द का बिला ज़रूरत इतना हिस्सा किसी को दिखाना या किसी और का देखना ह़राम और जहन्नम में ले जाने वाला काम है । फिर येह कि बा'ज़ स्विमिंग पुल्ज़ में तो ! مَعَاذَاللہ ना मह़रम मर्द व औ़रत एक साथ नहाते हैं, येह सब बे ह़याई और गुनाह के काम हैं और ऐसी जगहों में जाने की शरीअ़त में मुमानअ़त है । अलबत्ता अगर किसी जगह येह चीज़ें न हों तो पर्दे की मुकम्मल रिआ़यत करते हुए बयान कर्दा निय्यतों के साथ स्विमिंग कर सकते हैं । (अज़ अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या)

की इताअ़त व फ़रमां बरदारी पर कुव्वत ह़ासिल करूंगा। (4)....अगर मुझ से कोई ऐसी जगह धुलने से रह गई जिस का धोना सुन्नत या ज़रूरी था उसे धोऊंगा। (5)....वहां बैठे लोगों के दिलों में ख़ुशी दाख़िल करूंगा। इन के इ़लावा जो भी अच्छी निय्यतें **अल्लाह** तआ़ला बन्दे को सिखाए वोह निय्यतें की जा सकती हैं।

दर्स में ह़ाज़िरी की छ निय्यतें

(1)....दर्स की मुफ़ीद बातों पर अ़मल करूंगा। (2)....दर्स सुन कर लोगों तक पहुंचाऊंगा। (3)....तवज्जोह और ख़ामोशी के साथ सुनूंगा ताकि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ मुझे इस की समझ अ़ता फ़रमाए। (4)....दर्स देने वाले मशाइख़ से इमदाद त़लब करूंगा। (5)....**अल्लाह** तआ़ला की नवाज़िशात ह़ासिल करूंगा। (6)....अपने ख़यालात को जिला बख़्शूंगा।

मुसलमान भाइयों को नसीह़त करने की सात निय्यतें

(1)....अपने आप को और सामने वाले को नफ़्अ़ पहुंचाऊंगा। (2)....इस निय्यत से नसीह़त करूंगा कि **अल्लाह** तआ़ला मुझे मेरे ऐ़बों से आगाह फ़रमाए। (3)....हर लिह़ाज़ से इस के ज़रीए़ फ़ाएदा और इमदाद त़लब करूंगा। (4)....बुज़ुर्गाने दीन के त़रीक़े की पैरवी करूंगा। (5)....इ़ल्म और त़ालिबाने इ़ल्म की ख़िदमत करूंगा। (6)....नसीह़त के राइज निज़ाम की ह़िफ़ाज़त करूंगा। (7)....इस ज़िम्मेदारी को निभाने का शुऊ़र बेदार करूंगा।

मसाइल लिखने की तीन निय्यतें

(1)....इ़ल्म, इस के मसाइल और इस की बारीकियों की ह़िफ़ाज़त

करूंगा। (2)....इस निय्यत से लिखूंगा कि जो इन से वाक़िफ़ होगा वोह इन से नफ़्अ़ उठाएगा। (3)....यूं येह मेरे लिये सदक़ए जारिय्या हो जाएगा।

वुज़ू की छ निय्यतें

(1)....**अल्लाह** तआ़ला के हुक्म को बजा लाऊंगा। (2)....इस निय्यत से वुज़ू करूंगा कि **अल्लाह** करीम मुझे बाबे वुज़ू से जन्नत में दाख़िल फ़रमाए। (3)....वुज़ू की सुन्नतें अदा करूंगा। (4)....येह निय्यत रखूंगा कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ मेरा ह़श्र उन लोगों के साथ फ़रमाए जिन के मुंह और हाथ आसारे वुज़ू से चमकते होंगे। (5)....नमाज़ पढ़ने की निय्यत से वुज़ू करूंगा। (6)....और येह कि इस की बरकत से **अल्लाह** तआ़ला मुझे ज़ाहिरी व बातिनी गुनाहों से पाक फ़रमाएगा।

वुज़ू करते वक़्त की दुआ़एं

यहां ह़ुज्जतुल इस्लाम ह़ज़रते सय्यिदुना इमाम मुह़म्मद बिन मुह़म्मद ग़ज़ाली عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْوَالِي की किताब "इह़याउल उ़लूमिद्दीन" से वुज़ू के बारे में वारिद दुआ़एं दर्ज की जातीं हैं

वुज़ू शुरूअ़ करते वक़्त की दुआ़ :

اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُبِكَ مِنْ هَمَزَاتِ الشَّيٰطِيْنِ وَاَعُوْذُبِكَ رَبِّ اَنْ يَّحْضُرُوْنِ

या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मैं शयातीन के वस्वसों से तेरी पनाह चाहता हूं और ऐ मेरे रब ! इन के मेरे पास ह़ाज़िर होने से तेरी पनाह मांगता हूं।

दोनों हाथ धोते वक़्त की दुआ़ :

اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُكَ الْيُمْنَ وَالْبَرَكَةَ وَاَعُوْذُبِكَ مِنَ الشُّؤْمِ وَالْهَلَكَة

या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मैं तुझ से बरकत का सुवाल करता हूं और बद बख़्ती व हलाकत से तेरी पनाह मांगता हूं।

कुल्ली करते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ اَعِنِّیْ عَلٰی تِلَاوَةِ كِتَابِكَ وَكَثْرَةِ الذِّكْرِ لَكَ या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! अपनी किताब की तिलावत और अपने ज़िक्र की कसरत पर मेरी मदद फ़रमा।

नाक में पानी पहुंचाते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ اَوْجِدْنِیْ رَائِحَةَ الْجَنَّةِ وَاَنْتَ عَنِّیْ رَاضٍ या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मेरे लिये जन्नत की ख़ुश्बू बना दे और तू मुझ से राज़ी हो।

नाक साफ़ करते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُبِكَ مِنْ رَّوَائِحِ النَّارِ وَمِنْ سُوْءِ الدَّارِ या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मैं जहन्नम की बदबूओं और बुरे घर (दोज़ख़) से तेरी पनाह मांगता हूं।

चेहरा धोते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ بَیِّضْ وَجْهِیْ بِنُوْرِكَ یَوْمَ تَبْیَضُّ وُجُوْهُ اَوْلِیَائِكَ وَلَا تُسَوِّدْ وَجْهِیْ بِظُلُمَاتِكَ یَوْمَ تَسْوَدُّ وُجُوْهُ اَعْدَائِكَ

या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! जिस दिन तेरे औलिया के चेहरे रोशन होंगे उस दिन अपने नूर से मेरे चेहरे को भी रोशन फ़रमा देना और जिस दिन तेरे दुश्मनों के चेहरे सियाह होंगे उस दिन सियाही से मेरा चेहरा सियाह न फ़रमाना।

सीधा हाथ धोते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ اَعْطِنِیْ كِتَابِیْ بِیَمِیْنِیْ وَحَاسِبْنِیْ حِسَابًا یَّسِیْرًا या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मुझे मेरा नामए आ'माल दाहने (सीधे) हाथ में देना और मुझ से आसान हिसाब करना।

उल्टा हाथ धोते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُبِكَ اَنْ تُعْطِیَنِیْ كِتَابِیْ بِشِمَالِیْ اَوْمِنْ وَّرَاءِ ظَهْرِیْ या'नी ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मैं इस बात से तेरी पनाह चाहता हूं कि तू मुझे मेरा आ'माल नामा बाएं (उल्टे) हाथ में या पीठ के पीछे से दे।

सर का मस्ह करते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ اَغْشِنِیْ بِرَحْمَتِكَ وَاَنْزِلْ عَلَیَّ مِنْ بَرَكَاتِكَ وَاَظِلَّنِیْ تَحْتَ ظِلِّ عَرْشِكَ یَوْمَ لَا ظِلَّ اِلَّا ظِلُّكَ

या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मुझे अपनी रह़मत से ढांप ले, मुझ पर अपनी बरकतें नाज़िल फ़रमा और मुझे उस दिन अ़र्श का साया अ़त़ा फ़रमाना जिस दिन तेरे अ़र्श के साए के सिवा कोई साया न होगा।

कानों का मस्ह करते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ اجْعَلْنِیْ مِنَ الَّذِیْنَ یَسْتَمِعُوْنَ الْقَوْلَ فَیَتَّبِعُوْنَ اَحْسَنَهٗ اَللّٰهُمَّ اَسْمِعْنِیْ مُنَادِیَ الْجَنَّةِ مَعَ الْاَبْرَارِ

या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मुझे उन में से बना दे जो बात सुन कर अच्छी बात पर अ़मल करते हैं। ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मुझे नेक लोगों के साथ जन्नत के मुनादी की आवाज़ सुना।

गर्दन का मस्ह करते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ فُكَّ رَقَبَتِیْ مِنَ النَّارِ وَاَعُوْذُبِكَ مِنَ السَّلَاسِلِ وَالْاَغْلَالِ या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मेरी गर्दन आग से आज़ाद फ़रमा और मैं जहन्नम के तौ़क़ और ज़न्जीरों से तेरी पनाह मांगता हूं।

सीधा पाउं धोते वक़्त की दुआ :

اَللّٰهُمَّ ثَبِّتْ قَدَمِیْ عَلَی الصِّرَاطِ الْمُسْتَقِیْمِ یَوْمَ تَزِلُّ الْاَقْدَامُ فِی النَّارِ या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मुझे उस दिन पुल सिरात़ पर साबित क़दमी अ़त़ा फ़रमा जिस दिन उस पर क़दम जहन्नम की त़रफ़ फिसलेंगे।

उल्टा पाउं धोते वक़्त की दुआ :

اَعُوْذُبِكَ اَنْ تَزِلَّ قَدَمِیْ عَنِ الصِّرَاطِ یَوْمَ تَزِلُّ فِیْهِ اَقْدَامُ الْمُنَافِقِیْنَ या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! जिस दिन पुल सिरात़ पर मुनाफ़िक़ीन के क़दम फिसल रहे होंगे उस दिन मैं अपने क़दम फिसलने से तेरी पनाह मांगता हूं।

वुज़ू के बा'द की दुआ

वुज़ू के बा'द येह दुआ पढ़े :

اَشْهَدُ اَنْ لَّا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَاَشْهَدُ اَنَّ
مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ سُبْحٰنَكَ اللّٰهُمَّ وَبِحَمْدِكَ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ عَمِلْتُ سُوْءًا وَّ ظَلَمْتُ
نَفْسِيْ اَسْتَغْفِرُكَ اَللّٰهُمَّ وَاَتُوْبُ اِلَيْكَ فَاغْفِرْلِيْ وَتُبْ عَلَيَّ اِنَّكَ اَنْتَ التَّوَّابُ الرَّحِيْمُ اَللّٰهُمَّ
اجْعَلْنِيْ مِنَ التَّوَّابِيْنَ وَاجْعَلْنِيْ مِنَ الْمُتَطَهِّرِيْنَ وَاجْعَلْنِيْ مِنْ عِبَادِكَ الصَّالِحِيْنَ
وَاجْعَلْنِيْ عَبْدًا صَبُوْرًا شَكُوْرًا وَّاجْعَلْنِيْ اَذْكُرُكَ كَثِيْرًا وَّاُسَبِّحُكَ بُكْرَةً وَّاَصِيْلًا۔

या'नी मैं गवाही देता हूं कि अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के सिवा कोई मा'बूद नहीं, वोह अकेला है उस का कोई शरीक नहीं और मैं गवाही देता हूं कि ह़ज़रत मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के बन्दे और रसूल हैं । ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! तेरे लिये पाकी है और तेरी ही ता'रीफ़ है, तेरे सिवा कोई मा'बूद नहीं, मैं ने बुराई की और अपनी जान पर ज़ुल्म किया। ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मैं तुझ से मग़्फ़िरत का त़लबगार हूं और तेरी बारगाह में तौबा करता हूं, पस मेरी मग़्फ़िरत फ़रमा और मेरी तौबा क़बूल फ़रमा तू बहुत ज़ियादा तौबा क़बूल करने वाला, रह़्म फ़रमाने वाला है। ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मुझे तौबा करने वालों, पाक लोगों में कर दे, मुझे अपने नेक बन्दों में शामिल फ़रमा, मुझे साबिरो शाकिर बन्दा बना, मुझे ऐसा बना दे कि कसरत से तेरा ज़िक्र करूं और सुब्ह़ो शाम तेरी पाकी बयान करता रहूं।

वुज़ू के बा'द वाली दुआ की फ़ज़ीलत

मन्क़ूल है कि जिस ने वुज़ू के बा'द येह कलिमात कहे उस के वुज़ू पर मोहर लगा दी जाएगी और उसे अ़र्श के नीचे बुलन्द कर दिया जाएगा। वोह हमेशा अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की तस्बीह़ो तक़्दीस बयान करता रहेगा और वुज़ू करने वाले के लिये इस का सवाब क़ियामत तक लिखा जाता रहेगा।(1)

(1)...احیاء العلوم، کتاب اسرار الطهارة، القسم الثانی فی طهارة الاحداث، کیفیة الوضوء، ۱/۱۸۳، ۱۸۴

नया कपड़ा पहनने की छ निय्यतें

(1)....अपना सत्र छुपाऊंगा। (2)....ने'मत का इज़हार करूंगा। (3)....**अल्लाह** तआ़ला के लिये ह़म्दो शुक्र बजा लाऊंगा। (4)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के लिये आ़जिज़ी व इन्किसारी करूंगा। (5)....किसी पर भी तकब्बुर नहीं करूंगा। (6)....उन ह़ुल्लों (मल्बूसात) को याद करूंगा जो **अल्लाह** तआ़ला अहले जन्नत को पहनाएगा ताकि उन के ह़ुसूल के लिये अपने नफ़्स को अच्छा करूं फिर मेरा नफ़्स मुझे नेक आ'माल पर उभारेगा यहां तक कि मैं भी जन्नती हो जाऊं।

नया कपड़ा पहनने की दुआ़

اَللّٰهُمَّ لَكَ الْحَمْدُ اَنْتَ كَسَوْتَنِيْهِ اَسْاَلُكَ مِنْ خَيْرِهٖ وَخَيْرِ مَاصُنِعَ لَهٗ وَاَعُوْذُبِكَ مِنْ شَرِّهٖ وَشَرِّ مَاصُنِعَ لَهٗ

या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! तेरे लिये ही सब ता'रीफ़ें हैं, तू ने मुझे येह पहनाया है, मैं तुझ से इस की भलाई और जिस मक़्सद के लिये येह बनाया गया है उस की भलाई का सुवाल करता हूं और मैं इस की बुराई से और जिस मक़्सद के लिये येह बनाया गया है उस की बुराई से तेरी पनाह मांगता हूं।

नया कपड़ा पहनने वाले को दुआ़

नया कपड़ा पहनने वाले को यूं दुआ़ दी जाए : تُبْلِىْ وَيُخْلِفُ اللّٰهُ تَعَالٰى या'नी आप इस को पुराना कीजिये और **अल्लाह** तआ़ला इस के बा'द दूसरा नसीब फ़रमाए।[1]

बाज़ार जाने की नव निय्यतें

(1)....ग़ाफ़िलों में **अल्लाह** तआ़ला का ज़िक्र करूंगा। (2)....जिस से मुलाक़ात हुई उसे सलाम करूंगा। (3)....रिज़्क़ त़लब करूंगा। (4)....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ने'मतें देखूंगा और उन पर शुक्र अदा करूंगा।

[1]...ابو داود، کتاب اللباس، باب مایقول اذا لبس ثوبا جدیدا، ۴/ ۵۹، حدیث: ۴۰۲۰

(5)....हुज़ूर नबिय्ये पाक صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की इक़्तिदा व पैरवी करूंगा। (6)....नेकी का हुक्म दूंगा और बुराई से मन्अ़ करूंगा। (7)....कमज़ोर की मुआ़वनत करूंगा। (8)....मज़लूम की मदद करूंगा। (9)....बुराई को ख़त्म करूंगा वरना कम अज़ कम दिल में बुरा जानूंगा।

बाज़ार में दाख़िले की दुआ़

बाज़ार में दाख़िल हों तो येह पढ़ें :

لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ
الْحَمْدُ يُحْيِيْ وَيُمِيْتُ وَهُوَ حَيٌّ لَّا يَمُوْتُ بِيَدِهِ الْخَيْرُ كُلُّهٗ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ

